डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

आश्विन कृष्ण पक्ष 1-2, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 19 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-335, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10




**सेंसेक्स**
82,948.23 -131.43

**डॉलर**
83.725 -0.071

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 73,380
01 किलो 88,610

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## पलामू में 53 नेताओं ने कांग्रेस से मांगा विधानसभा का टिकट

**पार्टी कर रही है जन आंदोलन में भागीदारी का आकलन**

**कुछ नेता खुद को पार्टी से भी बड़ा मानते हैं : जिलाध्यक्ष**

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने रायशुमारी के माध्यम से चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले नेताओं से आवेदन आमंत्रित किया है। पलामू जिला के पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 53 नेताओं ने अपना बायोडाटा पार्टी पर्यवेक्षक को सौंपी हैं। सीट शेयरिंग पर अभी तक इंडिया गठबंधन में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। गठबंधन के प्रमुख घटक दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), किस सीट पर चुनाव लड़ेंगे, यह तय किया जाना बाकी है। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने बताया कि कांग्रेस पार्टी इस बार उन्हीं नेताओं को टिकट देगी जो न सिर्फ चुनाव लड़ने के



लिए इच्छुक हैं, बल्कि पार्टी के जन आंदोलनों में भी सक्रिय रहे हैं। उन्होंने इस संदर्भ में बताया कि पार्टी के कुछ नेता खुद को पार्टी से भी बड़ा मानते हैं और हर चुनाव में टिकट की मांग करते हैं। ऐसे नेताओं पर पार्टी की विशेष नजर है, और उनकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। पार्टी ऐसे नेताओं का मूल्यांकन करेगी जो केवल टिकट पाने के लिए पार्टी में बने हुए हैं। पार्टी ऐसे नेताओं का शेष पृष्ठ 11 पर

## सोन नदी के टीले पर फंसे 17 लोगों का रेस्क्यू, एसडीओ ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला गांव स्थित सोन नदी में आई बाढ़ से टीला पर फंसे 17 लोगों को सोन नदी के टीले से सुरक्षित निकालने का सफल रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार गुप्ता, एएसआई अखिलेश कुमार की देखरेख में इस ऑपरेशन को



अंजाम दिया गया। पुलिस बल के साथ देवरी ओपी के एएसआई अखिलेश कुमार के साथ स्थानीय सहयोग समिति के सचिव अनिल चौधरी, उपेंद्र चौधरी, धनंजय चौधरी, वचन चौधरी ने डीजल मोटर चालित नाव की सहायता से सभी फंसे हुए लोगों को सुरक्षित वापस लाया। रेस्क्यू किए गए लोगों में देवरी कला गांव की पूनम देवी, विनोद चौधरी, गीता देवी, गुलाबी देवी,मालती देवी, सीमा देवी, कबूतरी देवी के अलावा सात वर्षीय राजू कुमार व पांच वर्षीय शिवानी कुमारी शामिल हैं। वापस लौटे लोगों ने इस सफल अभियान के लिए शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### गृह मंत्री कल भोगनाडीह से परिवर्तन यात्रा की करेंगे शुरूआत

**रांची।** झारखंड में कभी भी विधानसभा चुनाव का ऐलान हो सकता है। इसके मद्देनजर भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह 20 सितंबर को साहिबगंज के भोगनाडीह से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करेंगे, जो कि तीन अक्टूबर तक चलेगा। यह यात्रा पूरे प्रदेश में 200 से अधिक प्रखंडों से गुजरती हुई लगभग 5,400 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर यह यात्रा गुजरेगी। कार्यक्रम में पार्टी के कई राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल होंगे। परिवर्तन यात्रा में केंद्रीय सड़क-परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, ओडिश के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी समेत कई नेता शामिल होने वाले हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी जहां 22 सितंबर को झारखंड आने वाले हैं, वहीं स्मृति ईरानी 23 सितंबर को, 28 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उसी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आने वाले हैं। योगी आदित्यनाथ का जहां 21, 22, 24, 26 और 30 सितंबर को दौरा है, वहीं 24 सितंबर को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का खूंटी और विष्णुदेव साय की सिमडेगा में सभा है।

## आज | कल

**तीसरी आंख**




# 20 लाख नया राशन कार्ड, 200 यूनिट बिजली फ्री : मुख्यमंत्री

- पिछले चार वर्षों में हमारी सरकार ने हर क्षेत्र विकास की लम्बी लकीर खींची
- हमारी सरकार खुले बाजार से भी अनाज खरीद कर राशन वितरण करती है
- 5 वर्ष में राज्य के सभी 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास दिया जाएगा
- मुख्यमंत्री ने दुमका व जामताड़ा को लगभग 875 करोड़ रुपये की दी सौगात



**जामताड़ा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींची है। राज्य सरकार ने 20 लाख नया हरा राशन कार्ड बनाकर गरीबों के बीच बांटने का काम किया। वहीं राज्य में बिजली उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक बिजली फ्री किया और 200 यूनिट तक के पुराने बकाया बिजली बिल को माफ किया। मुख्यमंत्री बुधवार को जामताड़ा जिला के कुंडहित प्रखंड अंतर्गत धनुकडीह मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के समय राज्य की दीदियों ने गांव-गांव, टोला-टोला में खाना बनाकर लोगों को खिलाने का काम किया था। कोरोना संक्रमण काल में हमारी दीदियों की भूमिका अहम थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने उसी समय यह संकल्प लिया था कि दीदियों को राज्य सरकार अवश्य मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना ऐसी योजना है, एक ऐसा कदम है जो महिला सशक्तिकरण में इस राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चल रही है, रांची हेडक्वार्टर से नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खुले बाजार से भी अनाज खरीद कर राशन वितरण करती है। इस राज्य के गरीब लोगों को आवास देने के लिए हम लोगों ने तीन वर्ष तक केंद्र सरकार से आग्रह करते रहे, लेकिन गरीबों का आवास आवंटन नहीं हुआ अंततः हमने निर्णय लिया और राज्य के गरीब लोगों को अब हमारी सरकार अबुआ आवास देगी। आने वाले 5 वर्ष के अंदर सभी 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास से आच्छादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी सहयिका, सेविका, जल सहिया सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों समस्याओं एवं परेशानियों का समाधान करने का कार्य किया है।

### कल झारखंड कैबिनेट की बैठक

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 20 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम 4 बजे प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट बैठक आयोजित की जाएगी। कहा जा रहा है इस बैठक में हेमंत सोरेन सरकार जनहित के लिए कई अहम फैसला करेगी।

## 5 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सली संगठन जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर शिवराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। नक्सली शिवराज पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित था। उस पर लातेहार जिले के अलावे अन्य जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में 13 से अधिक नक्सली हिंसा के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार नक्सली लातेहार सदर थाना क्षेत्र के भैंसमारा गांव का रहने वाला है। लातेहार एसपी गौरव कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड जन मुक्ति परिषद का हार्डकोर नक्सली सबजोनल कमांडर शिवराज सिंह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने को लेकर लातेहार थाना क्षेत्र में कोने गांव के जंगल में अपने साथियों के साथ कुछ दिनों से भ्रमण कर रहा है। सूचना मिली कि दुबियाही गांव के पास हो रहे फुटबॉल मैदान के पास ही वो खड़ा है. सूचना के बाद एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और उग्रवादियों के खिलाफ छापेमारी की गई। पुलिस जैसे ही फुटबॉल मैदान के पास पहुंची तो पुलिस को देखकर शिवराज सिंह भगाने का प्रयास करने लगा, परंतु पुलिस ने उसे धर दबोचा, जब उसकी छानबीन की गई तो पता चला कि गिरफ्तार उग्रवादी शिवराज सिंह है। प्रेस वार्ता में डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली शिवराज सिंह कई नक्सली घटनाओं का अभियुक्त रहा है। अभी तक जो जानकारी मिली है उसके अनुसार उस पर विभिन्न थाना क्षेत्र में 13 मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि शिवराज सिंह अपने दस्ते के साथ किसी हिंसा घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था, परंतु पुलिस ने उसकी योजना को विफल कर दिया। गिरफ्तार नक्सली को न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। इसके बाद कई अन्य मामले सामने आ सकते हैं। छापेमारी अभियान में पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा, भगीरथ पासवान, देवेंद्र कुमार, रंजन कुमार पासवान, सुरेंद्र कुमार महतो समेत अन्य पुलिस अधिकारियों के भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## आयोग की मीटिंग में गैरहाजिर रहे अधिकारी, समन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने पलामू के डीसी, एसपी और डीएफओ को समन जारी कर तनों पदाधिकारियों को 20 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक आयोग के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया है। आयोग की सदस्य आशा लकड़ा मंगलवार को पलामू दौरे पर थीं। उन्होंने समाहरणालय परिसर में बैठक आयोजित की थी। बैठक का उद्देश्य आदिवासी समाज की समस्याओं पर चर्चा करना और उनके समाधान के उपाय खोजना था। महत्वपूर्ण बैठक में जिले के



डीसी, एसपी व डीएफओ उपस्थित नहीं हुए। इसके अलावा, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास अधिकारियों ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति के बजाय केवल कंप्यूटर ऑपरेटर व अन्य कर्मियों को भेज दिया। आयोग की सदस्य आशा लकड़ा के अनुसार यह एक गंभीर लापरवाही है। इस स्थिति को देखते हुए आयोग ने डीसी, एसपी और डीएफओ को समन जारी कर 20 सितंबर तक आयोग में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

## पलामू में एनएच-75 पर फायरिंग, दो युवकों को लगी गोली

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों को गोली लगने की घटना सामने आई है। दोनों घायल युवकों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में गंभीर हालत में भर्ती करवाया गया, बाद में उन्हें एक बड़े निजी नर्सिंग होम में रेफर किया गया। घटना बुधवार रात करीब 9 बजे की है। घायल युवक उदित प्रसाद और मंटू चौरसिया, चैनपुर थाना क्षेत्र के पथरा इलाके के निवासी हैं। यह दोनों पड़वा थाना क्षेत्र से अपने घर लौट रहे थे, तभी सिंगरा खुर्द के पास एनएच-75 पर उन पर



फायरिंग हुई। घायल युवकों की जांघ में गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शेष पृष्ठ 11 पर

## एक देश, एक चुनाव को कैबिनेट की मंजूरी

**80 प्रतिशत से ज्यादा खासकर युवाओं ने एक साथ चुनाव कराने का पक्ष रखा**

**1951 से 1967 तक देश में एक साथ लोकसभा व विधानसभा के चुनाव होते रहे हैं**

**2015 में संसदीय समिति ने 79वीं रिपोर्ट में सरकार से दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने के तरीके सुझाने को कहा**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक देश, एक चुनाव से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने देश में केन्द्र, राज्यों और स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने से जुड़ी व्यवस्था पर अपनी सिफारिशें प्रदान की हैं। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि अब सरकार इस विषय पर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करेगी और समय आने पर इस पर संविधान संशोधन विधेयक लाया जाएगा। अश्वनी वैष्णव ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और बड़ी संख्या में पार्टियों के नेताओं ने एक देश एक चुनाव पहल का समर्थन किया है। हमारी सरकार उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने में विश्वास करती है, जो लंबे समय में लोकतंत्र और राष्ट्र को प्रभावित करते हैं। यह एक ऐसा विषय है, शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

## एक देश एक चुनाव कितना सुधार कितनी राजनीति?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

एक देश एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट को कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब केंद्र सरकार इसे शीतकालीन सत्र में संसद में लाएगी। पारंपरिक चुनाव व्यवस्था के उलट ये संविधान संशोधन वाला बिल है और इसके लिए राज्यों की सहमति भी जरूरी है। 2024 के आम चुनाव में बीजेपी ने वन नेशन वन इलेक्शन का वादा किया था।मार्च में, राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में पैनल ने अपनी 18,626 पेज वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर जोर देकर कहा था कि लगातार चुनाव देश के विकास को धीमा कर रहे थे।बीजेपी सहयोगी, जेडीयू और एलजेपी ने भी औपचारिक रूप से इस कदम का समर्थन किया है, वहीं विपक्षी दलों ने विरोध किया है। ऐसा करने से देश को न केवल लगातार चुनावों से छुटकारा मिलेगा, बार-बार आचार संहिता लगाने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं और अनावश्यक खर्च का बोझ देश पर पड़ता है। लागू होने पर एक ही समय या एक ही वर्ष में केंद्र और राज्य के प्रतिनिधियों को चुनने के लिए सभी भारतीय लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान करेंगे। यही नहीं वन नेशन वन इलेक्शन के लागू होते ही नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी साथ होंगे। वर्तमान में, केंद्र सरकार का चयन करने के साथ-साथ एक नई राज्य सरकार के लिए भी लोगा मतदान करते हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव लागू होने में अभी बाधाएं भी कई हैं। कैबिनेट से पास होने के बाद सरकार इसपर बिल लाएगी। संविधान में संशोधन और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के साथ-साथ संभवतः प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा उस संशोधन का अनुमोदन किए बिना नहीं इसे लागू नहीं किया जा सकेगा। भारत जैसे विशाल और भौगोलिक रूप से दुर्गम तथा उग्रवादियों या आतंकवादियों के कारण अशांत देश में निर्बाध रूप से निष्पक्ष चुनाव कराना एक चुनौती है।अभी गड़बड़ी वाले राज्यों में अर्द्धसैनिक बलों को बारी-बारी से सभी क्षेत्रों में भेजा जाता है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अगर देश की



जनसंख्या बढ़ी है तो तकनीक और अन्य संसाधनों का भी विकास हुआ है। इसलिए एक देश एक चुनाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इससे काले धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। एक साथ चुनाव कराने से सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों को बार-बार चुनावी ड्यूटी पर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उनका समय तो बचेगा ही और वे अपने कर्त्तव्यों का पालन भी सही तरीके से कर पायेंगे। लेकिन एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर हमारा संविधान मौन है। संविधान में कई ऐसे प्रावधान हैं जो इस विचार के बिल्कुल विपरीत दिखाई देते हैं। जैसे अनुच्छेद 2 के तहत संसद द्वारा किसी नये राज्य को भारतीय संघ में शामिल किया जा सकता है और अनुच्छेद 3 के तहत संसद कोई नया राज्य राज्य बना सकती है जहां अलग से चुनाव कराने पड़ सकते हैं।इसी प्रकार अनुच्छेद 85(2)(ख) के अनुसार राष्ट्रपति लोकसभा को और अनुच्छेद 174(2)(ख) के अनुसार राज्यपाल विधानसभा को पाँच वर्ष से पहले भी भंग कर सकते हैं। अनुच्छेद 352 के तहत युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह की स्थिति में राष्ट्रीय आपातकाल लगाकर लोकसभा का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। इसी तरह अनुच्छेद 356 के तहत राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है और ऐसी स्थिति में संबंधित राज्य के राजनीतिक समीकरण में अप्रत्याशित उलटफेर होने से वहाँ फिर से चुनाव की संभावना बढ़ जाती है। ये सारी परिस्थितियाँ एक देश एक चुनाव के नितांत विपरीत हैं।विरोधियों का यह कहना है कि कुछ विधानसभाओं के मर्जी के खिलाफ उनके कार्यकाल को बढ़ाया या घटाया जायेगा जिससे राज्यों की स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है। राष्ट्रीय मुद्दों के सामने क्षेत्रीय मुद्दे गौण हो जाएं। 1951 से 1967 तक देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। सदनों के विघटन, राष्ट्रपति शासन या यहां तक कि एक लटके विधानसभा या संसद के कारण होने वाले ब्रेक से कैसे निपटा जाए, इस पर स्पष्टता नहीं है जिस कारण 1968 से एक साथ चुनाव नहीं हुए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आगे कहा कि 'एक देश एक चुनाव' पर समिति ने 191 दिन तक काम किया और 21,558 लोगों से राय ली। 80% लोगों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसमें 47 में से 32 राजनीतिक दल भी शामिल हैं। समिति ने पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों, चुनाव आयुक्तों और राज्य चुनाव आयुक्तों से भी बात की।

## रांची में रोज हो रही चेन स्नैचिंग स्थिति चिंताजनक : हाईकोर्ट

**महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध न रुके तो यह प्रशासनिक विफलता**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में महिलाओं और बच्चों के यौन उत्पीड़न के बढ़ते मामलों पर रोक की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार के अफसरों को इस दिशा में सख्त और कारगर कदम उठाने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव, नगर विकास सचिव, बाल कल्याण एवं महिला विकास विभाग के सचिव, रांची के डीसी, एसएसपी एवं नगर आयुक्त सशरीर उपस्थित रहे।

एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एवं अरुण कुमार राय की बेंच ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध और रांची में चेन स्नैचिंग की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए मौखिक तौर पर कहा कि रांची में इस तरह की वारदात आए रोज हो रही हैं। डर से महिलाएं नकली जेवर पहनने लगी हैं लेकिन छिनतई करने वाले नकली जेवर देखकर उनकी पिटाई कर देते हैं। अगर इन पर रोक नहीं लगती है तो जिला एवं पुलिस प्रशासन की नाकामी मानी जाएगी। कोर्ट ने स्कूल बसों में बच्चों के साथ, महिला शिक्षकों की ड्यूटी लगाने या महिला कंडक्टर की तैनाती करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे बच्चों को सुरक्षा मिल पाएगी।

**स्कूल प्रबंधन से बैठक कर बनाएंगे एसओपी : गृह सचिव**

गृह सचिव ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि स्कूली बच्चे सुरक्षित रूप से घर से स्कूल और स्कूल से घर पहुंचे, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी स्कूलों के प्रबंधन के साथ बैठक की जाएगी। महिलाओं के प्रति अपराध की घटनाओं पर शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### फंदे से झूलते महिला का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के शिलापर निवासी मनोज चौधरी की पत्नी रिंकी देवी(40) के शव को पुलिस ने उसके घर में फांसी के फंदे से झूलते हुए बुधवार की सुबह बरामद किया है। इसके साथ ही घटना की छानबीन में जुटी है। एसआइ सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि शव को अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है।अंत्यपरीक्षण रिपोर्ट और इस मामले में लिखित शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**हुसैनाबाद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेशानुसार आगामी 2 अक्टूबर तक पूरे देश में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एके सिंह कॉलेज जपला के द्वारा गोद लिए हुए गांव कोरियाडीह में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी पलामू जिला का नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों एवं अन्य सभी ग्रामीणों को स्वभाव में स्वच्छता लाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही ग्रामीणों से यह निवेदन किया कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें ,गांव में स्वच्छ वातावरण रखें;हमारा गांव प्रदूषण मुक्त रहे,ताकि हम शुद्ध हवा ले सकें और स्वस्थ्य रहें।

### लगातार हुई बारिश ने मचायी तबाही

# सैकड़ों एकड़ में फसलें जलमग्न, कई घरों में घुसा पानी, सड़कें हुई क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बुधवार को मौसम साफ हो गया है। धूप भी निकली। मगर शनिवार की दरम्यानी रात से मंगलवार की रात तक चार दिनों में ननस्टॉप कभी मूसलाधार कभी रिमझिम बारिश से कोयल और इसकी सहायक नदियों काशीसोत, राजबारा और अन्य के उफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा।इससे इसके तटवर्ती खासकर, कोयल-काशीसोत संगम स्थल पर दोनों किनारे के हजारों एकड़ में बाढ़ के पानी से मकई और धान सहित खरीफ फसल प्रभावित हो गई हैं। वहीं तटवर्ती सहारबिहरा में बाढ़ का पानी समा जाने से कम से कम 100 एकड़ में धान की फसल डूब गई।

**जल स्तर में कमी से राहत :** ग्रामीण कौशलेंद्र शर्मा ने बताया कि उनके अलावा केके शर्मा, गोपाल शर्मा, मानिकचंद शर्मा, फुलेंद्र शर्मा, सुधीश शर्मा, विनोद शर्मा, पंकज शर्मा साधु व अन्य कई किसानों को इससे भारी नुकसान पहुंचा है। पंसा में बाढ़ के समा जाने से 300 बीघा में धान की लहलहाती फसल के डूबे जाने से किसानों को भारी क्षति पहुंची है। पंसस सह उप प्रमुख नगीना कुमार सिंह ने बताया कि फसलों के साथ ही लल्लू मेहता, दशरथ मेहता, गुड्डू मेहता, बिगन मेहता और राजदेव मेहता सहित अन्य कई लोगों के घरों में पानी भी समा गया था। हालांकि अब हालात बदल गया है। नदियों के जल स्तर में काफी कमी आ गई।

**तटबंध निर्माण ही बाढ़ से बचाव का विकल्प :** ग्रामीणों का कहना है कि कोयल नदी का बाढ़ सहारबिहरा गांव के लिए सदा से अभिशाप बन गया है। इसके बावजूद इससे बचाव के लिए तटबंध निर्माण की वर्षों पुरानी मांग पूरी नहीं की गई। हालांकि भजनियां से पोटो तक और इससे वर्षों पहले बराज से काशीसोत नदी तक तटबंध निर्माण किया गया है। ऐसी स्थिति में कोल्हुआ से पंसा तक के गांवों पर बाढ के खतरा बना हुआ रहता है।

#### मुआवजा दिलाने का आग्रह किया

बराज प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश के अनुसार अब बराज का 30 गेट खोला गया है। इससे 1.73 लाख क्यूसेक पानी कोयल नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। जिला पार्षद अंजू देवी, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह और युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने बाढ़ से फसलों और घरों को हुई क्षति का आंकलन कर प्रभावित किसान और परिवार को यथाशीघ्र उचित मुआवजा दिलाने का आग्रह संबंधित अधिकारियों से किया है।

### बी मोड़ ग्रिड से बिजली आपूर्ति करने की मांग

**मोहम्मदगंज।** पूर्व जिला परिषद सदस्या उषा देवी के प्रतिनिधि युवा समाजसेवी धीरेंद्र बैठा ने बिजली आपूर्ति की लचर स्थिति में बी मोड़ ग्रिड से हुसैनाबाद क्षेत्र को आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल की भारी बारिश में पचंबा ग्रिड से 33 हजार लाइन में कई जगह क्षति पहुंचने की वजह से बीते 72 घंटे से इस क्षेत्र को पर्याप्त बिजली आपूर्ति संभव नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में बी मोड़ ग्रिड से जुड़े मोहम्मदगंज सब स्टेशन के माध्यम से इस क्षेत्र को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत आपूर्ति की जा सकती है। जैसा कि पचंबा में ग्रिड बनने से पहले उसी ग्रिड से बिजली आपूर्ति होती रही थी। इसके लिए केवल पेट्रोलिंग कर बी मोड़ फीडर लाइन की स्थिति की जांच की आवश्यकता भर है। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से इसकी सुविधा बहाल करने की जरूरत पर बल दिया है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को वर्तमान स्थिति में बिजली का अभाव नहीं झेलना पड़ेगा।

## न्यूज बॉक्स

### बारिश से मिट्टी के कई घर क्षतिग्रस्त आवास योजना का लाभ देने की मांग उठी

**मोहम्मदगंज।** बारिश ने अंतिम रात कई गरीबों को आशियाना विहीन भी बना दिया है। शुरूआत में शिलापर के उमेश यादव, माली के मनोज कुमार के मिट्टी के घर बारिश से क्षतिग्रस्त हो गए थे। जबकि मंगलवार की बारिश में भजनियां पंचायत के पिपराबांध गांव में बारिश का पानी भर जाने से पूरा गांव तालाब बन गया था, जिससे खपरैल के कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। प्रभावित ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गांव के प्रभावितों में बिगन रजवार, कृष्णा रजवार, राजकुमार रजवार और अन्य कई नाम शामिल हैं। राकांपा प्रखंड अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह और आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति सदस्य मनजीत मेहता ने प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ से हुई क्षति का आंकलन कर उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग है। वहीं, मोहम्मदगंज की पंसस ममता देवी और युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने बताया कि टोला राजनडीह के सुमित्रा देवी व झरिवा के बिहारी मेहता के घर जोरदार वर्षा के कारण घर गिर गया है। सुमित्रा देवी के घर का बचा हुआ हिस्सा भी जर्जर स्थिति में है। यह कभी भी गिर सकता है। उन्होंने कहा बारिश से इनके अलावा अन्य कई परिवार को हुई क्षति पहुंची है, जिसका आंकलन करते हुए ऐसे परिवार को प्राथमिकता के आधार पर आवास योजना का लाभ जाना चाहिए।

### चोरी के नौ सोलर प्लेट व दो बैट्री के साथ एक गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कृषि कार्य के लिए लगाये गये सोलर प्लेट सहित अन्य उपकरण के साथ एक चोर को पकड़ने मे सफलता हासिल की है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि दिनांक 07अगस्त 2024 को ग्राम- महुअरी में 03 अदद सोलर प्लेट एवं स्टार्टर चोरी हुई थी। इस मामले में अज्ञात चोरों के विरूद्ध कांड अंकित किया गया था। साथ ही पूर्व एवं वर्तमान में कृषि कार्य हेतू ग्रामीण क्षेत्र में लगाये गये सोलर प्लेट चोरी होने के संबंध में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निदेशानुसार हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। छापामारी दल के द्वारा दौरान कुन्दन कुमार को ग्राम-हसनपुर थाना नवीनगर जिला औरंगाबाद, बिहार को एक सोलर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसे स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर चोरी का 09 सोलर प्लेट एवं 02 ट्रैक्टर का बैट्री बरामद किया गया है। इस छापामारी दल में थाना प्रभारी के अलावा अनंत कुमार सिंह, नर्वदेश्वर सिंह व कालिका राम अनुसंधानकर्ता आदि शामिल थे।

### विधायक ने अंग वस्त्र और कंबल का किया वितरण

**पांकी।** थाना के समीप मंगलवार को पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74 जन्म दिवस पर जरूरतमंद के बीच अंगवस्त्र और कंबल का वितरण किया। इस दौरान विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विश्व स्तर पर भारत की ख्याति को बढ़ाई है। मौके पर, पांकी अंचलाधिकारी राज कुंवर सिंह, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, महामंत्री श्यामनंदन ओझा, अनुज सिंह, तेतरी देवी, जयकिशोर प्रसाद, संतोष वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नावाबाजार के रजदिरीया गांव से ट्रैक्टर की चोरी

**नावा बाजार।** थाना स्थित राजदिरिया गांव से राजकुमार सिंह घर के दरवाजे पर खड़ा ट्रैक्टर हल लगा जेएच 03एबी 3167 चोरी हो गई। चोरी की घटना की जानकारी नावाबाजार थाना को वाहन मालिक राजकुमार सिंह के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। पुलिस अपने स्तर से बरामदगी को लेकर कार्य कर रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वाहन मालिक के द्वारा भी काफी खोजबीन की जा रही है। चिंटू कुमार ने कहा कि चोर बहुत जल्द गिरफ्त में होंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा छानबीन की जा रही है।

## आमरण अनशन पर बैठे राजद नेता, पुलिस पर झूठा मुकदमा करने का लगाया आरोप

**नवीनमेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के उसुर्ला गांव निवासी राजद नेता सह पूर्व जिला सचिव महेंद्र यादव सोमवार से विश्रामपुर डाक बंगला परिसर में आमरण अनशन पर बैठे हैं। इनका कहना है कि पुलिस प्रशासन के द्वारा झूठ मुकदमे में इन्हें परेशान किया जा रहा है। जबकि इनकी संलिप्तता उसमें कहीं भी नहीं रही है। इसकी जानकारी पलामू एसपी व डीआईजी को भी लिखित दिया है। बावजूद गिरफ्तारी को लेकर घर पर इश्तिहार चिपकाए जा रहे हैं। महेंद्र यादव सदर एसडीओ को लिखित आवेदन देते हुए सोमवार से विश्रामपुर डाक बंगला परिसर में आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। इनके साथ दुखन यादव, हरकेश कुमार, विनय महाजन, महेंद्र चंद्रवंशी, असलम चूड़ीफरोस, इम्तियाज अंसारी, सरयू यादव, सिराजुद्दीन अंसारी, निर्भय कुमार यादव, शैलेंद्र कुमार यादव, गुड्डू कुमार, अनिल कुमार, मंटू यादव, अखिलेश यादव सहित उनके सगे संबंधी व राजद के कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

## सूर्य मन्दिर परिसर में छठ पूजा सेवा समिति ने की बैठक, लिए गए कई निर्णय

- छठ घाट का कराया जाएगा निर्माण, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन के समीप कररबार नदी के तट पर अवस्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में छठ पूजा सेवा समिति काजरात के सदस्यों ग्रामीणों व जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक की गई। इसके पूर्व उपस्थित लोगों ने क्षतिग्रस्त घाट का निरीक्षण किया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की इस वर्ष छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। तत्पश्चात कमिटी के सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावे क्षतिग्रस्त हुए घाट को यथा शीघ्र बनाने या नया घाट बनाने की बात कही। छठ पूजा सेवा समिति के सदस्य रामाकांत यादव, अजीत प्रजापति, धनंजय राम, मिथलेश प्रजापति आदि ने कहा की आस्था के महान पर्व छठ आने को है और इस महोत्सव मे प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उक्त छठ घाट से भगवान भास्कर को अर्घ अर्पित करते हैं. इसलिए घाट को बनवाना बहुत जरूरी है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं पूर्व मुखिया रामलखन यादव एवं समाजसेवी बीगन प्रजापति ने छठ पूजा सेवा समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि छठ महापर्व से पूर्व उक्त घाट को बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर रामाकांत यादव, धनंजय राम,अजीत प्रजापति, पूर्व मुखिया सह समाजसेवी राम लखन यादव, बिगन प्रजापति, कृष्णा यादव, जितेंद्र सिंह, ललन मेहता, हरिराम यादव, उदय प्रजापति, श्रीराम यादव, मिथलेश प्रजापति, सुधीर कुमार, कृष्णा मेहता, विश्वनाथ सिंह, कईल राम, नगेशर भगत, रामजनम प्रजापति, अर्जुन मेहता नितेश, सोनू, लालदीप,मुन्ना , जिम्मेदार, ओमप्रकाश, प्रकाश, लवकुश, मनीष, विवेक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर का आठवां वार्षिकोत्सव मनाया गया



**हरिहरगंज।** शहर के दुर्गा मंदिर स्थित इंटरनेशनल स्टैंडर्ड टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर का 8 वीं वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के संचालक मो. हेलाल आलम ने केक काटकर किया। मौके पर संचालक मो. हेलाल आलम ने कहा कि विगत 8 वर्षों से शिक्षित युवाओं को टेक्निकल शिक्षा देते आ रहे हैं। सेंटर में अब तक 15 सौ से अधिक बेरोजगार युवाओं को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। जहां अधिकांश युवाओं को प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से जॉब लग चुका है। समारोह में शदाब आलम, मो. रिजवान रजा, मो. परवेज आलम, मो. इरफान शाहिद, मो. मोबीन आलम, मो. बबलू आलम, मो. सद्दाम, रजनीश कुमार, कन्हैया कुमार, राहुल कुमार सहित कई शामिल थे।

### ओजोन को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान, लोग हुए सम्मानित

**हरिहरगंज।** ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में स्वयंसेवी संस्था जनता विकास मंच के द्वारा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर के प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित कर 20 लोगों को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ओजोन परत को लेकर जागरुकता अभियान भी चलाया गया। इसके पहले कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व पंसस हीरालाल यादव, वार्ड सदस्य रविंद्र कुमार, सेवानिवृत्ति पोस्टमास्टर सूर्यदेव मेहता, पूर्व मुखिया पति जितेंद्र मेहता, संस्था के अध्यक्ष श्यामसुंदर मेहता व सदस्य रामराज सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं मंच के सचिव मृत्युंजय कुमार मेहता तथा अध्यक्ष श्यामसुंदर मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य ओजोन के महत्व और इसे सुरक्षित रखने के बारे में आम जनता को जानकारी देनी है। उन्होंने कहा कि गत 16 सितंबर से जागरूकता अभियान चल रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। सम्मानित होने वालों में डॉ महाराज मेहता, दिनेश मेहता, रामचंद्र मेहता, हीरालाल यादव, रविंद्र कुमार, सूर्यदेव मेहता, जितेंद्र मेहता आदि के नाम शामिल हैं।

### प्रखंड में कई लोगों के घर क्षतिग्रस्त, बिजली आपूर्ति बाधित

**नावाबाजार।** लगातार तीन दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश एक और जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं कई कच्चे व खपरैल घर भी ध्वस्त हो गए हैं। बिजली आपूर्ति भी तीन दिनों तक बाधित रही। प्रखंड क्षेत्र का अधिसंख्य हिस्सा ब्लैकआउट की स्थिति है। बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण तीन दिनों तक घरों में अंधेरा बना रहा। सबसे अधिक परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन कार्य में हुई। बुधवार को बिजली मिस्त्री के द्वारा क्षतिग्रस्त विद्युत तारों पॉल को ठीक कराया गया। जिसके बाद क्षेत्र में विद्युत सेवा बहाल हुई। बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्र की सड़क व पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिसके कारण लोगों का आवागमन प्रभावित है। इटको निवासी राजेंद्र सोनी, अफसाना खातून, राजदेव यादव, सत्यनारायण सोनी सहित कई लोगों का कच्चा घर ध्वस्त हो गया।

## विकास का असली पैमाना सड़कें होती है : विधायक

- रामचंद्र चंद्रवंशी ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बुधवार को विश्रामपुर में चार करोड़ 78 लाख 15 हजार के दो योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके तहत सिगसिगी ग्राम पंचायत के ओरिया मोड़ से झगरुआ खुंटीसोत नदी तक डेढ़ करोड़ की पक्की सड़क और गोदरमा लारंगाहा गांव के पास भेलावा नदी पर दो करोड़ 78 लाख का पुल निर्माण कार्य शामिल हैं। चंद्रवंशी ने योजनाओं क नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण कर के किया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। विधायक चंद्रवंशी ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास का असली पैमाना होता है,इसीलिए विश्रामपुर विस क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया। क्षेत्र के हर नदी नालों पर पुल पुलिया का निर्माण कराया। अब क्षेत्र की हर प्रमुख सड़क बन चुकी है।

## धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती, भक्तिमय हुआ हुसैनाबाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हर साल की तरह इस वर्ष भी जपला धरहरा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम और भक्तिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विश्वकर्मा मंदिर में फूलों से आकर्षक सजावट से सजाया गया था। विश्वकर्मा जयंती के इस अवसर पर प्रातःकाल से ही मंदिर में भक्तों का आगमन शुरू हो गया था। ठीक 11:30 बजे मंदिर के पुजारी अशोक विश्वकर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विश्वकर्मा भगवान की पूजा संपन्न कराई गई। पूजा के पश्चात, श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से अपने परिवार, समाज और क्षेत्र के उन्नति और समृद्धि की कामना की। दोपहर 2:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन-कीर्तन के दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। इस शुभ अवसर पर विश्वकर्मा मंदिर के पुजारी अशोक विश्वकर्मा के साथ शिक्षक जयप्रकाश शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष उदय विश्वकर्मा, संरक्षक भोला विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा, रामचंद्र शर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, चंदन शर्मा, त्रिभुवन शर्मा, काली शर्मा, सुनिल शर्मा समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## स्कूल में शिक्षकों की कमी, सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं

- 2009 में उत्क्रमित होकर मिडिल स्कूल बना था




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया में स्कूल परिसर को पूरी तरह से जल मग्न कर दिया है। इससे पठन-पाठन के साथ बच्चों का निवाला मध्यान भोजन बनाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त बेदौलिया के ग्रामीणों द्वारा बताई गई। मालूम हो कि यह विद्यालय 2009 में उत्क्रमित होकर मिडिल स्कूल बना था, तब से आज तक सर्व शिक्षा अभियान से भवन नहीं बन सका। आज स्थिति यह है कि तकरीबन 200 बच्चों की संख्या वाली इस विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक की पढ़ाई मात्र तीन शिक्षकों के भरोसे जर्जर हालत वाली दो कमरे में कराई जाती है। जबकि नई शिक्षा नीति(एनईपी 2020) बताती है कि 30/40 बच्चों पर एक शिक्षक अनिवार्य रूप से होना चाहिए और वर्ग कक्ष भी अलग-अलग होना चाहिए,अर्थात एक से आठ तक के विद्यालयों में कम से कम 8 शिक्षकों का पदस्थापन अनिवार्य है।

**सूचना के बाद भी विभाग गंभीर नहीं :** विद्यालय के प्रभारी के द्वारा विभाग को लिखित आवेदन देकर भवन बनाने से संबंधित सूचना प्रस्तुत किया गया। इसके बावजूद विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। यहां तक की कई जनप्रतिनिधि यथा मुखिया,जिला परिषद,जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक को भी कई बार इस बाबत जानकारी दी गई।,परंतु अभी तक कोई भवन बनाने से संबंधित टेंडर नहीं निकलवा सकें।

**दो वर्ष पूर्व हुआ था टेंडर :** शिक्षा विभाग के जूनियर इंजीनियर आशीष गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार करीबन दो वर्ष पूर्व स्पेशल कोटे से फोर एसीआर भवन का टेंडर भी हुआ था,परंतु किसी कारण से वह भी रद्द हो गया। अब पुनः कब टेंडर होगा पता नहीं और भवन का निर्माण कार्य कब शुरू होगा,विचारणीय बिंदु है। विद्यालय में मात्र दो कमरे हैं। वह भी जर्जर हालत में हैं। विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर जयप्रकाश शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षा प्रभादेवी, संयोजिका नीतू देवी,सहायक अध्यापक रामनाथ राम व मोहम्मद सरवर आलम,रसोईया सावित्री देवी व सुनीता देवी, युवा समाजसेवी मधुसूदन पाठक, नीरज पाठक कृपानाथ पाठक, अशोक पाठक, छोटू पाठक, संतोष चंद्रवंशी, महेंद्र चंद्रवंशी, अजीत चंद्रवंशी, रामचेला चौधरी, दिलीप राम, श्याम बिहारी राम, रामाशीष राम, गोविंद राम, शंकर राम अनिल कुमार गुप्ता, उमेश राम, रमेश राम, बदानी पासवान सहित दर्जनों ग्रामीणों का नाम शामिल हैं।



# शिवाजी मैदान में फैला कचरा, डिज्नीलैंड मेला खत्म होने के बाद भी सफाई नहीं



**डिज्नीलैंड मेले को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की बढ़ती मांग**

शिवाजी मैदान के पास रहने वाले निवासियों और कई जनप्रतिनिधियों ने डिज्नीलैंड मेले को किसी अन्य स्थान पर आयोजित करने की मांग की है। उनका कहना है कि पहले यह मैदान मेला लगाने के लिए उपयुक्त था, लेकिन नगर निगम बनने के बाद तेजी से बढ़ी आबादी के कारण यह स्थान अब सही नहीं है। रिहायशी इलाका होने के कारण मेले के दौरान लगातार शोरगुल और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि होती है, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा होती है। 'इस मामले में सिटी मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि लगातार बारिश के कारण कचरा नहीं उठाया जा सका। सफाई कर्मचारियों को निर्देश दे दिए गए हैं, और कचरे का उठाव अगले दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।'

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डिज्नीलैंड मेले के समाप्त होने के कई दिनों बाद भी शिवाजी मैदान में चारों ओर कचरा फैला हुआ है। यह मेला प्रतिवर्ष श्रावण माह में भारी राशि के साथ आयोजित होता है, और इस वर्ष इसकी बोली 61 लाख रुपये में लगाई गई थी। आयोजन के समापन के बावजूद मैदान में बिखरे कचरे और प्लास्टिक के ढेरों की सफाई अब तक नहीं की गई है। स्थानीय निवासी कचरे और उससे उठ रही दुर्गंध से परेशान हैं, जबकि नगर निगम प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। मैदान के मुख्य द्वार के बाहर भी कचरे का ढेर जमा है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजयुमो ने किया रक्तदान

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल मेदिनीनगर ब्लड बैंक में भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म उत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान करने वालों में मोर्चा के प्रदेश मंत्री विश्वजीत पाठक, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, प्रधान कुमार, अविनाश गुप्ता, साहिल त्रिपाठी, समीर कुमार शाहिद अन्य कार्यकर्ता भी रक्तदान किया। मौके पर पलामू जिला भाजपा अध्यक्ष अमित तिवारी, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री मनोज कुमार सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, प्रभात कुमार, भाजपा जिला महामंत्री ज्योति पांडेय, विजय ठाकुर, प्रिया रंजन कुमार, विकास सिंह, श्रवण गुप्ता, रंजीत पासवान, किशन मखारिया, सिकंदर चौधरी मौजूद थे। रक्तदाताओं को अप्रिशिएसन सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए सांसद ने कहा कि पलामू के युवा मोर्चा का संगठन बहुत ही मजबूत संगठन है। पार्टी के हर कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहती है। रक्तदान शिविर में युवाओं ने प्रधानमंत्री के जन्म उत्सव पर रक्तदान महादान कर पलामू का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया।

### पत्रकार के चाचा सह बार अधिवक्ता का निधन

**मेदिनीनगर।** पत्रकार दिवाकर सिंह के चाचा धनंजय कुमार सिंह का रांची रिम्स मे इलाज के दौरान निधन हो गया।धनंजय कुमार अधिवक्ता पलामू बार एसोसिएशन के सदस्य थे। उनकी मृत्यु ब्रेन हेमरेज होने के कारण हुई। उन्होंने 67 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। आज उनका दाह-संस्कार पैतृक गांव बलिया डुमरिया गया में किया जाएगा।उनके निधन की खबर मिलने पर प्रथम मेयर अरुणा शंकर ,चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, ,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, वार्ड पार्षद पति मनोज सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद सिटी सिंह के साथ कई गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पलामू बार एसोसिएशन एसोसिएशन अध्यक्ष रामदेव यादव ,महासचिव अजय कुमार पांडेय,कोषाध्यक्ष जयकिशोर पाठक, सहकोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी संतोष तिवारी, अधिवक्ता जनार्दन प्रसाद सिंह आदि पहुंचे और शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी।

# पुलिस की तत्परता से बची महिला की जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टीओपी टू पुलिस का मानवीय चेहरा सामने एक बार फिर सामने आया है। बुधवार को पुलिस के त्वरित व साहसिक कार्रवाई के कारण एक महिला की जान बची। महिला जो अपनी पति राकेश भुइयां से झगड़ा कर आत्म हत्या के इरादे से चेक डैम में कूद चुकी थी, को पुलिस के जवानों ने समय रहते बचा लिया। घटना के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि लिलवाकरम में मुहल्ले की एक महिला अपने घरेलू विवाद में सुसाइड करने जा रही है। इसी सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। टीओपी टू के प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि टाइगर मोबाइल पुलिस



राजेश चंद्रवंशी और सुविंद कुमार जब चेक डैम पर पहुंचे तब पहुंचे

तब तक महिला पानी में कूद चुकी थी। जवानों ने बिना किसी देरी किए अपनी जान को जोखिम में डालकर महिला को डैम से बाहर निकाला। राजेश चंद्रवंशी ने साहस दिखाते हुए डैम में छलांग लगाई और महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस द्वारा दिखाई गई इस मानवता की सराहना आम नागरीकों ने की है। इस घटना ने पुलिस का मानवीय और दोस्ताना चेहरा उजागर किया है, जो जनता के विश्वास को और मजबूत करता है। टीओपी प्रभारी ने इस संबंध में कहा कि पुलिस का कर्तव्य सिर्फ कानून व्यवस्था बनाएं रखना नहीं है। बल्कि जरूरत पड़ने पर मानवता के लिए भी तत्पर रहना है।

# गृहमंत्री अमित शाह से मिले पलामू के देवेश तिवारी

## 2047 के विकसित भारत लक्ष्य की पूर्ति के लिए देवेश का होगा पलामू प्रवास

### प्रमंडल की समस्याओं से गृहमंत्री को कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता देवेश तिवारी ने नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पलामू प्रमंडल की समस्याओं और आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की। देवेश ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति और चुनावी समीकरणों पर गृहमंत्री के साथ गहन विचार-विमर्श किया। देवेश तिवारी अगले दो महीनों तक पलामू प्रमंडल के गांव-गांव में प्रवास करेंगे। इस दौरान वे पलामू, गढ़वा और लातेहार ज़िलों की नौ विधानसभा सीटों पर युवाओं को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने और संगठन को मजबूत करने के लिए अभियान चलाएंगे। तिवारी ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों और ₹विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर युवाओं के बीच जागरूकता फैलाएंगे। देवेश ने कहा कि पलामू प्रमंडल का युवा आत्मनिर्भर और सशक्त बने, यही उनकी प्राथमिकता है। भ्रमण के दौरान वे प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे और युवाओं के साथ मिलकर क्षेत्र और राज्य के विकास पर चर्चा करेंगे। देवेश तिवारी, जो दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं, ने गृहमंत्री के समक्ष यह भी कहा कि पलामू प्रमंडल विकास के मामले में पिछड़ा हुआ है। इसे प्राथमिकता पर लाकर योजनाओं को लागू करना और आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों में भाजपा की मजबूत सरकार बनाना आवश्यक है।

# बारिश से लोगों को मिली राहत, जनजीवन सामान्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चार दिनों से लगातार बारिश के बाद बुधवार को मौसम साफ हुआ। इसके साथ लगातार हो रही बारिश से पलामू के लोगों को राहत मिली। बुधवार को चार दिनों बाद भगवान सूर्य ने अपने दर्शन दिए। मंगलवार की शाम से अचानक मौसम ने करवट लिया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को बारिश नहीं हुई। पूरे दिन धूप खिली रही और लोगों का सामान्य दिन की तरह आवागमन जारी रखा। हालांकि लगातार हुई बारिश के कारण सड़कों पर अभी पानी जमा है। कई जगहों पर शहर में कूड़े का अंबार लगा है। शिवाजी मैदान के सामने कूड़े के ढेर लगातार बदबू आने के कारण मुहल्ले में रह रहे लोग खासे परेशान हैं। जिला स्कूल चौक, पंच मुहान, तीन कोनिया गैरेज समेत शहर के कई स्थानों पर कूड़ा फैला है। वर्षा में कमी के बावजूद कोयला नदी का जलस्तर बढ़ा है। बुधवार को मौसम साफ होने के बाद बड़ी संख्या में



### पिछले वर्ष की तुलना में अब तक दुगनी से भी अधिक बारिश

वर्ष 2024 के लिए जनवरी से 18 सितंबर सुबह 8:30 बजे तक कुल वर्षा 1314 मिलीमीटर हुई है। पिछले वर्ष 2023 में इस अवधि में कुल वर्षा 601 मिलीमीटर थी। इस साल पिछले साल की तुलना में अबतक 118 प्रतिशत ज्यादा वर्षा हुई है।

# जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता 20 व 23 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने झारखंड राज्य एथलेटिक्स एसोसिएशन के निर्देश पर जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा की है। यह प्रतियोगिता अंडर 14, अंडर 16 आयु वर्ग के लिए 20 सितंबर को, अंडर 18, अंडर 20 आयु वर्ग के लिए 23 सितंबर को जीएलए कॉलेज एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। दोनों दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे होगा। आयु सीमा और इवेंट लिस्ट के अनुसार खिलाड़ी अपने संबंधित आयु वर्ग में भाग ले सकेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी को आयु प्रमाण पत्र के रूप में जन्म प्रमाण पत्र, मैट्रिक प्रमाण पत्र या आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न प्रतिस्पार्द्धाओं के लिए निर्धारित उम्र सीमा में अंडर 14 (जन्म तिथिः 12 नवंबर 2010 से 11 नवंबर 2012), अंडर 16 (जन्म तिथिः 12 नवंबर 2008 से 11 नवंबर 2010), अंडर 18 (जन्म तिथिः 12 नवंबर 2006 से 11 नवंबर 2008), अंडर 20 (जन्म तिथिः 12 नवंबर 2004 से 11 नवंबर 2006) तक निर्धारित की गई है।

**प्रतियोगिता की इवेंट लिस्ट**

अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को तीन ग्रुप में बांटा गया है। हर खिलाड़ी को अपने चयनित ग्रुप की सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेना होगा। इवेंट के औसत प्रदर्शन के आधार पर ग्रुप के शीर्ष तीन स्थान तय होंगे। अंडर 16, अंडर 18, अंडर 20 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी किसी भी दो इवेंट में भाग ले सकते हैं। इवेंट्स में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो, रेस वॉक, अन्य एथलेटिक प्रतिस्र्द्धाएं शामिल हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिता रामगढ़ जिला के रजरप्पा में आयोजित होगी। यह जानकारी पलामू जिला एसथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने दी।

# महिला ने जर्जर स्कूल भवन में दिया बच्ची को जन्म, नहीं मिली सरकारी सुविधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड के पदमा पंचायत के अब्दुलडीह गांव में एक दलित महिला चिंता देवी ने जर्जर स्कूल भवन में बच्ची को जन्म दिया। उनका घर चार महीने पहले बारिश में गिर गया था, जिसके बाद वह अपने परिवार के साथ उसी जर्जर स्कूल भवन में रहने को मजबूर हैं। दुर्भाग्यवश प्रसव के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं भी उन्हें नहीं मिल सकीं। सरकारी योजनाओं का लाभ भी उसे आज तक नहीं मिला है। चिंता देवी का परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना व अबुआ आवास योजना जैसी किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं लिया है। उनके पति बजरंगी भुइयां मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिलने से वह बेहद कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

**आधार कार्ड के लिए भी देना पड़ा पैसा :** चिंता देवी ने बताया कि उन्हें पहचान पत्र बनाने के लिए भी पैसा मांगने की शिकायतें हैं। उनके पास राशन कार्ड भी नहीं है।

### प्रावधान के तहत जो भी लाभ है, दिया जायेगा : बीडीओ

मनातू प्रखंड के बीडीओ राज कुंवर सिंह ने इस सबंध में कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत जो भी लाभ है, उसे चिंता देवी को जरूर दिया जाएगा। घर के अभाव में महिला स्कूल भवन में रह रही है,इस बात की जानकारी उन्हें नहीं है। पता कराया जाएगा। इस तरह का मामला होगा तो उसे राहत पहुंचाने का काम जिला प्रशासन अवश्य करेंगी।

### सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगाः मुखिया

मुखिया अनुज प्रसाद ने आश्वासन दिया कि महिला और उनके पति का आधार कार्ड और पहचान पत्र बनवाकर उन्हें सरकारी लाभ दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राज कुंवर सिंह ने कहा कि सरकारी प्रावधानों के तहत चिंता देवी को जो भी लाभ मिल सकता है, वह दिलवाने की कोशिश की जाएगी।

## समापन

# विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से संपन्न

# कोयल तट पर गाजे-बाजे के साथ की गई प्रतिमा का विसर्जन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में शिल्पकार विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से मनायी गयी। श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों की गई। बुधवार को भगवान विश्विकार्मा की प्रतिमा विसर्जित की गई। बिजली विभाग, विभिन्न प्रतिष्ठानों, कल कारखानों से लेकर दुकानों व गैरेजों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा व फोटा अधीष्ठापित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने शिल्प देवता से आशीर्वाद मांगा। पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भक्ति गीतों से क्षेत्र गूंजता रहा। देर शाम तक पूजा अर्चना का क्रम जारी रहा। भगवान के दर्शनार्थ लोग पूजा पंडालों में घूमते नजर आए। बुधवार शाम में शोभा यात्रा





निकालकर गाजे बाजे की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का विसर्जन किया। शहर के गैरेजों, आरा मिलों, संयंत्र, विद्युत विभाग, दुकानों समेत रेलवे विभाग के विभिन्न कार्यालयों में विश्वकर्मा पूजा की धूम रही। चैनपुर में गंगा कंस्ट्रक्शन द्वारा विश्वकर्मा के पूजा के अवसर पर पूजन कार्यक्रम सह भंडारा का आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। संत मरियम विद्यालय में निदेशक अविनाश देव की देखरेख में स्कूल के वाहनों की पूजा की गई। साथ ही विद्यालय के सभी परिवहन कर्मचारियों को इस अवसर पर भेंट देते हुए सम्मानित किया गया। वाहन रेलपथ अनुभाग अभियंता, रेलवे, डालटनगंज द्वारा प्रतिमा विसर्जन के दौरान निकल गया। इस दौरान वरीय अनुभाग अभियंता रविन्द्र कुमार, अनुभाग अभियंता दिवाकर दास, अभियंता डी के भारती, अजय बासकी, रंजीत कुमार वर्मा, सहित प्रमोद कुमार, संतोष कुमार, यशवंत कुमार, जयकिशोर मिश्रा, नीरज कुमार, मुरलीधर, अनिल कुमार, साकिब आलम, विजय साव, कैलाश यादव, बृजकिशोर सिंह, पुनेश्वर कुमार, कामेश्वर चौधरी, बिरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, टुनटुन पोद्दार, मणिकांत तिवारी, सोनू कुमार, दिनेश प्रसाद, निशांत कुमार, शंकर पासवान, विशाल कुमार, मनीष मिश्रा, गोलू सिंह, मनोज राम, नंदकिशोर कुमार, संजीत कुमार, हरिराम यादव, शंकर नीलकंठ, राजकुमार, बी. एम. पाण्डेय, कुंदन कुमार, जितेंद्र कुमार सहित सैंकड़ों की संख्या में अन्य कई रेलकर्मी शामिल रहें।

### प्रभारी प्रधानाध्यापक का असामयिक निधन, शिक्षकों में शोक

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के सियारभुका टोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार का मंगलवार की रात निधन हो गया। वे लिवर इंफेक्शन से पीड़ित थे। उनका पटना के निजी हास्पिटल में आपरेशन भी हुआ था। सहायक अध्यापक कृष्णनंदन प्रसाद ने बताया कि बेहतर इलाज के लिए राजधानी एक्सप्रेस से उन्हें दिल्ली ले जाया जा रहा था। रास्ते में दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के समीप उनकी मौत हो गई। उनके निधन से हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड के शिक्षकों में शोक है। शोक व्यक्त करने वालों में प्रभारी प्रधानाध्यापिका उषा सिंह, शिक्षिका किरण कुमारी,सहायक अध्यापक दिनेश कुशवाहा, सुदामा प्रसाद, कृष्णनंदन प्रसाद,अजप्टा के संतोष कुमार राय,सहायक अध्यापक सहित विभिन्न विद्यालयों के सभी शिक्षक शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### साइक्लोनिक सकुर्लेशन का कहर

### भारी बारिश से तीन मौत, नदियां उफान पर, प्रशासन अलर्ट

**मेदिनीनगर।** बांग्लादेश से उठे साइक्लोनिक सकुर्लेशन ने झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में कहर बरपाया है। झारखंड में पिछले तीन दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश होने से कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं और बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। पलामू जिले में भी साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर बना है, जिसके कारण जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। मंगलवार को साइक्लोनिक दबाव का क्षेत्र डाल्टनगंज से करीब 50 किलोमीटर की दूरी पर था, जो देर रात तक छत्तीसगढ़ की ओर शिफ्ट हो जाएगा। इससे बारिश में कमी आने की संभावना है। अब तक की भारी बारिश ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। सड़कों पर पानी बह रहा है। कई घरों में पानी घुस चुका है। लगभग 250 मिलीमीटर से अधिक बारिश के कारण पलामू, गढ़वा, लातेहार जिलों में अब तक तीन से अधिक मौत हो चुकी हैं। लातेहार के गारू इलाके में बूढ़ा नदी पार करते समय एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। पलामू में वज्रपात से दो लोगों की जान गई। गढ़वा में एक शिक्षक नदी पार करते समय बह गए थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है। पलामू, गढ़वा, लातेहार जिलों में तटीय क्षेत्रों में स्थानीय कर्मचारियों की तैनाती की गई है। छोटी नदियों में कोयल, औरंगा, अमानत उफान पर हैं। सदर एसडीएम अनुराग तिवारी ने बताया कि तटीय क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। आम लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। महुआडांड़ रोड पर सफर करना जोखिम भरा हो गया है। कई जगहों पर सड़कें टूट चुकी हैं। पानी सड़कों पर बह रहा है।

### रामविलास की प्रतिमा का अनावरण 23 को चिराग पासवान करेंगे



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर प्रखंड आगामी 23 सितंबर को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान की प्रतिमा व वीर चौहरमल की प्रतिमा व पार्क का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान करेंगे। यह जानकारी पांकी के भाजपा विधायक व लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधानने कही। वह बुधवार को परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रतिमा व पार्क निर्माण की पहल वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति ने की थी। स्थानीय विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता ने संज्ञान लेते हुए पार्क एवं प्रतिमा का निर्माण कराया। अनावरण कार्यक्रम में 15 से 25 हजार के बीच लोग उपस्थित होंगे। डॉ. शशिभूषण मेहता ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं जन-जन के नेता रामविलास का पांच लाइन मुझे दीया उस घर तक जलाना है जहां सदियों से अंधेरा है, प्रेरित होकर प्रतिमा का निर्माण कराया है। उनके क्षेत्र में सभी वर्ग को सम्मान दिया गया है। लोजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि लोजपा रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की सभा को चुनाव प्रचार की शुरूआत मानी जा सकती है। संगठन प्रदेश के लगभग 33 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी में है। अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व ही लेगा। पार्टी एनडीए के साथ ही चुनाव प्रचार में उतरेगी। प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करेंगे।

### चलनी में अंटा ,बादल भंटा...

मेदिनीनगर। लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के बार बुधवार को धूप खिलने से लोग अब राहत की सांस ले रहे हैं। कुछ दशकों पर पूर्व जब इस तरह लगातार बारिश होने से परेशान कई लोग बारिश रोकने के लिए कई तरह के टोटके आजमाया करते थे। यह टोटका गांव और शहर के पुराने मुहल्लों कुंड मुहल्ला इत्यादि में आम था। इसमें कुछ बच्चे जलती हुई लुकवारी को लेकर सड़कों पर चलनी में अंटा,बादल भंटा, चलनी उलट गई, बादल फट गई...गाते हुए गलियों में निकला करते थे। साथ ही सभी घरों से मिट्टी का तेल मांगा करते थे। यह परम्परा कब से और कहां से शुरू हुई थी। यह शोध का विषय है। वैसे लगातार हो रही इस बारिश ने दशकों पूर्व के इस चलन की स्मृतियों का ताजा कर दिया है। अभी जो लड़के इस तरह का टोटका आजमाया करते थे,वह अभी वृद्ध हो चले हैं, लेकिन अभी उस याद को संजोये रखा है। इस तरह के कई टोटके गांव और शहरों में आजमाये जाते थे। जो अब धीरे-धीरे विलुप्त हो गए हैं। बचपन बच्चे बारिश होने पर गाते थे। पानी बूंनी आवेला, चिड़ियां ढोल बजावेला इत्यादि।

### बरसात में राजहारा रेलवे स्टेशन परिसर में भर जाता है पानी

**नावाबाजार।** केंद्र सरकार व रेलवे की ओर से रेल यात्रियों की सुविधा बढ़ाने को ले बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती रही है। साथ हीं लाखों रुपए खर्च भी किए जाते रहे हैं। लेकिन धरातल पर कुछ और ही दिखाई पड़ता है। सुविधाओं के प्रति विभागीय अधिकारी तनिक भी गंभीरता नहीं दिखाते और ना हीं इन्हें सुविधाओं का ख्याल हीं रहा है। राजहारा स्टेशन पर यह सब सहज ही देखने को मिल जाएगा। राजहारा स्टेशन परिसर के छत आदि का पानी निकास की समुचित व्यवस्था नहीं है। छत व आसपास का बरसाती पानी स्टेशन परिसर में जमा हो जाता है। स्थानीय लोग के कागज की नाव चलाकर रेलवे अधिकारियों की आंख खोलना चाहते हैं। कई बार यात्री टिकट लेकर जल्दी बाजी निकलने की क्रम में परिसर में भरे पानी व टाइल्स होने के कारण फिसल कर गिरते हुए जख्मी हो जा रहे हैं। ज्ञात हो कि राजहारा स्टेशन से प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का राजस्व विभाग को मिलता रहा है। फिर भी रेलवे को सुविधाओं की परवाह नहीं। स्टेशन परिसर में बरसाती पानी का घुसना एक गंभीर मामला है। परिसर की फर्स पूरी तरह टाइल्स से तैयार की गई है। जहां आते जाते लोग फिसल कर गिर रहे हैं। लोगों द्वारा कहा जाता है कि करोड़ों रुपए खर्च कर विभाग के द्वारा निर्माण कार्य जाते हैं, लेकिन उसका स्वरूप कैसा तैयार किया जा रहा इसका ख्याल किसी के द्वारा नहीं रखा जाता है।

### चियांकी से भाकपा करेगी बदलाव यात्रा

**मेदिनीनगर।** आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने सदर प्रखंड के चियांकी, सुआ- कौड़िआ, कुसुमटाड़, बखारी,लालीमाटी आदि गांव में जनसंपर्क अभियान किया। पूरे पलामू जिला में चार दिन से हो रहे हैं बारिश में हजारों लोगों का मिट्टी का मकान ध्वस्त हो गया है। उनका रहने के लिए जगह नहीं है लेकिन जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी को इससे कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा के नेता परिवर्तन यात्रा और कांग्रेस के नेता प्रतिज्ञा यात्रा करने के नाम पर जनता को छलने का काम कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में आम जनता के पास संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया है। ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 22 सितंबर चियांकी चेकनाका के पास से बदलाव यात्रा प्रारंभ कर रही है। इस बदलाव यात्रा में सभी आम जनता एवं मेहनतकश लोगों की भागीदारी रहेगी। यह बदलाव यात्रा पूरे डाल्टनगंज, रामगढ़, भंडरिया ,चैनपुर विधानसभा में चलेगी और लोगों की जन समस्याओं से भी अवगत होकर उसका निदान करेगी।

## एक नजर

### हिताची एटीएम के उद्घाटन से लोगों में हर्ष

**भवनाथपुर।** बाजार में सोमवार को हिताची एटीएम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अतिथि मास्टर फ्रेंचाइजी विनय गुप्ता एवं हिताची फ्रेंचाइजी मुकेश कुमार एंजेल कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना और नारियल फोड़ कर फीता काटकर किया गया। वहीं एटीएम खुलने से बाजार क्षेत्र में खुशी देखी गई । उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए फ्रेंचाइजी ने कहा कि प्रखंड में इस एटीएम के खुल जाने से इस क्षेत्र के ग्रामीण एवं राहगीरों को वित्तीय लेनदेन करने में सुविधा होगी, जिससे पर्व त्योहारों एवं शादी विवाह के मौसम में जरूरतमंद लोगों को वित्तीय लेनदेन में काफी समस्या होती थी अब क्षेत्र में एटीएम खुल जाने से लोगों को वित्तीय लेनदेन में सुविधा होगी इस एटीएम का फ्रेंचाइजी विनय गुप्ता एवं संचालक मुकेश बताएं कि इस एटीएम से लोगों को 100 200 और 500 का नोट निकलेगा और इस एटीएम से लोग कम से कम 100 रुपए से अधिक 10000 तक निकासी एक बार में कर सकते हैं। इस मौके पर विभूति प्रकाश ,संजीव प्रकाश, रविंद्र पाल, आशीष कुमार मौजूद थे।

# विश्वकर्मा पूजा व संत परिहार जयंती को लेकर तनाव

## डीएसपी नीरज कुमार के सार्थक पहल के बाद मामला शांत



**नवीन मेल संवाददाता**
**डंडई।** थाना क्षेत्र के करके गांव में भगवान विश्वकर्मा की पूजा और संत परिहार की जयंती मनाने को लेकर दलित और विश्वकर्मा समाज के बीच मंगलवार को दिनभर तनाव बना रहा। स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि दोनों समाज के हजारों लोग अंबेडकर चौक पर इकट्ठा हो गए और एक-दूसरे को धमकियाँ देने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने मौके पर पहुँचकर दोनों समुदायों को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं था। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। हेडक्वार्टर डीएसपी नीरज कुमार के स्थल पर पहुंचने के बाद भी तनाव बरकरार रहा, जिसके बाद उन्हें अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। पुलिस बल की सख्ती के बाद दोनों समुदायों के प्रमुख डीएसपी से वार्ता के लिए तैयार हुए। समझौते के तहत विश्वकर्मा पूजा अंबेडकर चौक पर की गई, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम गांव के आजाद चौक पर आयोजित हुआ। इससे पहले दलित समाज ने संत परिहार जयंती का आयोजन आजाद चौक पर पूरा कर लिया था, जिसके बाद मामला शांत हो गया।

### पुलिस रात भर तैनात रही

संत परिहार जयंती के लिए दलित समाज ने अंबेडकर चौक पर अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त कर ली थी, जबकि विश्वकर्मा समाज ने भी विश्वकर्मा पूजा के लिए उसी स्थल की अनुमति ली थी। अनुमंडल पदाधिकारी ने दोनों की अनुमति रद्द कर धारा 144 लागू कर दी थी, लेकिन बावजूद इसके, विश्वकर्मा समाज ने पूजन कार्य शुरू कर दिया, जिससे तनाव बढ़ गया। देर शाम में मामला शांत हो जाने के बाद डीएसपी लौट गए, जबकि थाना प्रभारी रातभर मौके पर तैनात रहे।

## भारी बारिश से घर का दीवाल हुई ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता**
**भवनाथपुर।** प्रखंड में पिछले तीन दिनों से तेज हवा और मूसलाधार बारिश के कारण रमेश विश्वकर्मा का दीवार गिर गया है। वे मकरी टोला, देकुलिया के निवासी हैं। इस कारण उनके परिवार की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। घर के गिरने के बाद रमेश अपने बचे-खुचे घर को प्लास्टिक से ढक कर किसी तरह काम चला रहे हैं। इस मौसम में उनके परिवार को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से पुनर्वास सहायता देने की अपील की है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 105 बच्चों को निःशुल्क कॉपी मिला

**नवीन मेल संवाददाता**
**खरौंधी।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोशलीबार में बुधवार को झारखंड सरकार द्वारा वितरित निशुल्क कॉपियों का वितरण कक्षा प्रथम से आठवीं तक के 105 बच्चों के बीच किया गया। इस वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार राम और एसएमसी अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को शिक्षा के महत्त्व को समझाया और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने तथा पढ़ाई में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया।सरकार का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति उनके उत्साह को बढ़ाना है। निशुल्क



कॉपियों के वितरण से बच्चों और उनके अभिभावकों को आर्थिक राहत मिली है, जिससे बच्चों की पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयाँ कम होंगी। प्रधानाध्यापक ने कहा कि सरकार द्वारा इस तरह की सुविधाएँ बच्चों की शिक्षा के स्तर को सुधारने में सहायक होंगी। मौके पर उपस्थित अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों को मेहनत से पढ़ाई करने और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।मौके पर शिक्षक शिवकुमार सिंह, गिरिजा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक ने लिया सुरक्षा तैयारियों का जायजा

## राजनाथ सिंह 21 सितंबर को भाजपा की परिवर्तन यात्रा का करेंगे शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**
**श्री बंशीधर नगर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 सितंबर को भाजपा के परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। गोसाईबाग मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी विधान सभा चुनाव से पहले परिवर्तन यात्रा के जरिए पूरे प्रदेश में भ्रमण कर लोगों से चुनाव में सहयोग की अपील करेंगे। वहीं रक्षा मंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय श्री बंशीधर नगर पहुंच सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह भी मौजूद थे। एसपी सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्थल को लेकर माइनर ग्राउंड, अनुमंडल मैदान के साथ गोसाईबाग मैदान जाकर स्थल चयन को लेकर भाजपा के प्रतिनिधिमंडल के साथ विचार विमर्श किया। साथ ही हेलीपैड के लिए भी स्थल का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद गोसाईबाग मैदान में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा को लेकर कई निर्देश भी दिए। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, गुड्डु सिंह सहित कई अन्य मौजूद थे।



### श्री बंशीधर मंदिर जाकर पूजन अर्चन करेंगे राजनाथ सिंह

परिवर्तन यात्रा को लेकर श्री बंशीधर नगर आने पर देश के रक्षा मंत्री विश्व प्रसिद्ध बंशीधर मंदिर जाकर पूजन अर्चन करेंगे। इसके पूर्व वे शहर में रोड शो कर लोगों का अभिवादन करेंगे। मंदिर के बाद रक्षा मंत्री गोसाईबाग मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के बाद बाबूलाल मरांडी के परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ राजनाथ सिंह करेंगे। परिवर्तन यात्रा श्री बंशीधर मंदिर से शुरू होकर राज्य के सभी क्षेत्रों में जायेगी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने का आह्वान करते हुए जनता से विधान सभा चुनाव के लिए भाजपा को समर्थन देने की अपील करेंगे।

## बारिश के कारण मक्का की फसलों को ज्यादा नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**
**बड़गड़।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो तीन दिनों से हो रहे लगातार वर्षा और आंधी तूफान के कारण मक्का की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। मौसम के बदले रूप ने किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। क्षेत्र में तूफानी हवाओं और बारिश के चलते खेतों में मक्का की खड़ी फसलें गिरकर एवं जमीन में अधिक पानी लगने से बर्बाद हो रही है। इससे यहां के किसान परेशान नजर आ रहे है। प्रखंड क्षेत्र के गोठानी, टेंगारी, परसवार, कलाखजूरी, टेहड़ी गांव सहित अन्य इलाकों में मक्का की फसलों का नुकसान हुआ है। यहां के कई किसानों ने उधार लेकर खेती की है। उन्हें महाजन का उधार चुकाने का चिंता सताने लगा है । बारिश से प्रखंड में मक्का के फसलों के उत्पादन पर प्रभाव पड़ा है। बारिश व हवा के कारण मक्का की उत्पादन कम होने की आशंका बढ़ती जा रही है। इस वर्ष मक्के की अच्छी फसल होने की खुशी थी और अच्छी कीमत मिलने की उम्मीद थी लेकिन किसान प्रकृति के प्रकोप से फसलों को बचा नहीं पा रहा है।



### पूर्व विधायक का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया

**खरौंधी।** प्रखंड में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला सचिव सह खरौंधी जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि छोटे राजा ने हमेशा गरीब, मजदूर, और किसानों के हितों के लिए काम किया है। इस अवसर पर झामुमो के कई अन्य नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर सभी उपस्थित लोगों ने खुशी मनाई। इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने पितृ पक्ष में जरूरतमंदो को आर्थिक सहयोग किया



**नवीन मेल सवाददा**
**भवनाथपुर।** विधायक भानु ने अपने पैतृक आवास बतो में पितृ पक्ष का आयोजन किया। जहां उन्होंने अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए आर्थिक सहयोग की पहल की। विधायक ने कहा कि पितृ पक्ष केवल श्रद्धांजलि देने का समय नहीं है, बल्कि यह हमारे पूर्वजों के आदर्शों को याद करने और उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारने का भी है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और समाज के अन्य लोगों ने भाग लिया। विधायक ने जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे समाज के कमजोर वर्ग का साथ दें। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से और अधिक लोगों की सहायता करने की योजना बनाई जा रही है। भानु ने इस पहल के जरिए एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती तभी संभव है जब हम एक-दूसरे का सहयोग करें।

### कई युवाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की

## भानू प्रताप शाही अनर्गल बयान बाजी करते हैं: पूर्व विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**
**केतार।** प्रखंड के बांसडीह खुर्द गांव में बुधवार को कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रम में 50 युवाओं ने झामुमो सरकार के कार्यकाल से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने झामुमो का अंगवस्त्र पहानकर लोगों का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए ताहिर अंसारी ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव मैं नहीं लडूंगा, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव को जनता के सहयोग से उन्हें विधायक बनाकर विधानसभा भेजूंगा। ताकि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास झामुमो की सरकार में हो सके। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर की जनता को पिछले दस वर्षों वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही ने ठगने का काम किया है। आज क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुफ्त बिजली, बिजली बिल माफी, पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि इन सभी योजनाओं का लाभ झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार दे रही है। मौके पर ललू राम, कामेश्वर सिंह, नागेन्द्र ठाकुर, उमेश दुबे, कबुतरी देवी, सुरेश प्रसाद, निरज कमलापुरी, सुशील यादव, सतेन्द्र गुप्ता, अयोध्या यादव , मुजाहिदीन अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## परेशानी

### मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## तीन दिनों से ब्लैकआउट: बारिश ने प्रखंड में मचाई तबाही



**नवीन मेल संवाददाता**
**खरौंधी (गढ़वा)।** तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने प्रखंड के जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। तीनों नदियों के उफान पर होने और जगह-जगह जलजमाव के कारण फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। कई घरों में पानी घुस गया था, हालांकि मंगलवार शाम से स्थिति में सुधार हुआ है। लगातार बारिश से प्रखंड के अधिकांश हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। आवश्यक कार्य और छात्रों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है।

### जर्जर तार-पोल से बढ़ी समस्या

प्रखंड के बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि कई हिस्सों में जर्जर तारों और पोलों के कारण हल्की बारिश में ही बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। पिछले तीन दिनों से बिजली न होने के कारण मजदूरों का अपने परिवार से संपर्क टूट गया है और उनकी रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है।

### पूरे दिन चला मरम्मत का काम

लाइनमैन इंदल राम ने बताया कि बुधवार को पूरे दिन टूटे तारों की मरम्मत का काम चला, और शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है।

### विश्वकर्मा पूजा महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**खरौंधी।** प्रखंड मे विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाया गया. बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का विसर्जन पंडा, डोमनी नदी में किया गया। इस मौके पर डीजे पर भक्त लोग नाचते थिरकते नजर आए। खरौंधी में फागू विश्वकर्मा सुरेश प्रजापति और छोटू की वेल्डींग दूकान, बिजली सबस्टेशन, विश्वकर्मा टायर दूकान सिसरी में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। इसके अलावे इलेक्ट्रानिक दूकान, वाहन , मशीनों की दूकानों मे भी पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर रात्रि को हरिकीर्तन का आयोजन किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### पेड़ काटना ग्रामीणों को पड़ा भारी, दो दर्जन पर प्राथमिकी दर्ज



**भवनाथपुर।** मंगलवार के दिन तेज आंधी व बारिश में मुसकैनी पहाड़ पर कई पेड़ गिर गये. इस आपदा को अवसर समझते हुए चपरी गांव के ग्रामीण जिनें महिला और पुरुष दोनों थे। गिरे हुए पेड़ के साथ ही कई पेड़ों को काट कर अपने-अपने घरों में ले आये थे। वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार को इस बात की सूचना मिलते ही राहुल सिंह वनरक्षी की अगुवाई में टीम गठित कर पूरे गांव में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान कई लोग लकड़ियों को खेत में तथा घरों की छत पर छुपाने लगे, परंतु टीम की तैयारी के कारण सभी लकड़ियों को जब्त कर लिया गया। मंगलवार शाम तक तीन ट्रैक्टर लकड़ी को जब्त किया गया है। छापेमारी अभियान सात घंटे तक चला। वन विभाग द्वारा की गई इस छापेमारी से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। छापेमारी में ओम प्रकाश, सुनील राय, सचित कच्छप, निशांत कुमार, दया शंकर सिंह और गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। पेड़ काटने वाले दो दर्जन ग्रामीणों पर वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है,जिसमें महेंद्र बैठा,मनोज चौधरी, रामानुज बैठा, शंभू बैठा, नागेन्द्र बैठा,प्रभू बैठा,गनौरी साह, उदय प्रजापति, तेतरी देवी,देवनती देवी, संजीव बैठा सहित दस अन्य लोग का नाम शामिल हैं।

### वैश्य समाज की बैठक में समिति बनाने का निर्णय

**बड़गड़।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में वैश्य परिवार के लोगों की एक बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में समाज के उत्थान को लेकर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। इस बीच सर्व सम्मति से वैश्य समाज के लोगों ने एक समिति बनाने का निर्णय लिया। ताकि समिति के माध्यम से वैश्य समाज सभी तरह के सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता निभा सकें। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार वैश्य महासभा व्यापार संगठन बड़गड़ प्रखंड ईकाई नामित समिति के अध्यक्ष के रूप में सर्व सम्मति से अरविंद जयसवाल का चयन किया गया। तत्पश्चात समिति के अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसके तहत उपाध्यक्ष अरूण भगत, सचिव प्रेम सागर जयसवाल, उप सचिव मुकेश सोनी, कोषाध्यक्ष दीनानाथ प्रसाद सोनी, उप कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश को बनाया गया। वहीं समाजिक कार्यों को लेकर विशेष विचारएवं मार्गदर्शन के लिए वैश्य महासभा व्यापार संगठन का ग्यारह सदस्यीय सलाहकार समिति बनाया गई। जिसमें रमेश सोनी, विनोद प्रसाद, नारद प्रसाद, बसंत सोनी, मनोज कुमार, पंकज सोनी, सुमेश सोनी, रमेश गुप्ता, बजरंग प्रसाद, घनश्याम सोनी, प्रकाश सोनी, रामू प्रसाद को सर्व सम्मति से सदस्य मनोनीत किए गए। नव चयनित अध्यक्ष अरविंद जयसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महासभा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के अलावे समाज के निचले स्तर के उत्थान सहित व्यापारिक कठिनाइयों से निपटने के प्रति कार्य करेगा। बैठक में उपरोक्त के अलावा रवि सोनी, रंजन सोनी, अखलेश पाण्डे,धनेश्वर सोनी, नेपाल प्रसाद, प्रताप कुमार, संजय प्रसाद, आनन्द, सोनी, सुनील प्रसाद,संतोष गुप्ता, अजय कुमार, उपकार प्रसाद, , मुन्ना प्रसाद सहित काफी संख्या में वैश्य परिवार के लोग उपस्थित थें।

### बारिश के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त



**श्री बंशीधर नगर।** लगातार तीन दिनों से वर्षा होने के कारण प्रखंड के बिलासपुर में लगभग आधा दर्जन घर गिर गये। जानकारी के मुताबिक गंगटी ग्राम निवासी राजाराम पासवान का मकान ध्वस्त हो चुका है। परिजनों ने बताया कि लगातार बारिश होने के कारण मकान ध्वस्त हो गया है, अब हम लोग दूसरे के मकान में रहने के विवश हैं । घर में रखी सामग्री का भी काफी नुकसान हुआ है। इधर, रामप्रवेश शाह के मिट्टी का मकान गिर गया, जिसमें जान माल की कोई क्षति नहीं हुई है। अरविंद पासवान के मकान पर एक विशाल पेड़ गिर गया ,जिससे उनका मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने मृत परिवार के लोगों से मिलकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा संचालित अबुआ आवास योजना का लाभ इन लोगों को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जो भी प्रावधान होगा, पीड़ित परिवार के लोगों को दिलवाने का हर संभव प्रयास करूंगा । मौके पर उप मुखिया अनुज कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

### झामुमो सरकार ने महिलाओं को ठगने का काम किया है: सत्येन्द्रनाथ तिवारी



**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा-रंका विधान सभा क्षेत्र में गरीबों के लिए संचालित योजना में मंत्री के बिचौलिए लूट मचाए हुए हैं। योजना से वंचित गरीबों की कोई सुनने वाला नहीं है। पेयजल मंत्री को बताना चाहिए कि कितने लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया। चुनाव नजदीक आते ही झामुमो सरकार महिलाओं को भी ठगने का काम किया है। उक्त बातें पूर्व विधायक बुधवार को सदर प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत के धर्मडीहा में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सहयोग नहीं करने की रोना रोने वाले झामुमो के मंत्री को यह भी बताना चाहिए कि प्रधानमंत्री की ओर से जल जीवन मिशन के लिए मुहैया कराये गए साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि मंत्री गढ़वा-रंका विधान सभा क्षेत्र में लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने में नाकाम साबित हुए हैं। भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी ने कहा कि झामुमो सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई। चुनाव के समय किए गए एक भी वादों को पूरा नहीं किया गया। झामुमो सरकार में लोग भयभीत व त्रस्त हैं। भाजपा में शामिल होने वालों में नितेश कुमार पासवान, अनुप सिंह, संजीत सिंह, रमेश शर्मा, महाराजा कुमार, रोहित पासवान, परमानंद कुमार, प्रमोद पासवान, कुंदन प्रजापति, अखिलेश पासवान, अजय पासवान, परगास चंद्रवंशी, रविंद्र शर्मा, मनोज पासवान, छोटू पासवान, विकास पासवान, पंकज पासवान, सत्येंद्र साह, श्रीराम पासवान, वीरेंद्र पासवान, कामेश्वर पासवान, महेंद्र पासवान, अविनाश चंद्रवंशी, उपेंद्र चंद्रवंशी, जितेंद्र पासवान आदि सहित दो सौ से अधिक लोग शामिल हैं। मौके पर जितेंद्र चंद्रवंशी, विवेकानंद तिवारी, उमेश सिंह, सन्नी चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय अजजा आयोग के सदस्य को विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य डॉक्टर आशा लाकड़ा को ज्ञापन देकर जिले में संचालित अनुसूचित जनजाति बालक,बालिका छात्रावास एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में समस्या को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन के माध्यम से अभाविप ने जर्जर भवन नाइट गार्ड , कूक, सांस्कृतिक वाद्य यंत्र, खेल का सम्मान एवं समय पर छात्रवृत्ति न मिलना इन सभी विषयों को लेकर ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट करया। विद्यार्थी परिषद अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय गारू में गलत तरीके से चल रहे रेफरल अस्पताल के बारे में भी अवगत कराया। अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय से अस्पताल को अबिलंब हटाने का आग्रह किया।

### विशेष कैंप के माध्यम से दी जा रही लाभ

**मयूरहंड (चतरा)।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार विशेष कैंप का आयोजन बुधवार को कदगांवा कला पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई। शुभारंभ प्रखंड प्रधान सहायक ओम प्रकाश शर्मा, मुखिया अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में पंचायत क्षेत्र से काफी संख्या में जरूरतमंद महिला व पुरुष शामिल हुए। शिविर में पहुंचाने वाले लोगों को परेशानी ना हो इसे लेकर मुखिया व प्रधान सहायक ने विभाग वार लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर संबंधित विभागों के कर्मियों को शिविर में आने वाले आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। शिविर के माध्यम से 100 अबुआ आवास,110 अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना,90 जाती प्रमाण पत्र के अलावा सावित्रीबाई फुले योजना के तहत आवेदन पत्र प्राप्त किया गया। कैंप के माध्यम से सभी प्राप्त आवेदनों को सरकार के पोर्टल पर ऑन द स्पॉट ऑन लाइन कर निष्पादन किया गया। पेंशन संबंधित आवेदनों को जांचों उपरांत ऑन द स्पॉट स्वीकृति पत्र लाभुकों को दिया गया। मुखिया अशोक कुमार ने कहा कि सरकार की इस पहल से अभिवंचित लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है।

### दुर्गा पूजा धूमधाम से मनान का निर्णय, सुनील बने अध्यक्ष

**बारियातू।** प्रखण्ड के फूलसु पंचायत स्थित फूलसु में शिव मन्दिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा धूमधाम व शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने को लेकर समाज सेवी लाल आशीषनाथ सहादेव की अध्यक्षता में बैठक हुई। सर्वसमिति सें अध्यक्ष सुनील केसरी (बब्लु लाल), उपाध्यक्ष पुनु प्रजापति, कोषाध्यक्ष पवन ठाकुर, सचिव अमर साव, चीकू सिंह, महासचिव काली लाल व सदस्य के रूप मे रामेश्वर प्रजापति,नीरज ठाकुर, रोहित कुमार, चीकू कुमार, चन्दन कुमार, विजय साव, गोलू, मोनू साव, आशीष,दशरथ यादव,वरुण, छोटू पासवान, अलोक यादव, उमेश यादव चुने गए।

# उपायुक्त ने ईवीएम मोबाइल डिमोस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** आगामी चुनाव के मद्देनजर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा 04 ईवीएम मोबाइल डिमोस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान समाहरणालय में ईवीएम डिमोस्ट्रेशन केंद्र का शुभारंभ किया गया, ताकि लोगों को जागरुक किया जा सके। ईवीएम व वीवीपैट मशीन डिमोस्ट्रेशन के माध्यम से आगामी चुनाव के दौरान ईवीएम मशीन के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। दो जागरूकता वाहन के माध्यम से लातेहार विधानसभा क्षेत्र व दो जागरूकता वाहन के माध्यम से मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत घूम-घूम कर ईवीएम वीवीपैट मशीन तथा निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी जानकारियां मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, निर्वाचन कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में शिल्पकार भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा शहर समेत ग्रामीण इलाकों में धूमधाम से मनाई गई। मंगलवार की सुबह से ही पूजा की धूम दिखी। गैरेज लेन समेत अन्य प्रतिष्ठानों में शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। देर शाम तक शहर का माहौल भक्तिमय बना रहा। टोरी जंक्शन परिसर में पंडाल बनाया गया था देर शाम तक श्रद्धालु भगवान के दर्शनार्थ घूमते दिखे। बुधवार की दोपहर बाद विधि विधान से हवन पूजन के बाद विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। चंदवा में मुख्य रूप से महिंद्रा ट्रैक्टर,हिंडालको, आर के ट्रांसपोर्ट, संतोष कंस्ट्रक्शन, ओम प्रेस, टोरी जंक्शन समेत अन्य स्थानों में प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पूजा के मद्देनजर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह सदल बल के साथ पूरी तरह मुश्तैद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बारिश से कई घर क्षतिग्रस्त

**कुन्दा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र अंतगर्त ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दिनों लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कच्चा घर क्षतिग्रस्त हो गया है। पचरुखिया गांव निवासी विधवा बुधनी देवी पति लचंदर पासवान व शाहपुर गांव निवासी मुन्नी देवी पति विष्णुदेव यादव का घर क्षतिग्रस्त हो गया है। भुक्तभोगी ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार बारिश होने के कारण मिट्टी का दीवार गिर गया। कच्चे मकान का खपड़ा चकनाचूर हो गया है। घर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पीड़ित परिवारों को फिलहाल रहने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भक्तभोगी परिवार ने अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग की है।

### वर्षा से कई मकान गिरे

**चंदवा।** पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश से चंदवा प्रखंड क्षेत्र के चंदवा पूर्वी में सबीना प्रवीण पति जमील कुरैशी का मकान, माल्हन के लोहरसी में रामकिशुन भगत समेत अन्य कई लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावा चंदवा पश्चिमी, हुटाप,अलौदिया,जमीरा,बोदा,डुमारो समेत विभिन्न पंचायतों में भी कई गरीबों का आशियाना गिरने की सूचना है। कई परिवार भारी बारिश के कारण बेघर हो गये हैं। कई घरों में बारिश का पानी घुस गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को अलौदिया पंचायत और चंदवा पूर्वी से ग्रामीण प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक से मिलकर घर में बारिश का पानी घुस जाने की बात बताई। सीओ ने राजस्व कर्मचारी को भेज स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित परिवार को प्रखंड प्रशासन की ओर से अनाज उपलब्ध कराया गया। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से आवास योजना का लाभ दिलाने की भी गुहार लगाई है। अंचलाधिकारी से प्रखंड में बारिश से हुए नुकसान के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि तेज बारिश से घर गिरने कि सूचना मिली है, लेकिन अब तक किसी भुक्तभोगी का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

### नाला में बहने से बच्चे की मौत

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के बसिया ग्राम स्थित नाला में बह जाने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना बीते मंगलवार की है। मृतक बच्चे की पहचान बसिया ग्राम निवासी शिवा उरांव के 3 वर्षीय पुत्र अश्विन उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अश्विन उरांव अपने घर के आसपास के बच्चों के साथ घर से कुछ दूरी पर स्थित नाला के पास खेल रहा था। इस बीच खेलने के दौरान ही वह नाला में गिर पड़ा। नाले में बहकर वह करीब 100 मीटर दूर चला गया। उसके साथ खेल रहे बच्चे घर में आकर इस घटना की जानकारी दी। तब घर के परिजन और आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और अश्विन उरांव को नाला के किनारे एक झाड़ी में फंसा हुआ पाया। उसे तत्काल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। वहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### 22 से ग्रामीण प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**चंदवा।** आगामी 22 सितंबर से लातेहार विधानसभा के पूर्व विधायक प्रकाश राम के सौजन्य से बालूमाथ स्थित हाई स्कूल खेल मैदान में लातेहार विधानसभा स्तरीय ग्रामीण प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में चंदवा स्थित पथ निर्माण विश्रामगार में प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के राजकुमार पाठक, रविराज कुमार व इरशाद मुन्ना ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। टूर्नामेंट निःशुल्क है। विजेता को 51 हजार,उप विजेता 25 हजार नकद व ट्रॉफी, क्रमशः तीसरे चौथे और पांचवे स्थान पर आने वाली टीम को 10 हजार, 7 हजार व 5 हजार नकद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए चंदवा प्रखंड की टीम इरशाद मुन्ना 7011360842, रविराज 9334068912 व सुमित उरांव को 8825275628 पर संपर्क कर सकते हैं। मौके पर दीपक निषाद, शिकेश्वर यादव, श्रवण प्रसाद, रिंकी वर्मा, रवि पांडुरंगा, उदय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र की मौत

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के सिंदुआरी कला गांव में पिता-पुत्र की मौत बाइक दुर्घटना में हो गई। पिता पुत्र की मौत के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता कि यह घटना इटखोरी एवं गिद्धौर थाना सीमा पर स्थित हौवाग मोड़ के पास घटी। घटना सोमवार की देर रात की है। बताया जाता है कि मृतक के बड़ा पुत्र मिथलेश कुमार भुइयां इटखोरी से घर आ रहा था। इस बीच भुरकुंडा जंगल में बाइक का पेट्रोल समाप्त हो गया। इसकी सूचना मिथलेश ने अपने पिता को दिया। पेट्रोल लेकर उपेंद्र भुइंया(45) व छोटा पुत्र रंजन कुमार (18) के साथ बाइक से बड़ा पुत्र मिथलेश कुमार को पेट्रोल पहुंचाने इटखोरी थाना क्षेत्र के भुरकुंडा गांव जा रहा था। उस समय वर्षा भी काफी हो रही थी। जबकि हौवाग मोड़ के पास सड़क पर विशाल बरगद का पेड़ गिरा था जिसे, पिता-पुत्र नहीं देख पाए और सीधा जाकर पेड़ से बाइक जा टकराया। घटना के बाद किसी राहगीर ने 108 एंबुलेंस को बुलाकर दोनों को सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। मौके पर ही पुत्र रंजन कुमार की मौत हो गई थी, जबकि पिता उपेंद्र भुइयां की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। दोनों के शव को अंत परीक्षण करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। दोनों की मौत की खबर से पूरे गांव में मातम छा गया। पीड़ित परिवारों ने सरकार से सहायता की गुहार लगाई है। मंझगावां पंचायत के मुखिया सरिता देवी व समाज सेवी बसंत सिंह ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर हर संभव मदद करने अश्वासन दिया।

### जेएसएससी, चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा कदाचार मुक्त कराएं : उपायुक्त




**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेएसएससी), चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा 2024 के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिये प्रतिनियुक्त स्टैटिक, सेंटर ऑब्जर्वर एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में जेएसएससी, चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्र पर सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को अपने-अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कार्यपालक दंडाधिकारी अनिल मिंज, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राजकीय कृत मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति का चुनाव

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय कृत मध्य विद्यालय फुलांग में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में मुखिया रेणू देवी, पंसस प्रीति कुमारी की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। चुनाव कराने को लेकर पर्यवेक्षक के रुप में विजय कुमार रजक मौजूद थे। 12 सदस्यों का कमेटी गठन किया गया। अध्यक्ष संजीत रजक, उपाध्यक्ष रेखा देवी, संजोजिका रेणु देवी का चयन किया गया। मौके पर अभिभावक महादेव पांडेय,राधिका राम,अनिल भगत ,राधे भगत ,दिनेश पांडेय आदित्य पांडेय, सत्रुधान दांगी, गेंदों यादव, गुड्डू रजक, शंकर रजक, प्रधानाध्यापक विजय कुमार मेहता के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## वर्षा से गरीबों पर आफत, खपरैल मकान गिरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू।** प्रखण्ड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा निवासी लखन यादव पिता स्व. बिगु यादव का घर तीन दिन से लगातर बारिश होने के कारण गिरकर ध्वस्त हो गया। पीड़ित परिवार लखन यादव ने बताया कि बरसात में अचानक घर गिरने से उन लोग का रहना मुश्किल हो गया है। घर के उपर ढ़का 10 पीस एलवेस्टर पूरी तरह सें टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। घर में रखा चावल, धान व अन्य सामग्री बर्बाद हो गया। भाटचतरा निवासी सकेंद्र भुइयां पिता स्व. फिरांगी भुइयां की मिट्टी खपरैल घर भरभरा कर गिर गया। जिससे 50 किलो चावल व घर में रखा कई बर्तन सहित अन्य सामान की नुकसान हो गया। सकेंद्र भुइयां ने बताया कि उन लोगों का 7 परिवार इस घर में रहता है, जो लगातार बारिश के कारण घर गिर जाने सें हम लोग सभी परिवार रहने के लिए काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मकरा ग्राम निवासी विकास ठाकुर पिता भुखल ठाकुर का मिट्टी खापरैल घर भरभरा कर गिर गया। पीड़त विकास ठाकुर ने बताया कि हमलोग चार परिवार रहते है। घर गिर जाने से सभी को रहना मुश्किल हो गया है। शिबला पंचायत के जगड़ातरी टोला निवासी प्रकाश उरांव पत्नी बसंती देवी व चेटुआग निवासी रोहित महतो पिता भोला महतो का घर बारिश की वजह से गिर गया। उक्त पीड़ित परिवार ने संबंधित विभाग से मुआबजा के साथ पीएम आवास व अबुआ आवास की मांग की है।

### घायल पक्षी को बचाकर मानवता का परिचय दिया

**बालूमाथ।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात ने चिल्ह नामक पक्षी का जान बचा मानवता का परिचय दिया। जरसल बालूमाथ बाजार ताड़ में एक चील जमीन पर गिरा पड़ा था जिसे गली के आवारा कुत्ते नोज रहे थे। चिल्ह पर आमिर हयात की नजर पड़ने पर तुरंत उसे कुत्तों से बचाया और वन विभाग को जानकारी दी। वन विभाग ने उसका रेस्क्यू कर पशु चिकित्सालय ले गया। जहां चील की ईलाज की जा रही है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा हर्षोंउल्लास के साथ की गई। पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। प्रखंड मुख्यालय के ठाकुरबाड़ी सहित अन्य जगहों पर प्रतिमा स्थापित की गई। उसके बाद पट खुला और विधि-विधान के साथ उनकी पूजा अर्चना की गई। इस दौरान जगह-जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पूजन को लेकर वाहन मालिकों में उत्साह देखा गया। सभी अपने-अपने वाहनों को आकर्षक तरीके से सजाया था।बुधवार को हवन के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन जुलूस गाजे बाजे के साथ निकाली गई। श्रद्धालु एक दूसरे को अबीर लगाते और नाचते गाते हुए जलाशय की ओर रवाना हो गए।

## प्रखण्ड स्तरीय खरीफ कार्यशाला में कृषकों को दी गई खरीफ फसल की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एथिक सेंटर में प्रखण्ड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का अयोजन बुधवार को गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती द्वारा कार्यशाला का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज यादव द्वारा किया गया। प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार द्वारा कार्यशाला के माध्यम से किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजना के बारे में विस्तर पूर्वक जानकारी दी गई। विशेषकर कर मिलेट मिशन योजना अंतर्गत किसानों को 30 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन कराने पर जोर दिया गया। किसानों को प्रति एकड़ 3000 हजार राशि मिलने की बात कही गई है। किसान समृद्धि योजना के तहत सोलर पम्प 90 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को मिलेगा। किसान क्रेडिट कार्ड समेत कई अन्य योजना का जानकारी किसानों को कार्यक्रम में दिया गया। मौके पर कृषक संतोष कुमार, अनुज कुमार, प्रेम कुमार,निर्मल गंझु,विजय यादव समेत कई कृषक उपस्थित थे।

### बारिश व तेज हवाओं से फसलों को नुकसान, मुआवजे की मांग

**कुन्दा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से हुई बारिश के साथ चली हवा के कारण किसानों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। भारी बारिश से खेत जलमग्न हो गया, तो वहीं तेज हवाओं से बड़े पैमानों पर फसलों को नुकसान पहुंचा है। शाहपुर गांव निवासी किसान मुकेश यादव ने बताया कि भारी बारिश से मकई का खेत पानी से डूब गया। तेज हवा चलने से सभी मक्का टूटकर जमीन में गिर गया, जिससे सारा मकई का फसल बर्बाद हो जाने से बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। किसानों ने सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो से उचित मुआवजे की मांग किया है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Tender Notice**

Sealed tender is invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work: -

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non-refundable) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 198 /PR/JUSNL/ 2024-25 | Procurement of Auxiliary relays for control & relay panels at 132/33kV GSS Latehar. | Rs. 590.00 (Rs.500.00+ SGST @ 9% +CGST@9%) | Rs. 3,500/- |

1. Start date for sale of tender documents :- 20.09.2024 from 02:00 PM
2. Last date for sale of tender documents :- 14.10.2024 upto 05:00 PM
3. Last date & time of submission of tender document :- 15.10.2024 upto 03:00 PM
4. Due date & time of opening of tender document Part-I :- 15.10.2024 at 04:30 PM
5. Tender documents along with terms and conditions can be purchased from the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D drawn in favour of **Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj** payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/ submission of tender documents shall be entertained.
7. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. For any clarifications, please contact on Mobile No. 9771850485.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 335945 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)


# सरकार की संचालित योजनाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं : आशा लकड़ा




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिले में अनुसूचित, जनजाति वर्ग के कल्याण और विकास हेतु किए जा रहे कार्यों व संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने सभी विभागों में संचालित केन्द्र व राज्य प्रायोजित योजनाओं में झारखंड के अनुसूचित जनजातियों के उत्थान के लिए क्या प्रभावी कदम उठाए गए है तथा कितने एसटी समुदाय के लोगों को लाभान्वित किए जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजातीय समुदाय के विकास व कल्याण के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया गया है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में सर्वप्रथम शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारीयों को स्कूलों में जाकर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी प्रमंडल ब्रजेश कांत जेना, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्यगण, परियोजना निदेशक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


**परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय– जादुगोड़ा**
पोस्ट : जादुगोड़ा माईन्स, जिला– पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड–832 102
ATOMIC ENERGY CENTRAL SCHOOL- JADUGUDA
(Under AEES, an Autonomous body, Dept. of Atomic Energy, Govt. of India)
Po: Jaduguda Mines, Dist.: East Singhbhum, Jharkhand. Pin.- 832102
( Affiliated to CBSE Delhi, Affiliation No. 3480002 , School No. - 66237 )
Phone - 0657-2953561 e-mail: aecsjad1@yahoo.com

NO: AECS/J/B-20/2024 September 6, 2024

**शिक्षकों की आवश्यकता है**

शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए जादूगोड़ा, नरवापहाड़ और तुरामडीह (सीबीएससी से संबद्ध अंग्रेजी माध्यम स्कूल) में परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालयों में नीचे उल्लिखित पदों के लिए, पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर शिक्षकों की आवश्यकता है।

पीजीटी - गणित, वाणिज्य
टीजीटी - विशेष शिक्षक

उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेज और एक तस्वीर के साथ हमारे विस्तृत विज्ञापन में उल्लिखित तिथि और समय पर लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सट्टी पात्र उम्मीदवारों को उसके बाद कौशल परीक्षा में ड्राग लेना होगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.uraniumcorp.in पर जाएं।

(एन.के. ब्लाहटिया)
समन्वयक प्राचार्य
एईसीएस, जादूगोड़ा केंद्र

CBC 48134/12/0030/2425



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in e-mail : gmtzdal@gmail.com
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj

**Tender Notice**

Sealed tender is invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/ firms for the following work:

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of B.O.Q (Non-refundable) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 197/PR/JUSNL/ 2024-25 | Installation of tower accessories i.e., number plate, danger plate, circuit plate, anti-climbing device and painting of tower footings in 132kV D/C Daltonganj(JUSNL) - Daltonganj(PGCIL) Transmission line under TSD, Daltonganj. | Rs.1476.00 (Rs.1250+ SGST@9% +CGST@9%) | Rs.17,000.00 |

1. Start date for sale of tender documents :- 20.09.2024 from 02:00 PM
2. Last date for sale of tender documents :- 14.10.2024 upto 05:00 PM
3. Last date & time of submission of tender document :- 15.10.2024 upto 03:00 PM
4. Due date & time of opening of tender document Part-I :- 15.10.2024 at 04:30 PM
5. Tender documents along with terms and conditions can be purchased from the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D drawn in favour of **Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj** payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/ submission of tender documents shall be entertained.
7. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. For any clarifications, please contact on Mobile No. 9771850485.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 335935 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D

# नेतरहाट घाटी में लैंडस्लाइड के बाद जेसीबी से मलबा हटाने का कार्य शुरू







प्रशासन ने किया नुकसान का आकलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के बिशुनपुर में लगातार चार दिनों की बारिश के बाद नेतरहाट घाटी में लैंडस्लाइडिंग की घटना हुई, जिससे सड़कों पर भारी मलबा जमा हो गया। बुधवार को सड़क निर्माण विभाग रांची के अधीक्षण अभियंता मुन्ना लाल की निगरानी में जेसीबी द्वारा मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। विभाग सड़कों की ब्रैकेटिंग कर उन्हें सुरक्षित करने का प्रयास कर रहा है ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। लैंडस्लाइडिंग से घाटी में गढ़वाल भी क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे सड़क पर दरारें आ गई हैं। भारी वाहन अब भी उस रास्ते से गुजरने से बच रहे हैं, जबकि छोटी गाड़ियाँ और खाली यात्री बसें वहाँ से गुजर रही हैं। इसी बीच, प्रखंड प्रशासन भी सक्रिय है। अंचलाधिकारी शेखर वर्मा और प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा अपनी टीम के साथ लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं, ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द मुआवजा मिल सके।

## न्यूज | बॉक्स

### शिवनाथपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर का डीडीसी ने किया निरीक्षण



**गुमला।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे चरण के तहत सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण उप विकास आयुक्त गुमला दिलेश्वर महत्तों और एसडीओ सदर राजीव नीरज ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही, शिविर में पहुंचे लाभुकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का त्वरित निपटारा किया गया। शिविर में नागरिकों द्वारा छोड़े गए आवेदन प्राप्त किए गए और उनकी समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया गया। इस शिविर का उद्देश्य राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को सीधे पहुंचाना है। कार्यक्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी योजनाओं के स्टॉल लगाए गए थे। उप विकास आयुक्त और एसडीओ सदर ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया और कई मामलों का मौके पर निपटारा किया। आज शिविर गुमला जिले के विभिन्न पंचायतों, जैसे डुको (घाघरा), पंडरानी (सिसई), पोकटा (बसिया), टुरुंडू (कामडारा), सेरका (बिशुनपुर), करौंदी (गुमला), तुरिअम्बा (भरनो), उमड़ा (पालकोट), और वार्ड संख्या 20 (नगर परिषद क्षेत्र) में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### श्री दुर्गा पूजा समिति मैना बगीचा कमेटी का हुआ विस्तार, अध्यक्ष बने सुमन साहू



**लोहरदगा।** श्री दुर्गा पूजा समिति मैना बगीचा ,नदिया की बैठक मुख्य संरक्षक सह निवर्तमान वार्ड पार्षद कमलेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पूजा समिति के द्वारा धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया,इस मौके पर कमलेश कुमार ने कहा कि हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा और विधि विधान से पूजा पाठ कराया जाएगा। इस बार विद्युत सज्जा के साथ साथ भव्य पूजा पंडाल बनाया जाएगा। माता रानी के भक्तो को किसी प्रकार की परेशानी न हो उसका उचित ख्याल रखा जाएगा। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुमन साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ज्योतिष साहू, बबलू साहू उपाध्यक्ष डा.सैलेश कुमार, रंजीत लकड़ा,रितेश साहू उर्फ गुड्डू, संतोष कुमार सचिव दीपक शर्मा ,सह सचिव- विक्की गुप्ता,राजन गुप्ता,रूपेश कुमार,आशीष वर्मा,अतुल कुमार,आयुष कुमार, कोषाध्यक्ष - विकास कुमार,सह कोषाध्यक्ष निलेश कुमार उर्फ बिट्टू को बनाया गया। साथ ही बैठक में उदय सिंह, अशोक कुमार साहू,अजय प्रसाद साहू, राजू कुमार, राजेंदर वर्मा, प्रदीप कुमार साहू,आदित्य कुमार,परमानंद कुमार,राज महतो,उमेश कुमार, जय प्रकाश सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

### चैनपुर मुख्यालय में धूमधाम से हुई अनंत चतुर्दशी की पूजा



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को अनंत चतुर्दशी का त्योहार काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों ने उपवास रखकर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कर अपने बाजू में अनंत सूत्र बांधा वहीं पूजा करा रहे त्रिलोकी मिश्रा अचार्य ने अनंत चतुर्दशी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाभारत काल से ही अनंत चतुर्दशी की शुरूआत हुई थी। यह दिन भगवान विष्णु का दिन माना जाता है अनंत भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों की रचना की थी और इन लोकों की पालन और रक्षा के लिए स्वयं चौदह रूप में प्रकट भी हुए थे जिससे वे अनंत प्रतीत होने लगे इसलिए अनंत चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और अनंत फल देने वाला माना जाता है।

## एक नजर

### पारिवारिक विवाद में नाबालिग ने की आत्महत्या

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के जामड़ी गांव में बुधवार को एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका युवती की पहचान जामड़ी गांव निवासी चुमनु उरांव की 15 वर्षीय प्रिया कुमारी के रूप में किया गया है। सूचना मिलने पर कुडू थाना के एसआई सोमा उरांव व एएसआई सुकू सोरेन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है।

### करमा पूजा स्थल के समीप अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के मैना बगीचा स्थित करमा पूजा स्थल के समीप एक अज्ञात वृद्धि का शव पुटूस की झाड़ी मे मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि कर्मा त्यौहार के दिन लोग इधर से उधर इस भाग रहे थे। देखने से लगता है कि दिमागी हालत खराब रहा होगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह दुकान दुकान जाकर भिक्षा मांग कर अपना जीवन यापन कर रहा था। समाचार लिखे जाने तक वृद्ध व्यक्ति की पहचान नही हो पाई थी।

### पानी से भरे गड्ढे में गिरने से तीन साल के बच्चे की मौत

**लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के उतका गांव मे पानी से भरे हुए एक गड्ढे में डूबने से तीन साल के बच्चे की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राजू उरांव के पुत्र अकसु उरांव अपने घर के आसपास खेल रहा था। खेलने के दौरान एक निमार्णाधीन मकान के समीप चला गया और वहां खोदे गए गड्ढे में गिर गया। जब बच्चा काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजन बच्चे को ढूंढने लगे। काफी देर बाद घर वालों को इसकी जानकारी हुई कि बच्चा गड्ढे में पड़ा हुआ है।

### भारी बारिश से कुडू में गिरे दर्जनों कच्चे-पक्के मकान

# पीड़ित परिवार दूसरे के घरों में रहने को मजबूर



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन दिनों तक हुई भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बारिश थमने के बाद लगभग सभी गांव में आफत की बारिश से हुई बबार्दी का नजारा देखने को मिल रहा है। दर्जनों कच्चे पक्के मकान गिरने से सैकड़ों लोगों के समक्ष सर छुपाने तक की समस्या उतपन्न हो गयी है। लोगों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। और अब भी कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है। ग्राम गोली निवासी मंजू देवी, ग्राम सुकुमार में सकिम अंसारी, टाकू पतरा टोली में गन्दीरा टाना भगत और सिद्धेस्वर टाना भगत का मकान पुरी तरह ध्वस्त हो गया। ज्ञात हो कि बारिश के पहले दिन पंडरा निवासी इस्माइल पवरिया का पूरा घर और सलगी में गायत्री देवी और हीरा देवी के गाय शेड, बड़की चापी सुनील साहू, रवि कांत मित्तल का घर, कुंदगड़ा में बिरसी देवी का घर पुरी तरह ध्वस्त हो गया था तो जरियो गांव में अनिल लोहरा का घर पर और प्राथमिक विद्यालय कुंदगढा में पेड़ गिरने से घर और विद्यालय क्षतिग्रस्त हो गया। प्रखंड मुख्यालय कुडू में लगा एक पेड़ चारदीवारी तोड़कर सड़क पर गिर गया जिससे कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। बारिश थमने के दूसरे दिन भी कच्चे मकानों के गिरने की सूचना मिली है।

### बारिश से गिरे कई गरीब किसानों के मकान

**सेन्हा-लोहरदगा।** लगातार बारिश होने से कई गरीब किसानों का कच्चा मकान गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया है वही घर गिरने से लोग बेघर हो गए हैं। लोगों को परिवार के साथ रहने के लिये काफी समस्या हो रही है। प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अंतर्गत चमडू ग्राम निवासी स्व. बंधन महतो का पुत्र करमपाल महतो और स्व.आन्धु नायक का पुत्र मधु नायक का कच्चा मकान गिर गया। जिसे दोनों परिवार के लोगो को रहने में काफी दिकत का सामना करना पड़ रहा है।वही करमपाल महतो और मधु नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि मकान गिरने से घर में रख समान भी दब कर नष्ट हो गया। बारिश पानी मे घर गिरने से सभी के समक्ष परिवार के साथ रहने के लिये काफी समस्या हो रही है। वही सभी लोगों ने घर गिरने से हुई छती के लिये मुआवजा की मांग करते हुए अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करना शुरू किया गया है। प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश होने से अन्य पंचायतों में भी घर गिरने की बैग बताई जा रही है।



### भंडरा में बारिश के कारण दर्जनों गरीबों के मकान धराशायी

**भंडरा।** पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश से गरीबों के कच्चे आशियाने गिरने लगे हैं। 24 घंटे में दर्जन से अधिक लोगों के मकान गिर गए हैं। इससे लाखों की गृहस्थी दबकर नष्ट हो गई है। यही नहीं जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण कई लोगों के घरों में पानी भर गया है। ऐसे में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात भंडरा प्रखंड बस्ती के थाना मोड़ निवासी बंधनु उरांव व विजय उरांव का मकान ध्वस्त हो गया। इस घटना मे मकान मे सो रहे परिजन बाल बाल बच गये। घटना मे पीड़ित परिवारों का हजारों रुपया के सामग्री मालवे मे दबा गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगया है। उधर प्रखंड बस्ती मे कई ग्रामीण के घरों मे जलभराव की समस्या हो गई है। वही सीलन की वजह से मकान गिरने का खतरा बना हुआ है। तेज बारिश से भंडरा बस्ती के आठ नंबर वार्ड मे वार्ड सदस्य संतोष पंडित के घर मे पानी घुस गया। वही पवन साहू, रामजीत उरांव सहित कई लोगो के घरों मे पानी घुस जाने के ग्रामीणों का काफी परेशानी उठानी पड़ी।

# चैनपुर में धूमधाम के साथ हुआ विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के प्रेमनगर कई क्षेत्रों में बड़ी धूमधाम के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। वहीं लोगों ने भी अपने-अपने घरों,दुकानों में गाड़ियां, साइकिलें एवं अन्य लौह वस्तुओं का पूजन-पाठन किए। सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पुजारी के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई,पूजा अर्चना के बाद सभी भक्तजनों और आम जनों के बीच प्रसाद वितरण की गई, आज शाम को मूर्ति विसर्जन कर पूजा संपन्न होगी। आपको बताते चलें कि भगवान विश्वकर्मा पौराणिक कथा के अनुसार सृष्टि के प्रारंभ में भगवान विष्णु की नाभि से एक कमल प्रकट हुआ। इस कमल से ब्रह्मा जी उत्पन्न हुए।ब्रह्मा जी के पुत्र वास्तुदेव थे, जो धर्म की वस्तु नामक स्त्री से उत्पन्न हुए सातवें पुत्र थे। वास्तुदेव की पत्नी का नाम अंगिरसी था, जिन्होंने ऋषि विश्वकर्मा को जन्म दिया। ऋषि विश्वकर्मा वास्तुकला के आचार्य बने और उनके पास निर्माण और शिल्पकला का गहरा ज्ञान था।



### विश्वकर्मा पूजा का महत्व

इस दिन औजार,लौह से जुड़े काम करने वाले मजदूर और कामगार अपने औजारों की पूजा करते हैं। पूजा के बाद,वे इन औजारों का उपयोग नहीं करते हैं,ताकि भगवान विश्वकर्मा की कृपा बनी रहे। तकनीकी और निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोग भगवान विश्वकर्मा की आराधना करते हैं,ताकि उनके कार्यों में सफलता और समृद्धि प्राप्त हो सके। भगवान विश्वकर्मा की पूजा और कथा का पाठ धार्मिक पुण्य अर्जित करने का एक महत्वपूर्ण साधन है।पूजा और कथा के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है,जो कामकाजी जीवन में सुधार और समृद्धि लाती है। भगवान विश्वकर्मा की पूजा से व्यावसायिक क्षेत्र में अपार सफलता प्राप्त होती है। कथा का पाठ करने से कार्यक्षेत्र में आ रही बाधाओं और समस्याओं का समाधान होता है।

### डीसी ने की आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक

# मामले को जल्द से जल्द निबटाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिलास्तरीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभागार में की गयी। बैठक में आपदा प्रबंधन द्वारा दी जाने वाली लंबित मुआवजा की समीक्षा एक एक कर की गई। उपायुक्त ने लंबित मामलों को नियम संगत जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आमजनों के समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील होते हुए गम्भीरता दिखाएं। उपायुक्त ने कहा कि बिना वैध कारण के आवेदनों को रद्द नही करें। बैठक में उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को सभी अंचलों के सीओ से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द मामलों का निपटारा करते हुए, किये गए समुचित कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अपर समाहर्ता जितेंद्र सिंह मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा प्रमोद कुमार दास, समेत जिले के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### चौदह गांठ वाले धागे को खीरे में लपेटकर दूध-दही से बने क्षीर सागर में किया मंथन

# आस्था व श्रद्धा के साथ मना अनंत चतुर्दशी व्रत

*भगवान अनंत देव के पूजन से घर में आती है समृद्धि*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** श्रद्धालुओं ने आस्था व श्रद्धा के साथ अनंत चतुर्दशी व्रत किया। सुख की प्राप्ति व दुःखो से मुक्ति की कामना से भाद्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी के दिन श्रद्धालुओ ने अनंत चतुर्दशी का व्रत रखा। श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों में भी सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओ ने उपवास रख केले के पत्ते का मंडप बनाकर कुश के अनंत देवता का फल व गुलाबी व पीले फूलों से पूजन किया गया। खास मनोकामनाएं की पूर्ति के लिए भृंगराज के पत्ते, शमी के पत्ते, तुलसी के पत्ते, बेलपत्र से भक्तिभाव से पूजा की। चौदह गांठ से बने धागे को खीरे में लपेटकर दूध-दही से बने क्षीरसमुद्र में मंथन किया। अनंत भगवान को ढूंढा। सिर पर मंथन किये मिश्रण को लगाया। पंडितों से कथा का श्रवण किया। इसके बाद आरती की गयी। धागे को बांह में धारण किया। इसके बाद खीर, पूरी व फल ग्रहण किया। मंदिरो में देर शाम तक श्रद्धांलुओं की भीड़ पूजन कराने के लिए आती रही। पंडित रामाधार पाठक, आनन्द पाठक आदि पुरोहित बताते है कि 14 साल तक इस व्रत को करने से सभी विपतियों का नाश होता है। घर परिवार में खुशहाली व धन वैभव आता है। उन्होंने बताया कि जब पांडव जुए में अपना सारा राजपाट हारकर वन में कष्ट भोग रहे थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें यह व्रत करने की सलाह दी थी। इस व्रत के प्रभाव से पांडव संकटों से मुक्त हो गए। कहा कि भगवान सत्यनारायण के समान ही अनन्त देव भी भगवान विष्णु का ही एक नाम है। यही कारण है कि इस दिन भगवान सत्यनारायण का व्रत और कथा का आयोजन किया जाता है। इस दिन संकटों से रक्षा करने वाला अनन्त सूत्र बांधा जाता है। यह सूत्र भगवान श्री हरि विष्णु को प्रसन्न करने वाला तथा अनंत फल देने वाला माना गया है। अनंत सूत्र को पुरुष दाएं हाथ में और महिलाएं बाएं हाथ पर बांधें।



### आसमान पर पहुंचा खीरे का दाम

**लोहरदगा।** अनंत पूजा को लेकर खीरा का दाम आसमान पर पहुंच गया। बाजार में 20 से 25 रुपये किलो तक मिलने वाला खीरा 40 से 45 रुपये किलो तक पहुंच गया। फलों के दाम में भी थोड़ी बहुत उछाल देखी गयी। हालांकि इसके बावजूद लोगों ने फलों आदि की खरीदारी की।

### बाजार में खरीदारी के लिए लगी रही लोगों की भीड़

जिले भर में श्रद्धा भक्ति के साथ मंगलवार को अनंत चतुर्दशी का व्रत मनाया गया। व्रत की तैयारी में श्रद्धालु कई दिनों से लगे हुए थे। अनंत पूजा को लेकर बाजार में पूजन सामग्री व अनंत खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। बाजार में अनंत की बिक्री जम कर हुई। पांच रुपये से लेकर 25 रुपये तक के अनंत बाजार में उपलब्ध थे। रंग-बिरंगे अनंत से पूरा बाजार पटा पड़ा था। भाद्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का त्योहार हर घर में मनाया जाता है। श्रद्धालुओं ने अनंत भगवान की पूजा करके संकटों से रक्षा करने की प्रार्थना की। पूजा के बाद चौदह गांठों वाले सूत्र को अनंत भगवान का स्वरूप मान कर पुरुष दाएं व महिलाओं ने बाएं बाजू पर धारण किया। मान्यता है कि अनंत के चौदह गांठों में प्रत्येक गांठ एक-एक लोक का प्रतीक है। इसकी रचना भगवान विष्णु ने की है। गांवों में एक जगह एकत्रित होकर श्रद्धालुओं ने अनंत भगवान की पूजा धूमधाम से की।

# लोहरदगा में धूमधाम से की गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा पूजा मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। शहरी क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गई। मौके पर व्यवसायिक प्रतिस्थानों के अलावा सभी ने अपने दो पहिये, चार पहिये, बड़ी वाहन, ट्रेक्टर, जरनेटर आदि मशीनरी चीजों को फुल-मालाओं से सजाकर उनकी पूजा कर प्रसाद वितरण किया। बाजार के शोरूम सहित विभिन्न हार्डवेयर के दुकानों, जेनरेटर संचालकों, टीवी व अन्य इलेक्ट्रानिक्स दुकानों, बस स्टैंडों, वाहन गैरेजों, कम्प्यूटर सेंटर समेत विभिन्न मशीनरी दुकानों सहित अनेक प्रतिष्ठानों में पूजा अर्चना के मौके पर भाग लेने के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने विश्वकर्मा भगवान की पूजा अपने-अपने घरों में भी धूम-धाम से की। इस पूजा को लेकर इस दौरान पूजा स्थलों आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बुधवार को देर शाम भक्तो ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को बड़े धूम धाम से विसर्जन किया। इधर कमला देवी राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड में भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से मनाया गया।



### श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुई अनंत चतुर्दशी व विश्वकर्मा पूजा

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा भक्ति व हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा पूजा मनाया गया। विश्वकर्मा पूजा और अनंत चतुर्दशी एक साथ होने के कारण सभी लोगों के मन मे उमंग और उत्साह था।वही भक्तों द्वारा देव शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का पूजन के अवसर पर अपने अपने वाहन तथा दुकान में उपयोग करने वाले वस्तुओं का विधिवत पूजन किया गया।सुबह से ही लोग पूजा की तैयारी में जुटे हुए थे। तथा अनंत चतुर्दशी का त्यौहार होने के कारण भक्तों द्वारा घरों में और मंदिरों में भगवान श्री विष्णु का अनंत स्वरूप का श्रद्धा भक्तिभाव से पूजन किया गया।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से रेलकर्मी की मौत

**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर रेलमंडल में मनोहरपुर के सोनपोखरी गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से ड्यूटी में तैनात रेलकर्मी की मौत हो गई। मृतक 54 वर्षीय रेलकर्मी का नाम धनेश्वर महतो की मैन के पद पर कार्यरत थे। धनेश्वर मूल रूप से मनोहरपुर थाना क्षेत्र के तरतरा गांव का रहने वाले थे। विगत सोमवार की सुबह धनेश्वर सोनपोखरी के समीप रेल लाइन में ड्यूटी में तैनात था, इसी दौरान पोल क्रमांक 364/24 डाउन लाइन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह हावड़ा-अहमदाबाद ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर भेजते हुए अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट होते ही निरसा सीट के लिए खींचतान शुरू

# महागठबंधन के दो दल आमने-सामने




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** हाल ही में मासस का विलय माले में हुआ है. इसके बाद निरसा विधानसभा सीट के लिए दावेदारी तेज हो गई है. माले में मासस के विलय के बाद निरसा सीट पर माले की ओर से पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को महागठबंधन से प्रत्याशी बनाए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस इस पर एतराज जता रही है. इस संबंध में कांग्रेस नेता निशिकांत मिश्रा ने कहा कि अरूप चटर्जी को यह विश्वास हो गया था कि वह अपने दम पर चुनाव जीतने वाले नहीं हैं. यदि उन्हें महागठबंधन से टिकट मिलता है तो चुनाव आसानी से जीत सकते हैं. इसी कारण मासस का विलय माले में किया गया है, ताकि महागठबंधन से उन्हें टिकट मिल सके और वह अपनी जीत सुनिश्चित कर सकें. उन्होंने कहा कि कांग्रेस निरसा सीट पर महागठबंधन धर्म निभाती है तो कार्यकर्ता पूरी तरह से टूट जाएंगे. पार्टी को निरसा से अपना प्रत्याशी उतारने की जरूरत है. निशिकांत मिश्रा ने कहा कि मजदूर से जुड़े कांग्रेस नेता को यहां से प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए. निरसा एक औद्योगिक नगरी है. यहां 90 प्रतिशत मजदूर वर्ग के लोग हैं. उन्होंने कहा कि निरसा में कांग्रेस की सीधी टक्कर भाजपा से है. कांग्रेस से प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर मुस्लिम मतदाता मायूस होकर मासस को अपना वोट देते रहे हैं. जिसके बल पर पूर्व विधायक का अरूप चटर्जी जीतते आए हैं. उन्होंने लोकसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि अगर बाहरी कैंडिडेट नहीं दिया गया होता तो निरसा में हमारा प्रत्याशी जरूर लीड करता. उन्होंने कहा कि निरसा सीट पर झामुमो का कोई आधार नहीं है.

#### कार्यकर्ताओं के मन का ख्याल रखे पार्टी

उन्होंने कहा कि जिन्होंने 40 सालों तक पार्टी का झंडा ढोया है उनके भी कुछ अरमान हैं. पार्टी को इसका ख्याल रखना चाहिए. उन्होंने कहा कि महागठबंधन से अगर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को निरसा से प्रत्याशी बनाया जाता है तो कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता नाराज हो जाएंगे.

### नेशनल कैरम चैंपियनशिप के लिए झारखंड की टीम घोषित, दो खिलाड़ी गोड्डा से

**गोड्डा।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में 23 से 26 सितंबर तक आयोजित '49वीं जुनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप' के लिए झारखंड टीम की घोषणा कर दी गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कैरम के इंटरनेशनल अंपायर सह गोड्डा जिला सचिव सुरजीत झा ने बताया कि स्टेट कैरम एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव मुकुल कुमार झा द्वारा जारी टीम लिस्ट के अनुसार जूनियर बॉयज ग्रुप में जहां रांची के करण कुमार सिंह एवं दिव्यांश राजपाल के अलावा जामताड़ा के मनोरंजन डे, शिवम मंडल, रितेश हेंब्रम एवं शुभदीप डे को शामिल किया गया है वहीं जूनियर गर्ल्स ग्रुप में गोड्डा की खुशी कुमारी एवं रिमझिम कुमारी अपनी जगह बनाने में कामयाब हुई है। दूसरी तरफ यूथ बॉयज के लिए रांची के अंकित राज तथा जामताड़ा के प्रीतम मुर्मू को तथा यूथ गर्ल्स ग्रुप में जामताड़ा की मौसम कुमारी को टीम में शामिल किया गया है।

# केंद्रीय दुर्गा पूजा के अध्यक्ष रंजीत लकड़ा व महामंत्री मिथुन तमेड़ा पुनः निर्वाचित हुए



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने हेतू केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहरदगा की बैठक हुई। जिसमें वर्ष 2023 के लेखा जोखा को प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद वर्ष 2024 के लिए नई समिति के गठन का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें सर्व सहमति से पुरानी समिति को ही इस वर्ष भी केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के कार्य को सफलता पूर्वक करने की जिम्मेवारी दी गई। वहीं पुनः एक बार अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा और महामंत्री मिथुन तमेड़ा चयनित हुए। शेष कार्यकारिणी का विस्तार अध्यक्ष के द्वारा किया जाएगा। निर्वाचित अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने कहा कि विगत वर्षों के अनुभव से इस वर्ष भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन करने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति का गठन एक सामाजिक प्रक्रिया है जो हर वर्ष होती रही है परंतु इसमें सहभागिता प्रत्येक माता रानी के भक्तों का होता है। भक्तों के बिना कुछ भी संभव नहीं है। हम अपने कार्यों के द्वारा लोगों को संदेश देना चाहेंगे कि जिले में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन हमारी पहली प्राथमिकता होगी। जिसमें सभी वरिष्ठ कनिष्ठ भक्तों का सहयोग अपेक्षित है। कहा कि सनातन धर्मावलंबी सभी लोगों के प्रति मैं आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने पुनः मुझे एक बार फिर इस पुण्य दायित्व का निर्वाह करने का अवसर प्रदान किया।

### चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में भारी बारिश से नौ घर ध्वस्त, बाल- बाल बचे लोग

# योग्य लाभुकों को अबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास दिलाने का प्रयास करूंगी : मेरी लकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर** चैनपुर प्रखंड के बरवेनगर सहित परहटोली में बारिश का तभी देखने को मील जहां गरीबों का आशियाना गिरा।पूरे झारखंड में हो रही आफत वाली बारिश का असर सभी जिलों में देखने को मिल रहा है लगातार चार दिनों से हो रही भारी बारिश से चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी नाले उफान पर ही वहीं अब घरों में भी पानी घुसना शुरू हो गया है। जिसके कारण मिट्टी से बने घर जमींदोज होते जा रहे हैं ताजा मामला बरवेनगर गांव का है जहां बरवेनगर निवासी इसराफील खान, अख्तर खान, संतोष साहु, जाकिर खान, शाहिद मिया एवं परहटोली निवासी कंचन भगत, बंधु रौतिया, बसरोपन बैगा, चमरू रौतिया का घर भारी बारिश के कारण पूरी तरह ध्वस्त हो गया हालांकि इसमें किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है वहीं गांव के ग्रामीणों का घर भी बारिश के कारण ध्वस्त हो गया पिड़ितो ने बताया कि पिछले चार दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है जिसके कारण हमारे मिट्टी के घरों में पानी रिसने लगा जिसके बाद हमलोग सभी सुरक्षित जगहों पर रहने लगे फिर अचानक रात में घर गिर गया वहीं बरवेनगर स्कूल के तालाब वाला रास्ता भी बारिश से बह गया जिसको लोगों ने अपने पैसों से मरम्मत कर चलने लायक बनाया बताते चलें कि चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में बहने वाली नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है तलाब से लेकर कुएं एवं खेतों में भी पानी लबालब हो चुका है।

## चाईबासा पुलिस की जन शिकायत समाधान कार्यक्रम कल

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा जिले में जिला पुलिस की ओर से 20 सितंबर को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सदर थाना अंतर्गत पिल्लई हॉल में समय 12:00 बजे अपराह्न में आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में 18 मुख्य मुद्दों पर लोगों की समस्याएं सुन कर झारखंड पुलिस उसका समाधान करेगी। इसकी शुरूआत राज्य स्तर पर की गई है महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर आम नागरिकों की शिकायतों को त्वरित एवं प्रभावकारी ढंग से निवारण करने एवं पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान आम नागरिक पुलिस से संबंधित किसी भी समस्या को पुलिस के समक्ष रख सकते हैं। उन समस्याओं को चाईबासा पुलिस संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई करेगी। शिकायतकर्ता को एक प्राप्ति रसीद भी दी जाएगी। आम नागरिक जिला पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 9508243546 पर फोन कर या फिर पर ईमेल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। इसके लिए जिला नियंत्रण कक्ष/पीसीआर, चाईबासा में एक कोषांग भी बनाया गया है जहां लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते है। चाईबासा पुलिस आम जनों से अपील करती है कि पुलिस से जुड़ी जो भी शिकायतें है उन्हे लेकर कार्यक्रम में शामिल हो।

## लगातार बारिश के कारण दर्जनों घर हुए ध्वस्त

**गुमला।** डुमरी प्रखंड के मझगांव ग्राम में लगातार हो रही बारिश के कारण मंगलवार को रात्रि में तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए। जिनमें सावित्री देवी पति महेंद्र खेरवार, मुकेश खेरवार पिता स्व. धनसु खेरवार, अनिल खेरवार पिता गोविंद खेरवार एवं ग्राम लठाटोली के कमलेश नायक एवं राम नायक का घर ध्वस्त हो गया है। चार पांच दिनों तक लगातार बारिश होने के कारण ही कई लोग घर गिरने से बेघर हो चुके हैं। वहीं मजबूरी में लोग कहीं कहीं आश्रय लेकर काम चला रहे हैं। इस संबंध में मझगांव पंचायत की मुखिया ज्योति बहेर देवी ने कहा की बारिश के कारण मेरे पंचायत में दर्जनों लोगों का घर गिर गया है जो काफी दुखद है, ऐसे में तत्काल अपने से घर बना पाना गरीब लोगों हेतु संभव नहीं है। वहीं मुखिया ने पीड़ितों को सरकारी प्रक्रिया में सहयोग कर पुनः घर बनाने में मदद करने का भरोसा दिलाया है।


**Govt. of Jharkhand**
**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT GARHWA NAGAR PARISHAD**

**E-Procurement Notice**

**Short E-Tender Reference No. : GNP-03/2024-25, Date- 13.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Construction Of Gateway At Entrance/Exit Side And Providing/Fixing Of Main Signage - External Of Bus Stand Under Ward No. -06 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 52,97,600.00 (Fifty Two Lakh Ninty Seven Thousand Six Hundred Sixty Rupees) Only |
| 3. | Tender Fee | Rs. 10000.00 (Ten Thousand Only) (Online Mode) |
| 4. | Earnest Money (Rs.) | 105952.00 (One Lakh Five Thousand Nine Hundred Fifty Two Rupees ) (Online Mode) |
| 5. | Time of Completion | 3 Months |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 18.09.2024 up to 11:00 AM |
| 7. | Last Date/Time for receipt of E-Tender on Website | 28.09.2024 up to 5:00 PM |
| 8. | Date of Opening E-Tender | 30.09.2024, Time: 11:00 AM |
| 9. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa - 822114 |
| 10. | Contact No of E-Procurement officer | 9431141644, 8409053313 |
| 11. | Helpline Number of E-Procurement cell | 8409053313 |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in 4.
4. संवेदक द्वारा 10% से कम दर देने पर एकरारनामा के समय अतिरिक्ति जमानत की राशि देनी होगी
(i) 10% से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
(iii) पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के सभी प्रावधान लागू रहेंगे।

Sd/- Executive Officer
Nagar Parishad Garhwa

PR 335888 Urban Development (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 19/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 18.09.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | नगर उँटारी | RWD/GARHWA/52/2024-25 | मर्चवार स्कूल आर0ई0ओ0 रोड से जासा होते हुए नरही लौंगा नदी तक पथ निर्माण कार्य। (2.650 कि0मी0) | 276.432 | दो करोड़ छिहत्तर लाख तेतालीस हजार दो सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.10.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.335961 NREP(24-25):D



**कार्यालय :- जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू**
**(जिला योजना शाखा)**
e-mail:dpopalamau@gmail.com office:-06562-230859
dpo-palamu@jharkhandmail.gov.in

A. DETAILED NOTICE INVITING VERY SHORT TENDER
Tender is invited in Single stage two cover system i.e. Request for Technical & Financial Bid

| Sr. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Description of the tender | Invitation for Bids for Supply, Installation and Training of Food Processing & Packaging Unit in Palamu District |
| 2 | Duration of the contract | 18 Months (Installation and training period – 03 months & operation and Maintenance period – 18 Months) |
| 3 | EMD in favour of District Planning Officer, Palamu | ₹ 2 Lacs |
| 4 | Bid publishing date | 19.09.2024 |
| 5 | Last date of pre-bid query submission on mail id : dpopalamau@gmail.com | dpopalamau@gmail.com |
| 6 | Address | District Planning office , palamu ,1st Floor new collectorate Building, Pin :- 822101 |
| 7 | Start Date of Bid Preparation and Submission | 19th September 2024 |
| 8 | Last date and time for bid submission | 28th September 2024 (12:00 PM) |
| 9 | Bid Opening | To be Informed |

Note:- The Specified dates and time may change due to declaration of holiday or other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal https://Palamu.nic.in

Sd/
District Palnning officer
Palamu, Jharkhand

PR 335976 District (24-25)_D



**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद, गढ़वा**
**नवनिर्मित बस स्टैंड, गढ़वा में डोरमेटरी एवं रेस्टुरेंट**

हेतु ईच्छा की अभिव्यक्ति संख्या– 03/2024–25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवनिर्मित बस स्टैंड, गढ़वा में प्रथम तल पर (साईज 100 फिट X 60 फिट) डोरमेटरी एवं रेस्टुरेंट का वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की बंदोबस्ती अक्टुबर 2024 से 30 सितम्बर 2027 तक के लिए बन्दोबस्ती हेतु मुहरबंद लिफाफा में दिनांक 25.09.2024 को 11 बजे पूर्वाहन् से 02 बजे अपराहन् तक नगर परिषद, गढ़वा के सभागार में आयोजित किया गया है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

| क्र0सं0 | बन्दोबस्त का नाम | अवधी | बन्दोबस्त की न्यूनतम राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नवनिर्मित बस स्टैंड, गढ़वा में प्रथम तल पर (साईज 100 फिट X60 फिट) डोरमेटरी एवं रेस्टुरेंट का बंदोबस्ती | 2024–25 से 2026–27 | 9,00,000.00 (नौ लाख रूपये) | 1,00,000.00 (एक लाख रूपये) |

1. डाक में भाग लेने के लिए मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड/पैन कार्ड/GST की स्वप्रमाणित प्रति, जमानत राशि रू0 50,000.00 (पचास हजार रुपये) का बैंकर्स चेक/डीडी Executive Officer Nagar Parishad Garhwa के नाम से सभी दस्तावेज के साथ मुहरबंद लिफाफा में उपर्युक्त तिथि को जमा करना अनिवार्य होगा। बन्दोबस्त की न्यूनतम राशि 9 लाख रूपये है तथा एजेंसी द्वारा अपना उद्धृत किया गया बन्दोबस्त की राशि मुहरबंद लिफाफे में उपर्युक्त दस्तावेज के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
2. सफल डाक वक्ता द्वारा डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बंदोबस्ती लेने से इनकार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरोध कड़ी कानूनी कार्रवाई एवं जमानत की राशि जब्त करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जाएगी।
3. डाक की शेष नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद गढ़वा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
4. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, गढ़वा को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा

PR 335893 (Urban Development)24-25*D



**झारखण्ड सरकार जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा**
अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/05/2024–25
15वें वित्त आयोग मद

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रमना | ग्राम–परसवान में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/05/2024-25/GR-01 |

1 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–21.09.2024
2 ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 21.09.2024 से दिनांक–27.09.2024
3 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–29.09.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
4 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
5 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8002373581
6 ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7 परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9 निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10 भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
11 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR 335949 District(24-25)D



**कार्यालय :– जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू (जिला योजना शाखा)**
e-mail:dpopalamau@gmail.com
office:-06562-230859
dpo-palamu@jharkhandmail.gov.in

A. DETAILED NOTICE INVITING VERY SHORT TENDER
Tender is invited in Single stage two cover system i.e. Request for Technical & Financial Bid

| Sr. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Description of the tender | Invitation for Bids for Supply, Installation and Training of Dal Milling & Cold Pressed Oil Unit in Palamu District. |
| 2 | Duration of the contract | 18 Months (Installation and training period – 03 months & operation and Maintenance period – 18 Months) |
| 3 | EMD in favour of District Planning Officer, Palamu | ₹ 2 Lacs |
| 4 | Bid publishing date | 19.09.2024 |
| 5 | Last date of pre-bid query submission on mail id : dpopalamau@gmail.com | dpopalamau@gmail.com |
| 6 | Address | District Planning office , palamu ,1st Floor new collectorate Building, Pin :- 822101 |
| 7 | Start Date of Bid Preparation and Submission | 19th September 2024 |
| 8 | Last date and time for bid submission | 28th September 2024(12:00 PM) |
| 9 | Bid Opening | Will informed |

Note:- The Specified dates and time may change due to declaration of holiday or other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal https://Palamu.nic.in

Sd/
District Palnning officer
Palamu, Jharkhand

PR 335970 (District)24-25*D



**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद, गढ़वा**
**नवनिर्मित बस स्टैंड, गढ़वा में ओपेन रेस्टुरेंट**

हेतु ईच्छा की अभिव्यक्ति संख्या– 02/2024–25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवनिर्मित बस स्टैंड, गढ़वा में छत पर (साईज 100 फिट x 60 फिट) ओपेन रेस्टुरेंट का वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की बंदोबस्ती अक्टुबर 2024 से 30 सितम्बर 2027 तक के लिए बन्दोबस्ती हेतु मुहरबंद लिफाफा में दिनांक 25.09.2024 को 11 बजे पूर्वाहन् से 02 बजे अपराहन् तक नगर परिषद, गढ़वा के सभागार में आयोजित किया गया है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

| क्र0सं0 | बन्दोबस्त का नाम | अवधी | बन्दोबस्त की न्यूनतम राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नवनिर्मित बस स्टैंड, गढ़वा में छत पर (साईज 100 फिट x 60 फिट) ओपेन रेस्टुरेंट का बंदोबस्ती | 2024–25 से 2026–27 | 6,00,000.00 (छः लाख रूपये) | 50,000.00 (पचास हजार रूपये) |

1. डाक में भाग लेने के लिए मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड/पैन कार्ड/GST की स्वप्रमाणित प्रति, जमानत राशि रू0 50,000.00 (पचास हजार रुपये) का बैंकर्स चेक/डीडी Executive Officer Nagar Parishad Garhwa के नाम से सभी दस्तावेज के साथ मुहरबंद लिफाफा में उपर्युक्त तिथि को जमा करना अनिवार्य होगा। बन्दोबस्त की न्यूनतम राशि 06 लाख रूपये है तथा एजेंसी द्वारा अपना उद्धृत किया गया बन्दोबस्त की राशि मुहरबंद लिफाफे में उपर्युक्त दस्तावेज के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
2. सफल डाक वक्ता द्वारा डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बंदोबस्ती लेने से इनकार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरोध कड़ी कानूनी कार्रवाई एवं जमानत की राशि जब्त करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जाएगी।
3. डाक की शेष नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद गढ़वा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
4. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद, गढ़वा को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा।

PR 335890 (Urban Development) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 05/2024-25/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 18.09.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD/LATEHAR 20/2024-25 | बरवाडीह | हेहेगड़ा स्कूल से हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन भाया कृष्णा यादव के घर तक पथ निर्माण। | 286.232 | रू0 दो करोड़ छियासी लाख तेईस हजार दो सौ रूपये मात्र। | 15 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR 21/2024-25 | बरवाडीह | ग्राम पंचायत छेंचा पंचायत भवन पी0डब्लू0डी0 रोड से आंगनबाड़ी होते हुए कोयल नही तक पथ निर्माण। | 342.804 | रू0 तीन करोड़ बेयालीस लाख अस्सी हजार चार सौ रूपये मात्र। | 15 माह |
| 3 | RWD/LATEHAR 22/2024-25 | बरवाडीह | पंचायत मंगरा ग्राम अमडीहा में पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड अमडीहा जयराम सिंह के घर से पी0डब्लू0डी0 रोड डोरामी यात्रीशेड तक पथ निर्माण। | 278.780 | रू0 दो करोड़ अठहत्तर लाख अठहत्तर हजार मात्र। | 15 माह |
| 4 | RWD/LATEHAR 23/2024-25 | बरवाडीह | ग्राम पंचायत छेंचा पोस्ट ऑफिस पी0डब्लू0डी0 रोड से बस्ती होते हुए कोयल नदी तक पथ निर्माण। | 197.430 | रू0 एक करोड़ संतानवे लाख तैंतालीस हजार मात्र। | 12 माह |
| 5 | RWD/LATEHAR 24/2024-25 | बरवाडीह | ग्राम पंचायत मोरवाईकला में ईश्वर सिंह के घर से महावीर मंदिर तक पथ निर्माण। | 282.741 | रू0 दो करोड़ बैयासी लाख चौहत्तर हजार एक सौ रूपये मात्र। | 15 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 25.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 02.10.2024 अपराहन 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 04.10.2024 अपराहन 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 335924 REO(24-25).D

संपादकीय

# जीएसटी के सात साल रिकॉर्ड कमाई

झा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के जुलाई, 2017 में लागू होने के बाद सात साल पूरे हो गए हैं। यह कराधान का बिल्कुल नया रूप था, जिसे देश की कर प्रणाली में मौजूद तमाम खामियों और अक्षमताओं को दूर करने के लिए पेश किया गया था। मूल रूप से राज्य स्तरीय कर अलग-अलग थे, जिससे कम कर वाले राज्यों से वस्तुओं एवं सेवाओं को खरीदना आसान था, भले ही इसका मतलब परिवहन लागत हो। उत्पाद शुल्क और मूल्य वर्धित कर (वैट) के अलावा अन्य कई प्रकार के अप्रत्यक्ष कर भी थे, जो पेश की जा रही वस्तुओं और सेवाओं पर निर्भर करते थे, जिससे कुछ क्षेत्रों में व्यापार करना अव्यवहारिक हो जाता था। 'एक राष्ट्र, एक कर' का वादा जीएसटी को लागू करने का आधार था और इसमें यह सुनिश्चित करने के प्रावधान थे कि राज्यों को एकत्रित कर राजस्व से पूरी तरह वंचित न होना पड़े। इसलिए कई दौर की वार्ताओं के बाद जीएसटी लागू हुआ और पिछले कुछ वर्षों में इसमें उत्तरोतर बढ़ोतरी ही हुई है। औसतन 1.5 लाख करोड़ रुपये मासिक कर संग्रह जीएसटी का नया मानदंड बन गया है। जैसे किसी भी नई चीज को लेकर शुरू में परेशानियां होती हैं, जीएसटी को लेकर भी शुरूआती कुछ तिमाहियों में असंतोष देखने को मिला, लेकिन समय के साथ जीएसटी ने कई व्यवसायों के लिए जीवन आसान बना दिया है। वर्ष 2017 से सरकार द्वारा संग्रहीत जीएसटी जब अप्रत्यक्ष करों से राजस्व संग्रह राष्ट्रीय स्तर पर 7.19 लाख करोड़ रुपये था। जीएसटी लागू होने के साथ ही राजस्व अब 18.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह, करदाताओं की संख्या 2017 में 67 लाख थी, जो बढ़कर 2023 में 1.4 करोड़ हो गई है। इस साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये रहा, जो जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का सबसे अधिक मासिक संग्रह है। जीएसटी सरकार के राजस्व संग्रह के लिए वरदान साबित हुआ है, लेकिन इसकी कुछ आलोचनाएं भी होती रहती हैं। जीएसटी के कारण अनुपालन में वृद्धि, जीएसटी की बदलती दरें और अक्सर विभिन्न राज्यों द्वारा जीएसटी संग्रह में से हिस्सा न मिलने की शिकायतों को लगातार सुलझाया जा रहा है। लेकिन सरकार के लिए सबसे बड़ी हैरानी की बात हाल के वर्षों में जीएसटी की चोरी में वृद्धि है। जीएसटी नेटवर्क द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022-23 में लगभग 14,000 जीएसटी चोरी के मामलों का पता चला है, जो 2021-22 के 12,574 और 2020-21 के 12,596 से अधिक है। वर्ष 2022-23 में कर चोरी का पता लगने की संख्या दोगुनी होकर 1.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई, जबकि जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) के अधिकारियों ने वित्त वर्ष के दौरान 21,000 करोड़ रुपये की वसूली की। वर्ष 2021-22 में जीएसटी व्यवस्था के तहत जांच एजेंसी डीजीजीआई ने 54,000 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी का पता लगाया और 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की कर वसूली की। यह चोरी चिंता का विषय रहा है, क्योंकि जीएसटी लागू करने का मूल आधार कर संग्रह में किसी भी तरह के रिसाव को रोकना था। जिस तरह अन्य सभी अनुपालनों में खामियां होती हैं, वैसे ही जीएसटी में भी हैं।एक आम धोखाधड़ी, कर योग्य वस्तुओं और सेवाओं का मूल्यांकन कम करके कम कर का भुगतान करना कर चोरी का पुराना तरीका है।

> 'एक राष्ट्र, एक कर' का वादा जीएसटी को लागू करने का आधार था और इसमें यह सुनिश्चित करने के प्रावधान थे कि राज्यों को एकत्रित कर राजस्व से पूरी तरह वंचित न होना पड़े।

# एनपीएस वात्सल्य : भावी पीढ़ी के लिए एक बुद्धिमानी भरा निवेश

आज की दुनिया में एक स्थिर व सुरक्षित आर्थिक भविष्य सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है। एनपीएस वात्सल्य योजना बच्चों को जन्म से ही एक सेवानिवृत्ति कोष बनाने का अनूठा अवसर प्रदान करते हुए, उन्हें आर्थिक आजादी की राह पर आगे बढ़ाती है। नाबालिगों के लिए लक्षित, यह योजना माता-पिता को बिल्कुल शुरूआत से ही योगदान करने में समर्थ बनाते हुए उनके बच्चे के आर्थिक भविष्य की एक ठोस शुरूआत सुनिश्चित करती है। 18 वर्ष के होने पर, बच्चे निवेश करना जारी रख सकते हैं जिससे उनकी संपत्ति चक्रवृद्धि आधार पर बढ़ सकती है- जो उन्हें एक सफल वयस्क जिंदगी जीने के लिए तैयार करेगी।



श्रीराम अय्यर
एमडी और सीईओ एचडीएफसी पेंशन फंड।

**भावी पीढ़ी का सशक्तिकरण :** 'एनपीएस वात्सल्य' महज निवेश का एक विकल्प ही नहीं, बल्कि उससे कहीं बढ़कर है। यह योजना युवाओं को आर्थिक आजादी हासिल करने के लिए सशक्त बनाती है। माता-पिता और अभिभावकों को जल्दी शुरूआत करने के लिए प्रोत्साहित करके, यह योजना भावी पीढ़ियों के आर्थिक कल्याण की दिशा में एक अहम भूमिका निभाती है। यह योजना आर्थिक रूप से एक सुरक्षित राष्ट्र बनाने के सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस वर्ष के बजट भाषण में इस योजना की घोषणा के दौरान, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा था, नाबालिगों के लिए माता-पिता और अभिभावकों द्वारा योगदान की एक योजना, एनपीएस वात्सल्य शुरू की जाएगी। बच्चों के 18 वर्ष के हो जाने पर, यह योजना निर्बाध रूप से एक नियमित एनपीएस खाते में परिवर्तित हो सकती है।

### एनपीएस वात्सल्य क्या है?

एनपीएस वात्सल्य नाबालिगों के लिए डिजाइन किया गया राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का एक अनुकूलित संस्करण है। यह योजना माता-पिता या अभिभावकों को नियमित योगदान के साथ अपने बच्चों के लिए एक निवेश खाता खोलने की अनुमति देती है। जैसे ही बच्चा 18 वर्ष का होता है, यह निवेश खाता एक मानक एनपीएस में रूपांतरित हो जाता है। इससे उक्त युवा को अपने निवेश संबंधी निर्णयों के मामले में पूर्ण नियंत्रण मिल जाता है।

**18 वर्ष की आयु के बाद के लाभ :** एकबारगी बच्चे के वयस्क होते ही, 'एनपीएस वात्सल्य' एक नियमित एनपीएस खाते में बदल जाता है। यह सुविधा वित्तीय अनुशासन और दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण को बढ़ावा देते हुए निरंतर योगदान को प्रोत्साहित करती है। यह योजना बचत की आदत पैदा करती है, जो आर्थिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




### निष्कर्ष

'एनपीएस वात्सल्य' एक रचनात्मक आर्थिक उपकरण है, जिसे माता-पिता को अपने बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। बचत के लिए एक अनुशासित दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर और दीर्घकालिक अवधि में धन सृजन का एक उपाय पेश करके, यह योजना अगली पीढ़ी के लिए निवेश का एक बुद्धिमानी भरा विकल्प प्रदान करती है। चक्रवृद्धिकरण और शुरूआत से ही आर्थिक योजना बनाने पर अपना ध्यान केन्द्रित करके, 'एनपीएस वात्सल्य' यह सुनिश्चित करती है कि बच्चे की आर्थिक सुरक्षा की यात्रा उसके जन्म के साथ ही शुरू हो जाए।

### यह योजना कैसे काम करती है?

'एनपीएस वात्सल्य' योजना पारंपरिक एनपीएस के जैसी संरचना का ही अनुसरण करती है। यह योजना स्थिरता एवं विकास की संभावनाओं को सुनिश्चित करते हुए इक्विटी, सरकारी प्रतिभूतियों और कॉरपोरेट बॉन्ड का एक समुचित व संतुलित पोर्टफोलियो मिश्रण प्रदान करती है। इसके पीछे का मुख्य विचार जल्दी निवेश शुरू करना है ताकि दीर्घकालिक अवधि में चक्रवृद्धि आधार पर लाभ मिले। जीवन के अहम पड़ावों पर बच्चों की सहायता के उद्देश्य से डिजाइन की गई यह योजना माता-पिता को अपने निवेश के मामले में लचीलापन प्रदान करती है, जिससे उन्हें एक विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो बनाने में मदद मिलती है। 18 वर्ष का होने पर, बच्चा वयस्क एनपीएस की तरह ही यह तय कर सकता है कि उसे कैसे निवेश करना है और अपनी निधि को कैसे और बढ़ाना है।

**चक्रवृद्धिकरण (कंपाउंडिंग) की शक्ति : एक परिवर्तनकारी पहलू :** 'एनपीएस वात्सल्य' का सबसे महत्वपूर्ण लाभ चक्रवृद्धिकरण (कंपाउंडिंग) की शक्ति है। जल्दी शुरूआत करने से, ग्राहकों को 18 अतिरिक्त वर्षों की चक्रवृद्धि का लाभ मिलता है। इसके परिणामस्वरूप पर्याप्त धन संचय हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी बच्चे के माता-पिता उसके जन्म से शुरू करके सालाना 50,000 रुपये का योगदान करते हैं, तो 10 प्रतिशत के वार्षिक रिटर्न के साथ, बच्चे के 18 वर्ष का होने तक धनराशि बढ़कर लगभग 25 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। यदि उक्त युवा के कमाई शुरू करने तक, उसके लिए निवेश जारी रहता है, तो उक्त निधि 25 साल की आयु तक बढ़कर 40 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। यदि वे 60 साल की आयु तक अपनी आय में से 50,000 रुपये का वार्षिक योगदान करते हैं, तो यह निधि बढ़कर लगभग 12.5 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। 'एनपीएस वात्सल्य' के माध्यम से शुरूआती योगदान के बिना, यह आंकड़ा सिर्फ 1.5 करोड़ रुपये तक ही पहुंचेगाझ्र लगभग आठ गुना का अंतर, जो धन सृजन की गति को जबरदस्त तेज करने की इस योजना की क्षमता को दर्शाता है। इस योजना के तहत सभी गणनाएं जीवनकाल में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत के सीमित रिटर्न को मानकर की गई हैं।

**निवेश संबंधी विकल्प :** मानक एनपीएस की तरह ही, 'एनपीएस वात्सल्य' इक्विटी, सरकारी प्रतिभूतियों और कॉरपोरेट बॉन्ड का मिश्रण प्रदान करता है। ग्राहक अपने लक्ष्य और जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर 'ऑटो चॉइस' (एलसी25, एलसी50 और एलसी75 जैसे जीवन चक्र निधि) या 'एक्टिव चॉइस' का विकल्प चुन सकते हैं। एनपीएस की सफलता, 'एनपीएस वात्सल्य' के लिए एक ठोस मिसाल कायम करती है। एनपीएस के बारे में यह दावा है कि अगस्त 2024 तक उसके प्रबंधन के तहत 13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है।

### एनपीएस वात्सल्य क्यों चुनें?

हर माता-पिता अपने बच्चों को आर्थिक एवं भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करने का निरंतर प्रयास करते हैं। 'एनपीएस वात्सल्य' योजना एक समर्पित निवेश खाते, जो समय के साथ बढ़ती जाती है, की पेशकश करके इस प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। यह योजना न केवल शिक्षा जैसे जीवन के प्रमुख लक्ष्यों के मामले में सहायता करती है, बल्कि अगली पीढ़ी के लिए पर्याप्त धन अर्जित करने के लिए चक्रवृद्धिकरण की शक्ति का भी लाभ प्रदान करती है। इसके अलावा, यह कम आयु में बच्चों में बचत संबंधी अनुशासन पैदा करती है और उन्हें अपनी वित्तीय योजना बनाने व धन प्रबंधन के प्रति एक स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

तकनीक की बात

# डिजिटली चुनाव प्रचार शक्तिशाली हथियार

गूगल विज्ञापन पारदर्शिता केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान, राजनीतिक दलों एवं उनके सहयोगियों ने पहली जनवरी से 10 अप्रैल के बीच अकेले गूगल के विज्ञापनों पर लगभग 117 करोड़ रुपये खर्च किये। डिजिटल अभियान खर्च में यह वृद्धि चुनावों में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है, जबकि राजनीतिक दलों के बीच कंटेंट विनियमन तथा निष्पक्षता के बारे में चिंता बढ़ाती है। अब चुनाव में डिजिटल अभियान एक शक्तिशाली उपकरण बन गया है। मतदाताओं तक इसकी व्यापक पहुंच है। डिजिटल प्लेटफॉर्म ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों सहित लाखों मतदाताओं तक पहुंचने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी जनसांख्यिकीय अभियान से वंचित न रह जाए। वर्ष 2019 के चुनाव के दौरान व्हाट्स ऐप के व्यापक उपयोग ने राजनीतिक दलों को पूरे भारत में ग्रामीण मतदाताओं से जुड़ने में मदद की। इससे चुनाव परिणाम काफी हद तक प्रभावित हुए। डिजिटल अभियान पारंपरिक मीडिया की तुलना में कहीं अधिक किफायती है, जिससे सीमित बजट वाले छोटे लोगों को भी प्रतिस्पर्धा करने एवं मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचने की अनुमति मिलती है। वर्ष 2015 के दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी की डिजिटल रणनीति बड़ी पार्टियों की तुलना में न्यूनतम खर्च के बावजूद सफल साबित हुई। डेटा एनालिटिक्स पार्टियों को विशिष्ट मतदाता वर्गों के लिए अनुरूपित संदेश बनाने में सक्षम बनाता है, जिससे उनके मूल्यों एवं चिंताओं से मेल खाने वाले संदेशों के साथ सही दर्शकों तक पहुंचने की संभावना में सुधार होता है। ब्रेक्सिट सहित वैश्विक चुनावों के दौरान कैम्ब्रिज एनालिटिका की सूक्ष्म-लक्ष्यीकरण रणनीतियों ने दिखाया है कि कैसे लक्षित डिजिटल संदेश मतदाता व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। सोशल मीडिया मतदाताओं के साथ वास्तविक समय पर बातचीत करने में सक्षम बनाता है, जिससे राजनीतिक नेताओं को चिंताओं को तेजी से संबोधित करने, जनता की राय को आकार देने एवं तत्काल प्रतिक्रिया के आधार पर अभियान रणनीतियों को समायोजित करने की अनुमति मिलती है। प्रधानमंत्री की सक्रिय हैंडल (पुराना नाम ट्विटर) उपस्थिति ने उन्हें अपने पूरे राजनीतिक जीवन में मतदाताओं के साथ सीधा एवं निरंतर संवाद बनाए रखने की अनुमति दी है। डिजिटल प्लेटफॉर्म विशेष रूप से सोशल मीडिया और युवा मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित होते हैं, जो राजनीतिक कंटेंट का ऑनलाइन उपभोग करने की अधिक संभावना रखते हैं, जिससे महत्वपूर्ण मतदाता आधार के साथ प्रभावी जुड़ाव सुनिश्चित होता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



प्रियंका सौरभ

देश की बात

# अर्थव्यवस्था में भारत ऊंची छलांग लगाने को तैयार

भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.93 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जबकि, जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष बनी हुई है और जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है अथवा इसके ऋणात्मक रहने की भी प्रबल सम्भावना है। इस दृष्टि से मार्च 2025 तक भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं मार्च 2026 तक भारत जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हाल ही के समय में जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं दृष्टिगोचर हैं, जिनके कारण इन दोनों देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले वर्षों में विपरीत रूप से प्रभावित रह सकती है। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात लगातार 4 दशकों तक जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन में तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहा। इस दौरान विनिर्माण इकाईयों के बल पर जर्मनी ने अपने आप को विश्व में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया था एवं विभिन्न उत्पादों, विशेष रूप से कार, मशीनरी एवं केमिकल उत्पादों का निर्यात पूरे विश्व को भारी मात्रा में किया जाने लगा था। पिछले 20 वर्षों के दौरान जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन के विकास का इंजिन बना हुआ था। चूंकि चीन की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से विकास कर रही थी अतः पिछले 20 वर्षों के दौरान चीन, जर्मनी से लगातार मशीनरी, कार एवं केमिकल पदार्थों का भारी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, अब परिस्थितियां बदल रही हैं क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था भी हिचकोले खाने लगी है और चीन ने विभिन्न उत्पादों का जर्मनी से आयात कम कर दिया है। अतः अब जर्मनी अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। आज बदली हुई परिस्थितियों में चीन, जर्मनी में निर्मित विभिन्न उत्पादों का आयात करने के स्थान पर वह जर्मनी का प्रतिस्पर्धी बन गया है और इन्हीं उत्पादों का निर्यात करने लगा है। दूसरे, पिछले लगभग दो वर्षों से रूस ने भी ऊर्जा की आपूर्ति यूरोप के देशों को रोक दी है, रूस द्वारा निर्यात की जाने वाली इस ऊर्जा का जर्मनी ही सबसे अधिक लाभ उठाता रहा है। तीसरे, जर्मनी में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और एक अनुमान के अनुसार जर्मनी में आगे आने वाले एक वर्ष से कार्यकारी जनसंख्या में प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की कमी आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



प्रहलाद सबनानी



बोधि वृक्ष

# ईश्वर में निष्ठा विकसित करना

> श्री परमहंस योगानंद द्वारा की गयी उनकी स्मृति-सभा के अवसर पर उन्होंने ये शब्द कहे थे। सिस्टर का जीवन संत फ्रांसिस के जीवन की तरह था, जिन्होंने दूसरों की सहायता करते हुए भी कष्ट भोगा।

अ सभी लोग जो उनको जानते थे, उनके शान्त वीरत्व से, उनकी आन्तरिक शक्ति एवं ईश्वर प्रेम से, जो उनकी अत्यधिक शारीरिक पीड़ा के होते हुए भी कभी नहीं डगमगाया और जिसे उन्होंने अपने जीवन के अंतिम दो दशकों में सहन किया, प्रेरणा लेते थे। श्री परमहंस योगानन्द द्वारा की गयी उनकी स्मृति-सभा के अवसर पर उन्होंने ये शब्द कहे थे। सिस्टर का जीवन सन्त फ्रान्सिस के जीवन की तरह था, जिन्होंने दूसरों की सहायता करते हुए भी कष्ट भोगा। इसलिए वे (ज्ञानमाता) महान प्रेरणा स्तम्भ हैं। उन सभी वर्षों में, जब वह दुःख भोगती रहीं, उन्होंने दिखाया कि उनका ईश्वर के प्रति प्रेम अत्यधिक था, और मैंने उस पीड़ा का एक भी चिह्न उनकी आँखों में कभी नहीं देखा। इसी कारण वे एक महान-सन्त हैं- महान-आत्मा हैं- और इसीलिए वे भगवान के पास हैं।...जब मैंने उनका शरीर शवपेटिका में देखा, तो मैंने अनुभव किया कि, सिस्टर की आत्मा सर्वव्यापी आकाश में मिल गयी है, और मैंने परमपिता की आवाज को सुना जो मेरे भीतर से कह रही थीः बीस वर्षों की पीड़ा उसके प्रेम को मुझसे कभी भी छीन नहीं पाई और इसी बात को मैं उनके जीवन में महत्त्वपूर्ण मानता हूँ। मैं इससे अधिक और कुछ नहीं कह सका, मैंने अनुभव किया कि परमपिता को पीड़ा के साथ अपने प्रति हमारे प्रेम की परीक्षा लेने का अधिकार है, बीस वर्ष या इससे अधिक काल तक के लिए भी, ताकि हम बदले में उनके प्रतिबिम्ब होने के नाते, खोए हुए शाश्वत नित्य-नवीन-आनन्द के अधिकार को प्राप्त कर सकें। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

फेसबुक वॉल से




X से

PARAMILITARY HELP - CAPF · 14h

बहुत हीरो & हीरोइन BORDER पर पब्लिसिटी के लिए PARAMILITARY FORCES के जवानों से मिलते हैं II पर उनके लिए पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए इसके लिए क्या आज तक किसी भी हीरो या हीरोइन ने कभी भी एक शब्द बोला है



4 · 47 · 137 · 2.4K

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आज का दोहा

नारों की चौपाल पर, प्रश्न हुए जब पेश।
बगल झांकने क्यों लगे, सभी पंच दरवेश।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

आप की बात

# दिल्ली की तीसरी मुख्यमंत्री अनूठी आतिशी मालेर्ना और विवाद

शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल के जेल जाते ही एक नाम लगातार चर्चा में बना हुआ है। यह नाम आतिशी मालेर्ना का है और अब इस नाम के लिए दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री की सूची में शामिल करने की घोषणा हो चुकी है। दिलचस्प रूप से मुख्यमंत्री पद के लिए आतिशी के नाम की घोषणा के साथ उनके सरनेम को लेकर भी चचाओं का बाजार गर्म है। इस चर्चा को इसलिए भी दिलचस्प माना जा रहा है क्योंकि भारत में इस तरह का यह इकलौता सरनेम है व इस सरनेमकी अपनी अलग ही कहानी है।बताया जाता है कि सुश्री मालेर्ना को यह सरनेम उस माता पिता से मिला है जिनका नाम विजय कुमार सिंह और तृप्ति वाही है। पितृसत्तात्मक भारतीय परंपरा के अनुसार आतिशी का पूरा नाम आतिशी सिंह होना चाहिए परन्तु ऐसा नहीं है। वैसे तो नाम, उपनाम या सरनेम रखने की आजादी पर किसी तरह की पाबंदी नहीं है और तमाम लोग नाम या सरनेम रखने के लिए पूरी तरह आजाद हैं परन्तु फिर भी नामकरण का उद्देश्य प्रायः निरूद्देश्य नहीं होता। आतिशी के मामले में भी सरनेम रखने का यह मामला यूं ही नहीं है। आतिशी के पिता विजय कुमार सिंह व माता तृप्ति वाही दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षक रहे हैं परन्तु इन दोनों की असली पहचान यूनिवर्सिटी प्रोफेसर के तौर पर कम बल्कि कट्टर कम्युनिस्ट एक्टिविस्ट के तौर पर अधिक रही है। कार्ल मार्क्स और लेनिन को अपना गॉडफादर मानने वाले इन दोनों प्रोफेसरों की तारीफ यह भी रही है कि जैश ए मोहम्मद के आतंकवादी अफजल गुरु की मौत की सजा के खिलाफ भारत के राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका दाखिल करने का कारनामा इनके नाम दर्ज है। इतना ही नहीं, इनकी माता तृप्ति वाही पर तो संसद हमले के आरोपी व भारत विरोधी आतंकी एस.ए.आर गिलानी के साथ निकट संबंध रहने के आरोप भी लगाए जाते रहे हैं। संदर्भवश इन आरोपों पर विवाद हो सकता है परन्तु इस तथ्य पर कोई विवाद नहीं है कि कॉमरेड विजय सिंह पर उस अराजकतावादी बेवसाइट के संचालन का आरोप है जिसे कम्युनिस्ट प्रचार हेतु 'रिवोल्यूशनरी डेमोक्रेसी' के नाम से संचालित किया जाता रहा है। इसके साथ साथ वे उस 'स्टालिन सोसाइटी' के अहम सदस्य हैं जिस पर कम्युनिस्ट विचारधारा को भारत पर थोपने की जवाबदेही दी गई है। उल्लेखनीय है कि यह वही स्टालिन सोसाइटी है जिसपर बीस लाख लोगों की हत्या करते हुए सोवियत संघ में कम्युनिस्ट तानाशाही थोपने का आरोप है। दावा यह भी किया जाता है कि रुसी क्रांति के बाद से इसी स्टालिन सोसाईटी के कंधों पर तानाशाह जोसेफ स्टालिन की तथाकथित विरासत की रक्षा करने का गुरुत्तर दायित्व दिया गया है। अब भारत में इस विरासत का पताका पकड़ने वाले इस दंपति की विडंबना देखिए कि बतौर पति पत्नी प्रोफेसर कॉमरेड विजयकुमार सिंह और कॉमरेड तृप्ति वाही से कोई भी कम नहीं है। सुश्री आतिशी मालेर्ना इन्हीं 'नायाब' दंपति की संतान हैं। इस नाम में अराजकता का आलम यह है कि 'मालेर्ना' सरनेम देखकर किसी को भी प्रथम दृष्टया एक तरफ इनके ईसाई होने का भ्रम होने लगता है तो दूसरी तरफ 'आतिशी' से सनातनी नाम का भ्रम स्वतः हो जाया करता है। इस नाम के साथ एक अराजकता यह भी कि भारतीय परंपरा से इत्तर मार्क्स से 'र्मा' और लेनिन से 'लेना' के अराजक मेल से इनके लिए 'मालेर्ना' शब्द का सृजन कर लिया गया। इस बेमेल व विवादास्पद सृजन का एक कमाल यह भी कि जब श्री केजरीवाल को शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया गया तब दिल्ली को दिग्भ्रमित करने की जवाबदेही उस आतिशी के कंधों पर डाली गई जिसे अराजकता की विरासत माँ के गर्भ से मिली है और तत्संबंधी कम्युनिस्ट विचारधारा के संस्कार पिता की परवरिश से मिले हैं। बहरहाल श्री केजरीवाल के जेल जाने के बाद अग्रणी मोर्चे पर पार्टी का पक्ष रखने का आज उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ, मुख्यमंत्री पद के लिए से उनके नाम की औपचारिक घोषणा करके यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सुश्री मालेर्ना का नाम पार्टी सुप्रीमो अरविन्द केजरीवाल के सबसे विश्वस्त अराजकतावादियों में अग्रणी हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



केदारनाथ दास
बसिया, गुमला।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

जम्मू-कश्मीर में बंपर वोटिंग

# 24 सीटों पर हुआ 58.85 प्रतिशत मतदान

एजेंसी। जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर में पहले फेज की वोटिंग के बीच वोटर्स में जबरदस्त उत्साह नजर आया। आर्टिकल 370 के खात्मे के लंबे अंतराल बाद यहां विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण में राज्य की 24 विधानसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हुई, जो शाम 6 बजे तक चली। इसमें कश्मीर की 16 और जम्मू की 8 सीटें शामिल हैं। वहीं, पहले चरण के मतदान के लिए सुरक्षाबलों और एजेंसियों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। साथ ही चुनाव आयोग ने विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए भी विशेष व्यवस्था की। दिल्ली, जम्मू और उधमपुर में विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए विशेष मतदान केंद्र बनाए गए। विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए दिल्ली में 4, जम्मू में 19 और उधमपुर में 1 विशेष मतदान केंद्र बनाया गया।






## 13 पार्टियों में मुकाबला

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में कुल तीन चरणों में वोटिंग होनी है। पहले चरण में 18 सितंबर यानी आज वोटिंग हो रही है। दूसरे में 25 सितंबर और तीसरे फेज में 1 अक्टूबर को वोटिंग होनी है। इन सभी चरणों के नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे। 90 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत के लिए 13 मुख्य दलों में मुकाबला हो रहा है। क्षेत्रीय पार्टियों में महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीडीपी और उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस इस चुनाव में प्रमुखता से मैदान में हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनावी मैदान में उतरी है।

# मुस्लिम एकजुट हो जाएंगे, तो आप कहां जाएंगे : इजहारुल

एजेंसी। किशनगंज

बिहार में किशनगंज विधानसभा सीट के कांग्रेस विधायक इजहारुल हुसैन ने भाजपा को खुली चुनौती दी है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि अगर अल्पसंख्यक (मुस्लिम) जब एक जुट हो जाएंगे तो आपको कहां भेजेंगे, ये आपको पता नहीं चलेगा। अगर हम नहीं रहेंगे तो आप कहां से रहियेगा। कांग्रेस विधायक इजहारुल हुसैन के इस बयान के बाद बिहार की सियासी माहौल गर्म हो सकता है। दरअसल, किशनगंज के कांग्रेस विधायक इजहारुल हुसैन ने वक्फ संशोधन बिल पर भाजपा पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने ये बयान दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि अल्पसंख्यकों को टारगेट कर राजनीति करना भाजपा बंद करें। विधायक इजहारुल हुसैन ने कहा कि हम नहीं रहेंगे तो आप राजनीति तक नहीं कर सकते हैं। जब हम हैं तो आप पॉलिटिक्स कर लीजिए, लेकिन मुस्लिम पर टारगेट नहीं करें। कांग्रेस विधायक ने कहा कि भाजपा के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। हमारी बाबरी मस्जिद चली गई। ईसीसी का मुद्दा चला गया। भाजपा के पास विकास का तो कोई मुद्दा बचा नहीं है, इसलिए मुस्लिमों को टारगेट कर उनके वक्फ की जमीन पर नजर डाले हुए है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड में अन्य धर्म के लोगों को शामिल करना संविधान के खिलाफ चैलेंज है इसको बर्दास्त नहीं कर सकते है।

# विकास में मील का पत्थर बनेगा 'वन नेशन, वन इलेक्शन' : योगी



एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को 'वन नेशन, वन इलेक्शन' प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट के फैसले पर पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देश में राजनीतिक स्थिरता, सतत विकास और समृद्ध लोकतंत्र की सुनिश्चितता में यह निर्णय 'मील का पत्थर' साबित होगा। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''एक समृद्ध लोकतंत्र के लिए राजनीतिक स्थिरता अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 'वन नेशन, वन इलेक्शन' प्रस्ताव को दी गई मंजूरी अभिनंदनीय है। देश में राजनीतिक स्थिरता, सतत विकास और समृद्ध लोकतंत्र की सुनिश्चितता में यह

- यूपी के सीएम ने कहा, युगांतरकारी निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री का हृदय से आभार

निर्णय 'मील का पत्थर' सिद्ध होगा। इस युगांतरकारी निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री का हृदय से आभार।' उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी केंद्रीय कैबिनेट के 'वन नेशन, वन इलेक्शन' प्रस्ताव को मंजूरी देने पर रिएक्शन दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''बहुप्रतीक्षित एवं ऐतिहासिक कदम! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में 'एक देश, एक चुनाव' के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत किया जाना स्वागतयोग्य निर्णय है। 'एक देश, एक चुनाव' से चुनावों के दौरान खर्च होने वाले सरकारी धन व समय की बचत होगी एवं इसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे विकास कार्यों में अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।'

## मायावती ने किया समर्थन

वहीं, बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी मोदी कैबिनेट के इस फैसले का समर्थन किया। मायावती ने एक्स पोस्ट में लिखा, ''एक देश, एक चुनाव, की व्यवस्था के तहत देश में लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय का चुनाव एक साथ कराने वाले प्रस्ताव को केंद्रीय कैबिनेट द्वारा आज दी गई मंजूरी पर हमारी पार्टी का स्टैंड सकारात्मक है, लेकिन इसका उद्देश्य देश व जनहित में होना जरूरी है।



## सीएएफ कैंप में जवान ने की साथियों पर फायरिंग, दो की मौत

**बलरामपुर /रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र के भुताही मोड़ पर स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के कैंप में बुधवार सुबह एक जवान ने अपनी इंसास रायफल से अपने साथियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में दो जवानों की मौत हो गई और दो जवान गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल घटनास्थल पर पहुंचे। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में झारखंड की सीमा से लगे क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों को देखते हुए भूताही गांव में सीएएफ का शिविर लगा है। भुताही शिविर में सीएएफ की 11वीं बटालियन तैनात हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार को करीब 11।30 बजे सीएएफ के जवान अजय सिदार ने अपने साथियों पर इंसास सर्विस रायफल से अंधाधुंध गोलियां चला दीं।

# तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बने : राष्ट्रपति

एजेंसी। जयपुर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बने। इसके लिए प्रौद्योगिकी संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण संस्थाओं को शोध अनुसंधान में मौलिक दृष्टि के साथ कार्य करने, पर्यावरण अनुकूल तकनीक अपनाने और विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति मुर्मु बुधवार को एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने इस समारोह में 20 में से 12 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि लड़कियां आगे बढ़ती हैं तो देश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शोध अनुसंधान में भी छात्राएं आगे रहती हैं तो इससे देश वैश्विक स्तर पर अग्रणी रहेगा। उन्होंने संस्थान की फैकल्टी में एक तिहाई महिलाएं होने को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों को इसीलिए नेशनल इंस्टीट्यूट के रूप में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिया गया है कि इनके जरिए भारत तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने समारोह में 79 छात्रों को पीएचडी की उपाधि और 805 स्नातक एवं 477 स्नातकोत्तर के छात्रों को डिग्री प्रदान की। उन्होंने 20 स्वर्ण पदक भी प्रदान किए। उन्होंने अरावली छात्रावास का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि रिसर्च और डवलपमेंट के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी न केवल देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि हमारी बेटियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी आवश्यक है। हाल के वर्षों में लड़कियों के नामांकन में वृद्धि हुई है। यह भी एक सराहनीय तथ्य है कि एमएनआईटी की फैकल्टी में लगभग एक-तिहाई महिलाएं हैं। विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह अनुपात और भी बेहतर होगा।

## चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी, इसरो ने दी भविष्य की जानकारी

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को चंद्रयान-4 मिशन के विस्तार को मंजूरी दे दी है ताकि भविष्य में मानवयुक्त चंद्र मिशन की तैयारी की जा सके। इसके साथ ही शुक्र ग्रह के अध्ययन के लिए एक मिशन को भी मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के पहले अंतरिक्ष स्टेशन और अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यानों के विकास को भी मंजूरी दी। बेंगलुरु में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा के निदेशक राजा राजन ने भविष्य के मिशनों (गगनयान, चंद्रयान 4) पर कहा कि हम लोग ट्रैक पर हैं और काफी टेस्टिंग की जा रही है। हम चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कर चुके हैं। अब अगला कदम ये है कि चांद से कुछ सैंपल लाए जाएं और उन पर प्रयोग किए जाएं। इससे पहले 20 अगस्त को, इसरो के अध्यक्ष एस। सोमनाथ ने कहा था कि इसरो ने चंद्रमा के अगले दौर के मिशनों - चंद्रयान 4 और 5 - के लिए डिजाइन पूरा कर लिया है और इसके लिए सरकार की मंजूरी लेने की प्रक्रिया में है। इसरो की वाणिज्यिक शाखा एनआईएसएल के सीएमडी राधाकृष्णन ने भी भविष्य की परियोजनाओं पर बात की।

## गिरिराज सिंह ने कहा चुनाव सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने 'वन नेशन-वन इलेक्शन' को मंजूरी दे दी है। अब जल्द ही इस बिल को सदन में पेश किया जाएगा। इसको लेकर कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। गिरिराज सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी शुरू से ही 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के पक्ष में हैं।



# आरक्षण खत्म नहीं होगा, कांग्रेस पार्टी खत्म हो जाएगी : रामदास अठावले

एजेंसी। पालघर

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अठावले (आरपीआई-ए) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले आर्थिक आधार पर आरक्षण के पक्ष में हैं। वहीं, राहुल गांधी ने हाल ही में अपने अमेरिका दौरे के दौरान एक संबोधन में आरक्षण खत्म करने की बात कही थी। इस पर बुधवार को केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अगर राहुल गांधी आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं तो उनकी पार्टी खत्म हो जाएगी लेकिन आरक्षण खत्म नहीं होगा। लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी लोगों को संविधान की किताब दिखा रहे थे। उस दौरान राहुल गांधी गाना गा रहे थे कि मोदी सरकार आएगी तो लोकतंत्र खतरे में आ जाएगा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी को बचपना बंद कर देना चाहिए। राहुल गांधी को भारत के बाहर देश की आलोचना करना बंद कर देना चाहिए। ना तो उनकी सरकार कभी आएगी और ना ही राहुल गांधी कभी आरक्षण खत्म कर पाएंगे। मैं कहता हूं कि राहुल गांधी का पासपोर्ट रद्द कर देना चाहिए।



## मुंबई में भगवान गणेश की 37 हजार से अधिक मूर्तियों का विसर्जन

**मुंबई।** मुंबई में गणेश भक्तों ने हर्ष और उल्हास के साथ अनंत चतुर्दशी के दिन 37 हजार से अधिक भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन किया गया है। भक्तों ने भगवान गणेश को अगले साल फिर से वापस आने का भी आमंत्रण दिया। पुणे में भी बुधवार को हर्ष और उल्हास के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। मुंबई नगर निगम के अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मुंबई में आज सुबह तक विसर्जित की गई कुल मूर्तियों में से 31,105 घरेलू और 5,762 सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित मूर्तियां थीं। अधिकारियों ने कहा कि मुंबई में गणपति विसर्जन के दौरान कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई। मुंबई के मशहूर लालबाग के राजा का विसर्जन बुधवार को सुबह दस बजे पूरे भक्ति भाव से किया गया।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# पुलिस कमिश्नर की पदोन्नति से नाराज जूनियर डॉक्टर खत्म नहीं करेंगे आंदोलन

एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता पुलिस कमिश्नर और स्वास्थ्य विभाग के दो अधिकारियों को उनके पद से हटा दिए जाने के बावजूद जूनियर डॉक्टरों का आंदोलन खत्म नहीं होगा। डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि कोलकाता पुलिस कमिश्नर को सजा देने के बजाय उनकी पदोन्नति की गई है। कोलकाता पुलिस के डीसी सेंट्रल इंदिरा मुखर्जी जिन्होंने डॉक्टरों के आंदोलन को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम जिन्होंने संदीप घोष को तत्काल मेडिकल कॉलेज में नियुक्त किया था और उनकी भूमिका संदिग्ध रही है, उनके

- पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों ने घोषणा की है कि उनकी मांगें पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा

खिलाफ भी कोई एक्शन नहीं लिया गया है। पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों ने घोषणा की है कि उनकी मांगे पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी ओर से बातचीत के रास्ते हमेशा खुले हैं और जितनी जल्दी इस मामले का समाधान हो सके, वह इसके लिए तैयार हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि उनकी मांगें पूरी तरह से न्यायसंगत हैं। जब तक उनकी सभी मांगे पूरी नहीं होंगी, वे धरने पर बने रहेंगे।

# चार हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति की सिफारिश हुई



एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मंगलवार को मेघालय, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, मध्य प्रदेश, और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए नये सिरे से केंद्र सरकार से सिफारिश की। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सिफारिश की है कि न्यायमूर्ति इंद्र प्रसन्ना मुखर्जी को मेघालय उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाए। न्यायमूर्ति ताशी रबस्तान को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की भी सिफारिश की है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति जी।एस। संधावालिया को इस साल 18 अक्टूबर को न्यायमूर्ति राजीव शकधर की सेवानिवृत्ति पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की है।

# सनातन धर्म के उत्थान का समय आ गया है : मोहन भागवत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने दुनिया भर में बढ़ रहे भारत और सनातन के प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा है कि सनातन धर्म के उत्थान का समय आ गया है, इस तरफ (भारत) सारे विश्व का रुख भी बदल रहा है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में पद्म विभूषण से सम्मानित श्रीपाद दामोदर सातवलेकर द्वारा हिंदी में लिखे गए 'चारों वेदों' के सुबोध भाष्य के तृतीय संस्करण का विमोचन करने के बाद वेद, सनातन और भारत एवं पूरे विश्व की शांति को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कही। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा कहते हैं कि सनातन धर्म के उत्थान का समय आया है।



# बिहार के पश्चिमी चंपारण में बाघ के हमले में चरवाहे की मौत

**पटना।** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में मंगलवार को एक बाघ के हमले में एक चरवाहे की मौत हो गई। घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे सहोदर थाना अंतर्गत वनबैरिया गांव में हुई। मृतक की पहचान इंद्रदेव महतो के रूप में हुई है। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) 1 के प्रभागीय वनाधिकारी प्रद्युम्न गौरव ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पीड़ित खेत में बकरी चरा रहा था, तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा, वनबैरिया गांव की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां से नदी और जंगल दोनों ही महज एक किमी दूर हैं। यहां बाघों समेत वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक गलियारा बना हुआ है।

# पहाड़ी इलाकों में बचाव के लिए सेना का टीएमआर से समझौता

- कठिन परिस्थितियों में प्रभावी बचाव कार्यों को अंजाम देने की बढ़ेगी क्षमता
- टीएमआर की 15 टीमें पहले ही भारतीय सेना के साथ विभिन्न क्षेत्रों में तैनात

एजेंसी। नई दिल्ली

पहाड़ी इलाकों में भारतीय सेना के बचाव कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए बुधवार को दिल्ली कैंट स्थित सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज में तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू (टीएमआर) के साथ एक समझौता किया गया है। इसका उद्देश्य हिमस्खलन बचाव में सैनिकों को प्रशिक्षित करने की क्षमता में सुधार करना है। यह समझौता कठिन परिस्थितियों में प्रभावी बचाव कार्यों को अंजाम देने में भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करेगा। भारतीय सेना के साथ हुए समझौते के समय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी मौजूद थे। भारतीय सेना की ओर से सैन्य संचालन के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल मनीष लूथरा ने और तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू की ओर से माउंट एवरेस्ट के शिखर पर चढ़ने वाले हेमंत सचदेव ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता पहाड़ी इलाकों में भारतीय सेना के बचाव और बचाव कार्यों को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। समझौता में प्रावधान है कि तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू सेना के प्रशिक्षकों के लिए अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में भारतीय सेना के साथ सहयोग करेगा, जिसका उद्देश्य हिमस्खलन बचाव कौशल में सैनिकों को प्रशिक्षित करना है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू (टीएमआर) की बचाव टीम के दो सदस्यों को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड प्रदान करके उनके प्रयासों को सराहा।



## समझौते पारस्परिक रूप से लाभप्रद

सेना के उप प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल तरुण कुमार ऐच ने दोनों संगठनों के लिए इस समझौते पारस्परिक रूप से लाभप्रद बताया। उन्होंने आगे कहा कि पिछले नौ वर्षों से टीएमआर ने प्रशिक्षण और बचाव प्रयासों में अटूट समर्थन प्रदान करके कई लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण सेवा की है। पर्वतारोही हेमंत सचदेव ने बताया कि टीएमआर की 15 टीमें पहले से ही भारतीय सेना के साथ विभिन्न क्षेत्रों में तैनात हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि टीएमआर की बचाव टीमें हिमस्खलन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कीमती जान बचाने में सक्षम रही हैं।

# ब्रेन ट्यूमर मरीज को पसंदीदा फिल्म दिखाकर की गई सर्जरी

**चेन्नई ।** ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित 55 वर्षीय अनंतालक्ष्मी की एक सरकारी अस्पताल में सफल सर्जरी की गई। डॉक्टरों की एक बड़ी टीम ने यह सर्जरी की। लेकिन, जिस तरीके से यह सर्जरी की गई, वह खासी चर्चा में है। दरअसल, डॉक्टरों ने मरीज को उसकी पसंदीदा अभिनेता की पसंदीदा फिल्म दिखाते हुए सर्जरी की। यह फिल्म अभिनेता जूनियर एनटीआर की अदुर्स है। अचंभित करने वाली बात यह है कि मरीज ने सर्जरी के दौरान पूरी फिल्म देखी। सर्जरी के दौरान मरीज को फिल्म दिखाते हुए अवेक क्रैनियोटॉमी (अवैक ब्रेन सर्जरी) मेथड का इस्तेमाल किया गया। चिकित्सकीय विज्ञान में ह्यअवेक क्रैनियोटॉमी' या 'अवैक ब्रेन सर्जरी एक ऐसी विधि है, जिसका इस्तेमाल कर अगर डॉक्टर किसी मरीज की सर्जरी करे, तो मरीज उस दौरान बाहरी संवेदनाओं और गतिविधियों को समझने में सक्षम रहता है।

# कांग्रेस का हरियाणा के लिए घोषणा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को हरियाणा के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया और जनता से सात वादे किए हैं। पार्टी महिलाओं को प्रतिमाह 2 हजार रुपये देगी और 500 रुपये का रसोई गैस सिलेंडर देगी। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उपस्थिति में आज हरियाणा के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया गया। इसमें कांग्रेस ने वादा किया है कि चुनाव जीतने पर पार्टी महिलाओं को प्रति महीने 2 हजार रुपये देगी और 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा पर बल देते हुए बुढ़ापा, दिव्यांग और विधवाओं को 6 हजार रुपये की पेंशन देने की घोषणा की गई। सरकारी नौकरियों में पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। युवाओं को सुरक्षित भविष्य देने के लिए भर्ती विधान के तहत 2 लाख पक्की नौकरी दी जाएगी।

### पंत की टेस्ट वापसी पर पार्थिव ने कहा

# उन्होंने बेहतरीन उदाहरण पेश किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत को भारत के लिए फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलते देखने के लिए 637 दिनों का कठिन इंतजार 19 सितंबर की सुबह खत्म होगा, जब रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी घरेलू सीरीज के पहले मैच के लिए मैदान में उतरेगी। 30 दिसंबर, 2022 को जानलेवा दुर्घटना से बचने के बाद, पंत आखिरकार वहीं लौट आएंगे, जहां से उन्हें जाना चाहिए - भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना। 2018 में इंग्लैंड में अपने पदार्पण के बाद से, उन्मुक्त और खुशमिजाज पंत ने अपने साहसी स्ट्रोक और निडरता से दुनिया को रोमांचित किया, जबकि कई मौकों पर टीम को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकाला। स्टंप के पीछे, वह अपनी विस्मयकारी भावना के साथ मौके भुनाते थे, अपने हास्यपूर्ण तरीकों से गेंदबाजों को प्रेरित करते थे और कई बार बैकफ्लिप करते थे। अब, 637 दिनों के बाद, अपने जीवन में आए बदलावों और रिकवरी के दौरान मिले अनुभवों से समझदार बने पंत अपनी जादुई प्रतिभा के साथ बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार है, यह वही विपक्षी टीम है जिसके खिलाफ उन्होंने आखिरी बार दिसंबर 2022 में मीरपुर में इस प्रारूप में खेला था।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल को लगता है कि पंत की टेस्ट क्रिकेट में वापसी उनके और टीम के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है। "उन्होंने एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है और निश्चित रूप से एक प्रेरणा बन गए हैं। मेरा मतलब है कि जिस तरह की दुर्घटना उनके साथ हुई और जिस तरह से उन्होंने वापसी की, वह बिल्कुल उल्लेखनीय है। व्यक्तिगत दृष्टिकोण से, आपको उन्हें श्रेय देना होगा। उन्होंने वास्तव में कड़ी मेहनत की है, क्योंकि मैं उनके पुनर्वास के समय से उनके संपर्क में हूं।

तो, उन्हें सलाम। जहां तक भारतीय टीम का सवाल है, वह टेस्ट प्रारूप में मैच विजेता रहे हैं। हमने देखा है कि उन्होंने कई देशों में कितना अच्छा खेला है, यूं कहें कि सभी एसईएनए देशों में। जियोसिनेमा और स्पोर्ट्स18 के विशेषज्ञ पटेल ने आईएएनएस से एक चुनिंदा वर्चुअल बातचीत में कहा, "जब वह भारतीय परिस्थितियों में खेल रहे थे, तब भी उन्होंने शतक बनाए हैं और महत्वपूर्ण टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है।



2018 में इंग्लैंड में अपने पदार्पण के बाद से, उन्मुक्त और खुशमिजाज पंत ने अपने साहसी स्ट्रोक और निडरता से दुनिया को रोमांचित किया

### पांच टेस्ट खेलने से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच खेलेंगे

पंत के टेस्ट टीम में वापस आने के बाद, भारत उनके कार्यभार को लेकर सतर्क रहेगा, खासकर इस साल के अंत में होने वाले ऑस्ट्रेलिया के पांच मैचों के दौरे को देखते हुए। पंत के साथ 2018/19 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने वाले पटेल का मानना है कि टीम थिंक-टैंक ने इसके लिए योजना बनाई है, और उन्होंने भविष्यवाणी की है कि बैकअप विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले एक मैच खेलने का मौका मिलेगा। "मुझे यकीन है कि वे इस बारे में सोच रहे होंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह एक लंबा घरेलू सत्र होगा। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट के बाद, भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण पांच टेस्ट खेलने से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट खेलेगा। "पांच टेस्ट मैच खेलना हर किसी के लिए बहुत बड़ा काम है। लेकिन, आपको यह देखना होगा कि ऋषभ भी वापसी कर रहे हैं। उन्होंने दलीप ट्रॉफी में अच्छा खेल दिखाया था। अब, यह कार्यभार पर निर्भर करता है कि वह विकेटकीपर और बल्लेबाज दोनों के रूप में मैदान पर कितना समय बिता रहे हैं। उन्होंने कहा, "इसलिए, वे इस पर ध्यान देंगे और देखेंगे कि वह कैसा महसूस कर रहा है, क्योंकि खिलाड़ियों की प्रतिक्रिया भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

## डीपीएस रांची की शतरंज टीम ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए किया क्वालीफाई



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने सीबीएसई ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप 2024 में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। इस प्रतियोगिता में अंडर - 17 गर्ल्स टीम (अनीमा ठाकुर, आद्या रंजन, अनन्या झावर और कायना मल्होत्रा) चैंपियन बनकर उभरे एवं स्वर्ण पदक हासिल किया और अनिमा ठाकुर, आद्या रंजन, क्याना मल्होत्रा और जयवर्धन ने "बोर्ड प्राइज" हासिल किया क्योंकि उन्होंने अपने समूह के हर प्रतिद्वंद्वी को हराया था। इस आयोजन में कुल 07 टीमों ने भाग लिया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 25 से 28 अक्टूबर तक पंजाब में आयोजित की जाएगी।

इस अवसर पर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ आरके झा ने टीम के समर्पण और खेल कौशल की प्रशंसा की एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## हमारा लक्ष्य टी20 टीम की प्लेइंग-11 को स्टेबल करना है : एलिसा हीली



एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा कि उनकी टीम प्रयोग करने के बजाय न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपने प्लेइंग-11 को स्टेबल करने का लक्ष्य रखेगी। यह सीरीज गुरुवार से मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में शुरू होगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी बार महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने की तैयारी शुरू हो गई है। यह टूर्नामेंट 3-20 अक्टूबर तक यूएई में होगा। मार्च में बांग्लादेश दौरे के बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी होगी। एलिसा ने पत्रकारों से कहा, "मुझे लगता है कि जब आप हमारी टीम को देखते हैं, तो हम लंबे समय से टी20 खेल में काफी स्थिर रहे हैं। बांग्लादेश हमारे लिए कुछ चीजों को आजमाने का एक अच्छा अवसर था, अगर हमारे कुछ प्रमुख खिलाड़ी बाहर हो जाते हैं, तो कौन उनकी भूमिका निभा सकता है। हम ऐसे कई सवालों के जवाब ढूंढ रहे थे।

"मुझे लगता है कि अब हमारे लिए, विश्व कप से पहले हमारी प्लेइंग-11 में कुछ स्थिरता है। हम इस संबंध में अच्छी स्थिति में हैं। दुबई की तुलना में बहुत अलग परिस्थितियां मिलेंगी, इसलिए यह हमारे लिए हर अवसर पर अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 के साथ खेलने और कुछ चीजों को सही जगह पर आजमाने का है। हमारे दिमाग में विश्व कप है और उसकी तैयारी पुख्ता करना हमारा लक्ष्य।" न्यूजीलैंड से मिलने वाली चुनौती के बारे में बात करते हुए, जिसे महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है, एलिसा ने कहा, "हमने अतीत में न्यूजीलैंड के खिलाफ कुछ बेहतरीन मुकाबले खेले हैं। इनके खिलाफ एक बार फिर घरेलू और विदेशी सीरीज खेलना अच्छा है।

> *मुझे लगता है कि अब हमारे लिए, विश्व कप से पहले हमारी प्लेइंग-11 में कुछ स्थिरता है। हम इस संबंध में अच्छी स्थिति में हैं। दुबई की तुलना में बहुत अलग परिस्थितियां मिलेंगी, इसलिए यह हमारे लिए हर अवसर पर अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 के साथ खेलने और कुछ चीजों को सही जगह पर आजमाने का है। हमारे दिमाग में विश्व कप है और उसकी तैयारी पुख्ता करना हमारा लक्ष्य। -* ***एलिसा हीली,*** *ऑस्ट्रेलियाई महिला कप्तान*

## गेंदबाजों के दम पर भारत के पास ऑस्ट्रेलिया में जीतने का मौका : स्टीव वॉ

**बेंगलुरु।** स्पेस एक्सपो में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ की मौजूदगी से हर कोई हैरान था। इस दौरान उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर अपनी बात रखी और कहा कि भारत के पास अपने गेंदबाजों के दम पर ऑस्ट्रेलिया में जीतने का मौका है। साथ ही, वो जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली जैसे दिग्गज भारतीय क्रिकेटरों से काफी प्रभावित दिखे। 'आईएएनएस' से बात करते हुए स्टीव वॉ ने कहा, "बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी काफी रोमांचक होने वाली है। दो बहुत अच्छी टीमें बराबरी की हैं। भारत के पास ऑस्ट्रेलिया में जीतने का अच्छा मौका है क्योंकि उनके पास बहुत अच्छा बॉलिंग आक्रमण है। बुमराह और शमी जैसे बेहतरीन तेज गेंदबाज और उनके पास स्पिन का मजबूत तालमेल है। जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम भी पीछे नहीं है।ऑस्ट्रेलिया के पास भी अच्छी गेंदबाजी है। उन्होंने आगे कहा कि मैं भी इन मुकाबलों को लेकर उत्साहित हूं। उम्मीद है कि हमें बढ़िया क्रिकेट देखने को मिलेगी। स्पेस एक्सपो में उनकी मौजूदगी पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, "मुझे भी इस बात से हैरानी होती है कि मैं यहां क्या कर रहा हूं, लेकिन सच यह है कि मैंने स्पेस सेक्टर में निवेश किया है।



## लुका माजसेन चोट के कारण 6-8 सप्ताह तक इंडियन सुपर लीग से बाहर रहेंगे



- 20 सितंबर को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ओडिशा एफसी से भिड़ेगी।
- लुका ने पेनल्टी को गोल में बदलकर पहला गोल किया

एजेंसी

**मोहाली।** पंजाब एफसी के फॉरवर्ड लुका माजसेन रविवार को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ सीज़न के शुरुआती मैच के दौरान लगी चोट के कारण इंडियन सुपर लीग में 6-8 सप्ताह तक फुटबॉल से बाहर रहेंगे। स्लोवेनियाई खिलाड़ी के जबड़े में दो फ्रैक्चर हुए हैं और आने वाले दिनों में उनकी सर्जरी की जाएगी और वह मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। वह चिकित्सा स्थितियों और मेडिकल टीम की मंजूरी के आधार पर सर्जरी के बाद 6-8 सप्ताह में एक्शन में लौट आएंगे।

इस घटनाक्रम पर बोलते हुए, फुटबॉल निदेशक, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम आगामी मुकाबलों के लिए लुका की सेवाओं को मिस करेंगे। यह केरला ब्लास्टर्स के खिलाड़ी द्वारा किया गया एक अवांछित आक्रामक फाउल था, जिसके परिणामस्वरूप लुका को चोट लगी और हम एक क्लब के रूप में खेल की ऐसी आक्रामक प्रकृति का समर्थन नहीं करते हैं, जिससे कुछ भी हासिल नहीं होता है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने और जल्द से जल्द टीम में वापस आने की कामना करता हूं। लुका ने पेनल्टी को गोल में बदलकर पहला गोल किया और फिलिप मर्जलजैक को केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ विजयी गोल करने में सहायता प्रदान की और आईएसएल अभियान की जीत के साथ शुरुआत की। पंजाब एफसी अपने अगले मैच में शुक्रवार, 20 सितंबर को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ओडिशा एफसी से भिड़ेगी।



## मोदी 3.0 में सरपट दौड़ रहा सेंसेक्स

### दिया 8 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। नई सरकार बनने के पहले 100 दिन में सेंसेक्स 6,300 अंक या 8.2 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में लार्जकैप के साथ स्मॉलकैप में भी तेजी देखने को मिली है। इस दौरान बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 18 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। समीक्षा अवधि में बीएसई आईटी और बीएसई हेल्थकेयर इंडेक्स ने 22-22 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बीएसई कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ने 17 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, बीएसई मेटल इंडेक्स और बीएसई रियल्टी इंडेक्स में क्रमशः तीन और एक प्रतिशत की गिरावट हुई है। समीक्षा अवधि में रेफेक्स इंडस्ट्रीज, पीसी ज्वेलर्स, बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज, ग्राविटा इंडिया, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया और न्यूलैंड लेबोरेटरीज ने 100 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। कुछ दिनों पहले वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया था कि वे लंबी अवधि के लिए भारतीय शेयर बाजार पर बुलिश हैं। इसकी वजह जीडीपी में तेज वृद्धि दर का होना है, जिसके कारण कॉरपोरेट आय में भी इजाफा हो रहा है। छोटी अवधि में घरेलू निवेशकों की ओर से किया जाने वाला निवेश भी जारी रहने की उम्मीद है। वहीं, विदेशी निवेशकों की भी वापसी हो सकती है।



**2024-25 में 7.2% की दर से बढ़ने की उम्मीद है**

भारतीय शेयर बाजार में तेजी की वजह अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है। भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। इसके वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस साल की शुरुआत से अब तक निफ्टी करीब 17 प्रतिशत और सेंसेक्स करीब 16 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है।

## अमेजन ने समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' नियुक्त किया

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने मनीष तिवारी के अचानक कंपनी छोड़ने के बाद बुधवार को समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' नियुक्त करने का ऐलान किया है। कंपनी की ओर से आज जारी अपडेट के अनुसार, समीर कुमार 1999 से अमेजन में कार्यरत हैं। वह 1 अक्टूबर से भारत में परिचालन संबंधी जिम्मेदारियां संभालेंगे। कंपनी के अनुसार, "अमेजन के साथ काम करने का 25 साल का अनुभव रखने वाले समीर कुमार अब कंपनी के भारत उपभोक्ता व्यवसाय की देखरेख करेंगे। अमेजन इंडिया के वर्तमान कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कंपनी के बाहर अवसर तलाशने का फैसला किया है। मनीष तिवारी ने जुलाई 2020 से भारत में अमेजन के कामकाज का नेतृत्व किया था। उन्होंने 6 अगस्त को अपना इस्तीफा दे दिया था। मनीष तिवारी के इस्तीफे की वजह यह बताई जा रही है कि उनके और कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल के बीच कई मतभेद थे। अमित अग्रवाल ने एक आंतरिक ईमेल में कहा, "तिवारी ने अमेजन डॉट इन को भारतीयों के लिए ऑनलाइन कुछ भी खरीदने और बेचने का वास्तविक प्रारंभिक बिंदु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह नई भूमिका समीर कुमार के लिए एक अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी, जो पहले से ही मध्य पूर्व, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की में अमेजन के उपभोक्ता व्यवसायों का नेतृत्व कर रहे हैं।



## शेयर बाजार में तेजी का असर, दुनिया में आईपीओ लिस्टिंग में भारतीय कंपनियां सबसे आगे

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दुनिया में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने में भारतीय कंपनियां सबसे आगे हैं। 2024 की पहली छमाही में वैश्विक स्तर पर हुई कुल आईपीओ लिस्टिंग में भारतीय कंपनियों की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत के करीब थी। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वेल्थ मैनेजमेंट फर्म एंजेल वन वेल्थ की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2024 की पहली छमाही में पूरी दुनिया में 5,450 से ज्यादा कंपनियां लिस्ट हुई हैं, इसमें भारत की हिस्सेदारी करीब 25 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल भी भारत में बड़ी संख्या में आईपीओ की लिस्टिंग देखने को मिली थी। इसकी वजह उभरती हुई कंपनियों और सेक्टरों में घरेलू निवेशकों द्वारा बड़ी संख्या में निवेश करना था। वैश्विक स्तर पर 2021 में आईपीओ मार्केट उच्चतम स्तर पर था। इस दौरान पूरी दुनिया में 2,388 कंपनियों की लिस्टिंग हुई और इन सभी ने मिलकर 453.3 अरब डॉलर की राशि जुटाई। यह पिछले 20 वर्षों में आईपीओ के जरिए जुटाई गई सबसे बड़ी राशि थी।



# सभी वर्ग-समुदाय को मिल रहा योजनाओं का लाभ : सीएम

**132/33 केवी ग्रीड सब-स्टेशन संचरण लाईन का लाइट अप किया गया**




**नवीन मेल संवाददाता**

**जामताड़ा।** मुख्यमंत्री ने बुधवार को जामताड़ा के कुंडहित में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में कहा कि राज्य के भीतर हर जाति, समुदाय और हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ राज्य सरकार दे रही है। किसी जाति विशेष के लिए योजनाएं नही बनाई गई है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ भी सभी वर्ग-समुदाय की माताओं-बहनों को मिल रहा है। हमारी सरकार योजनाओं के संचालन में किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है।

इस अवसर पर 132/33 केवी ग्रीड सब-स्टेशन कुण्डहित एवं संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाईन का ऊर्जान्वयन (लाइट अप) किया गया। इस ग्रीड सब-स्टेशन की ऊर्जान्वित क्षमता 2 गुणा 50 एमवीए (100 एमवीए), जिससे कई विद्युत शक्ति उपकेन्द्र जैसे 33 केवी नाला, कुण्डहित, बामनडीहा, फतेहपुर इत्यादि को विद्युत आपूर्ति की जानी है, जिससे लाभान्वित होने वाले प्रखंड नाला, कुण्डहित, बामनडीहा एवं फतेहपुर क्षेत्र के निवासियों को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। ये ग्रीड सब-स्टेशन आगामी 15 से 20 सालों के विद्युत भार को वहन करने में सक्षम है। इस परियोजना के निर्माण में लगभग 82.37 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस नवनिर्मित ग्रीड को विद्युत आपूर्ति जामताड़ा एवं मधुपुर स्थित 132/33 केवी ग्रीड सब-स्टेशन से उपलब्ध कराई जायेगी। इस ग्रीड के ऊर्जान्वयन के उपरान्त करीब 80 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत की आपूर्ति की जा सकेगी, जिससे जामताड़ा जिला के विभिन्न क्षेत्र नाला, कुण्डहित, बामनडीहा एवं फतेहपुर इत्यादि क्षेत्र के लाखों लोग प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे एवं लोवोल्टेज की समस्या से निजात मिल जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने दुमका व जामताड़ा जिले को दी ये सौगातें

मुख्यमंत्री ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में दुमका एवं जामताड़ा जिले को लगभग 875 करोड़ रुपये की सौगात दी, जहां विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं दोनों जिलों के 4,77,715 लाभुकों के बीच लगभग 30697.5 लाख रुपये की परिसंपत्तियां बांटी। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दोनों जिला के विभिन्न पंचायतों के लाभुकों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जामताड़ा जिले के 263734 लाभुकों के बीच 710 करोड़ 57 लाख 23 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया। साथ ही दुमका जिला के कुल 213981 लाभुकों के बीच 164 करोड़ 99 लाख रुपये की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया। इसमें जामताड़ा जिला अंतर्गत 40428.98 लाख रुपये की 275 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं दुमका जिला अंतर्गत 95.74 लाख रुपये की 23 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। मौके पर लाभुकों के बीच 66 एकड़ भूमि का वनपट्टा वितरण हुआ।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर को कई कार्यक्रम आयोजित हुए। इस कड़ी में केंद्रीय मंत्री जयंत सिंह एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पौधरोपण किया। साथ ही रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें लोगों की निःशुल्क जांच की गई एवं मुफ्त में दवाई का वितरण किया गया। साथ ही सफाई कर्मियों एवं जरूरतमंदों के बीच साड़ी एवं पोषण किट का वितरण किया गया। लोगों के बीच मिठाई एवं फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ईश्वर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## बजरंग की जमानत याचिका एटीएस कोर्ट ने की खारिज

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने पटना जंक्शन पर 12 अगस्त को आरपीएफ के द्वारा गिरफ्तार किये गए बजरंग को बेल देने से इंकार कर दिया है। बता दें बजरंग को 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों के अनुसार जब्त की गई राशि पांडे गैंग के सदस्यों द्वारा झारखंड राज्य के विभिन्न कोयला व्यापारियों और ठेकेदारों से जबरन वसूली की गई थी। बजरंग पतरातू के ठाकुर टोला निवासी है। एटीएस कोर्ट के न्यायाधीश की अदालत ने बजरंग की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद उसकी याचिका खारिज कर दी है।

# ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन से एसडीओ ने की जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम स्थित वेयर हाउस से सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी मोनी कुमारी एवं जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया। इस दौरान विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के एईआरओ एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे। रांची जिला अंतर्गत सभी सात विधानसभा क्षेत्र में जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी।



### एसडीओ ने की लोगों से अपील

एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि जागरूकता वाहन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी हासिल करें और अपनी आशंकाओं को दूर करें। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजर से भी प्रमुख स्थानों पर जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों तक मतदान प्रक्रिया की जानकारी पहुंचाने को कहा।

# हाईकोर्ट में खुला स्टेट बार काउंसिल के एक्सटेंशन ऑफिस

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में स्टेट बार काउंसिल के एक्सटेंशन ऑफिस का उद्घाटन विश्वकर्मा पूजा के यानि मंगलवार को हुआ। इस मौके पर हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद समेत हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे। स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण और उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने एक्सटेंशन ऑफिस के उद्घाटन पर खुशी व्यक्त की। कहा कि हाईकोर्ट में एक्सटेंशन ऑफिस खुलने से हाईकोर्ट के वकीलों को काउंसिल से जुड़े काम कराने में काफी सुविधा होगी। हाईकोर्ट के दूसरे टाइपिस्ट ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर पर एक्सटेंशन ऑफिस खोला गया है। बता दें, स्टेट बार काउंसिल के एक्सटेंशन ऑफिस के लिए झारखंड हाई कोर्ट ने बीते 16 सितंबर को ही जगह उपलब्ध करा दी थी। वहीं मंगलवार को इस आफिस का शुभारंभ कर दिया गया। हालांकि स्टेट बार काउंसिल के एक्सटेंशन ऑफिस के लिए कुछ शर्तें भी रखी गई हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू में 53 नेताओं ने...**

आकलन कर रही है जिन्होंने जन मुद्दों पर कांग्रेस के साथ मिलकर आंदोलनों में भागीदारी निभाई है। उन्होंने कहा कि पार्टी सिर्फ चुनावी आकांक्षाओं पर निर्भर नहीं करेगी। उन्होंने कहा किह यह देखा जा रहा है कि टिकट मांगने वाले नेता केवल चुनाव के समय सक्रिय हुए हैं या फिर कांग्रेस के विभिन्न आंदोलनों में उनकी भागीदारी रही है। कांग्रेस ने कई जन मुद्दों पर आंदोलन किए हैं और यात्राएं भी निकाली थीं, जिनमें भागीदारी की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। पलामू जिले में कांग्रेस मुख्य रूप से डालटनगंज, पांकी, विश्रामपुर विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ती रही है। इस बार डालटनगंज से 19 नेताओं ने चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की है। इसके अलावा, पांकी, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद से भी कई नेताओं ने आवेदन प्रस्तुत किया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा इन आवेदनों की समीक्षा के बाद ही अंतिम फैसला लिया जाएगा कि किसे टिकट दिया जाएगा।

**सोन नदी के टीले पर फंसे...**

प्रशासन और मीडिया कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वापस लौटने के बाद नाव पर सवार सभी लोग बेहद खुश थे। उन्होंने प्रशासन के कदम की सराहना की। वापस लौटे लोगों में विनोद चौधरी ने बताया कि टीला पर पानी कम हो गया है। उन्होंने कहा कि जिनके पशु आदि टीला पर है उन्हे देखने के लिए पांच लोग वहां रुक गए हैं। उन्हें किसी तरह का खतरा नहीं है।

**क्या कहते हैं एसडीओ :** हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा ने करीब एक घंटे सोन नदी के देवरी तट पर रेस्क्यू टीम के आने का इंतजार करते रहे। वह लगातार टीम के संपर्क में रहे। उन्होंने आस पास के लोगों को नदी से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती है, तब तक नाव घाट को बंद रखा जाएगा। उन्होंने पुनः किसी को टीला पर जाने को मना किया है। उन्होंने बताया कि माईक से सोन नदी के तटवर्ती इलाके के लोगों को चेतावनी दी जा रही है। उन्होंने देवरी घाट से जुड़े पूर्व मुखिया रामाशंकर चौधरी व मोहन चौधरी की मांग पर एसडीओ ने स्थानीय स्तर पर राहत बचाव टीम गठित करने व उन्हें आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

**पलामू में एनएच-75 पर...**

छानबीन शुरू कर दी। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली किसने चलाई। मामले की जानकारी मिलने पर डीएसपी मणि भूषण प्रसाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोनों घायल व्यक्ति जुआ खेलने के लिए पंड़वा मोड़ की तरफ गए थे। वहां से वापस आते वक्त सिंगरा में दो अपराधियों ने गोली मार दी। जुआ खेलते वक्त किसी व्यक्ति से विवाद होने की बात पूछने पर उन्होंने बताया की ऐसी कोई बात निकाल कर अभी तक सामने नहीं आई हैं।

**एक देश, एक चुनाव को...**

जिससे हमारा देश मजबूत होगा। विपक्ष, खासकर कांग्रेस के इस पहल का विरोध करने के बारे में वैष्णव ने कहा कि समिति को मिली सिफारिशों पर 80 प्रतिशत से ज्यादा खासकर युवाओं ने एक साथ चुनाव कराने का पक्ष रखा है। उन्होंने बताया कि एनडीए सरकार के मौजूदा कार्यकाल में इसे लागू किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि देश में 1951 से 1967 तक एक साथ चुनाव होते रहे हैं। इसके बाद 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि पांच साल में लोकसभा और सभी विधानसभाओं का एक चुनाव होना चाहिए ताकि देश में विकास होता रहे। उन्होंने बताया कि 2015 में संसदीय समिति ने अपनी 79वीं रिपोर्ट में सरकार से दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने के तरीके सुझाने को कहा था। इसके बाद, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया गया और उस समिति ने राजनीतिक दलों, न्यायाधीशों, संवैधानिक विशेषज्ञों सहित हितधारकों के व्यापक स्पेक्ट्रम से व्यापक परामर्श किया। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया और पिछली सरकार के दौरान ही अपनी सिफारिशें दीं।

**रांची में रोज हो रही चेन...**

रोक और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए सरकार विभिन्न विभागों के साथ विचार-विमर्श कर एक एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) बनाएगी। सरकार की ओर से इस मामले में सुझाव पेश करने के लिए समय की मांग की गई। इस पर अदालत ने सरकार को 30 सितंबर तक का समय देते हुए शपथ पत्र के माध्यम से सुझाव पेश करने का निर्देश दिया है।

**राजधानी में रात में जगह-जगह पर औचक निरीक्षण करना हो**

कोर्ट ने रांची एसएसपी को मौखिक तौर पर कहा कि रात में जगह-जगह पर औचक निरीक्षण करना चाहिए। कोई अगर मुसीबत में हो तो हेल्पलाइन का नंबर हमेशा एक्टिव रहना चाहिए, ताकि शिकायत करने पर तुरंत सुरक्षा मिल सके। कोर्ट ने कहा कि हेल्पलाइन नंबर का अधिक से अधिक प्रचार और रांची शहर में सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की दिशा में कदम उठाया जाए। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर अधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की। हाईकोर्ट में यह जनहित याचिका अधिवक्ता भारती कौशल ने दाखिल की है। याचिका में इस वर्ष जनवरी से जून तक महिलाओं से रेप की घटनाओं का जिक्र किया गया है और आंकड़ों के हवाले से बताया गया है कि ऐसे मामलों में पुलिस, प्रशासन एवं सक्षम प्राधिकार का रुख संवेदनशील नहीं है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या – 01/2024-25 दिनांक– 10.09.2024 जिसे PR No. 335506 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, में अपरिहार्य कारणवश आंशिक संशोधत किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 18.09.2024 के स्थान पर 23.09.2024 पढ़ा जाय।
2. निविदा प्राप्त करने की तिथि 19.09.2024 के स्थान पर 24.09.2024 पढ़ा जाय।
3. निविदा खोलने की तिथि 20.09.2024 के स्थान पर 25.09.2024 पढ़ा जाय।
4. प्रखण्ड धुरकी के सीन पर भवनाथपुर पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

PR 335956 NREP (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता
रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**

**अति आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिले में विगत तीन दिनों से लगातार हुई चक्रवातीय भारी वर्षा के कारण तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ पथ, चैनेज 10+200 कि0मी0, ग्राम मेढना (बेलचम्पा) में दानरो नदी पर अवस्थित सेतु (कुल ल0–**13x8 =104** मी0) का **Pier P6, P7 and P8** धँसने से पुल के दो स्लैब टुटकर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। फलस्वरूप उक्त सेतु से आवागमन पूर्णतः बाधित है तथा सुरक्षात्मक कारणों से सभी तरह के वाहनों के आवागमन पर अगले आदेश तक रोक लगाई जाती है। वर्तमान में सभी प्रकार के वाहनों को वैकल्पिक मार्ग के रूप में नवनिर्मित गढ़वा बाईपास **(NH-39)** से आवागमन हेतु प्रयोग में लाया जा सकता है।

असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.335870 Road(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा**

अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/11/2024-25/RE(2nd Call), दिनांक–16.09.2024
PR No 334613 Rural Development(24-25).D

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समुह सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डण्डा | ग्राम–बोगासी में अनिल उपाध्याय के घर से दिनेश उपाध्याय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 464160.00 | 9,300.00 | 750.00 | 02 माह | Group-01 |
| 2 | रंका | ग्राम–पुरेगडा बाजार से छठघाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 664856.00 | 13,300.00 | 1250.00 | 02 माह | Group-02 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–19.09.2024 से दिनांक–25.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–27.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा

PR 335879 Rural Development(24-25)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– 13/2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :– 27/09/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– 28/09/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :– 28/09/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | **कार्य का विवरणः–** | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PROPOSED WATCH TOWER FOR PREMISES IN CIVIL COURT GARHWA UNDER GARHWA DISTRICT FOR THE YEAR 2024-25 | ₹ 21,91,500/- | ₹ 43,900/- | ₹ 5,000/- | 4 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोटः– *Updated Character PAN, GST Return File Latest,* पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 335860 Building (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा**

**CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)**

**PR 335465 Rural Development(24-25):D**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/14/2024-25, PR 335465 Rural Development(24-25):D द्वारा आमंत्रित निविदा के ग्रुप सं0–02 के कंडिका क्रमांक–03 पर अंकित ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–13.09.2024 से दिनांक–20.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक–13.09.2024 से दिनांक–23.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक एवं ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–23.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक–25.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाय। आमंत्रित निविदा के शेष सभी कंडिका यथावत् बनी रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

PR 335875 Rural Development(24-25)#D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj),Address-Sudna, Daltonganj**
**e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**1st Tender Extension Notice**

Due to unavoidable circumstances, Tender invited against NIT No. **148/PR/JUSNL/2024-25** for "Procurement of power supply board/ card, analog and digital card for BCUs at 400/220/132 kV GSS Latehar" is hereby extended as follows :-

| | | |
|---|---|---|
| Last date for sale of tender documents | :- | 28.09.2024 upto 05:00 PM |
| Last date & time of submission of tender document | :- | 30.09.2024 upto 03:00 PM |
| Due date & time of opening of tender document Part-I | :- | 01.10.2024 at 03:30 PM |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 333587

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 335886 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**

**शुद्धि -पत्र**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–EE/ RDSD /LATEHAR/17/2024-25 जिसका PR NO-335306 Rural Development (24-25):D म निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:–

(1) वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि–11.09.2024 के स्थान पर वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि–20.09.2024 पढ़ा जाय।
(2) ई–निविदा प्राप्ति की तिथि 11.09.2024 से दिनांक 18.09.2024के स्थान पर ई–निविदा प्राप्ति की तिथि 20.09.2024 से दिनांक–26.09.2024 पढ़ा जाय।
(3) ई–निविदा खोलने की तिथि–20.09.2024 के स्थान पर ई–निविदा खोलने की तिथि–28.09.2024 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.335929 Rural Development(24-25):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Daltonganj.**

**e-Procurement Notice**
**e-Tender Ref No- 4/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 889**
**Dated:- 13.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | **Strengthening-Widening / Reconstruction of Bishrampur – Mahugai - Itko More road (Total Length = 17.94.km) for the year 2024-25.** |
| 2. | Estimated Cost | **Rs. 51,20,13,110.00 (Rupees Fifty One Crore Twenty Lacs Thirteen Thousand One Hundred Ten) Only.** |
| 3. | Bid Security (Amount) | **Rs. 51,20,200.00 (Rupees Fifty One Lac Twenty Thousand Two Hundred) Only.** |
| 4. | Time of Completion | **18 Months** |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | **25.09.2024, 10:30 AM** |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | **16.10.2024, 12:00 Noon** |
| 7. | Date and Time of Bid opening | **18.10.2024, 12:30 PM** |
| 8. | Pre Bid Meeting Date & Time | **01.10.2024, 15:00 PM** |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | **Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in** |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | **Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.** 06562–225019 |
| 11. | E-mail Id | **eercdmedini-jhr@nic.in** |
| 12. | Helpline number of e Procurement cell | **0651-2401010** |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR.NO.335928 Road(24-25):D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# लेबनान में पेजर स्ट्राइक में 11 की मौत 2800 घायल, 200 गंभीर

एजेंसी

**बेरूत (लेबनान)।** लेबनान पेजर विस्फोट दहल गया है। मंगलवार को हुए इन धमाकों में अब तक 11 लोगों की जान चली गई। आतंकी समूह हिजबुल्लाह के गुर्गों के हजारों पेजर एक साथ फट गए। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य मीडिया को बताया कि इन धमाकों में कम से कम 11 लोग मारे गए और 2,800 से अधिक घायल हुए। अधिकतर पेजर विस्फोट बेरूत के दहिह, दक्षिणी लेबनान के टायर, नबातिह और मरजायून और बेका में हुए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, 2,750 लोगों के घायल होने की सूचना है। इनमें 200 की हालत गंभीर है। घायलों में हिजबुल्लाह के लड़ाके और चिकित्सक शामिल हैं। बताया गया है कि यह धमाके दोपहर 3:45 बजे के बाद से एक घंटे तक लगातार होते रहे। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, कुछ विस्फोट सुपर मार्केट जैसे अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी हुए।

## ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी भी घायल

ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस घटना में लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी भी घायल हुए हैं। आतंकवादी संगठन हिज्बुल्लाह ने पेजर विस्फोट के लिए इजराइल को दोषी ठहराया है। उल्लेखनीय है कुछ महीने पहले ही हिजबुल्लाह नेता हसन नसरुल्ला ने अपने लड़ाकों से स्मार्टफोन का इस्तेमाल न करने की अपील की थी। नसरुल्ला का कहना था कि इजराइल के पास स्मार्टफोन को हैक करने या उसमें से जानकारी निकालने की तकनीक है। समझा जा रहा है कि इस वजह से ही हिजबुल्लाह ने संचार माध्यम को बेहतर बनाने के लिए स्मार्टफोन की जगह पेजर का सहारा लिया। ...और यही पेजर अनेक निदोर्षों की जान के दुश्मन बन गए।

### ताइवान के हैं पेजर

हिजबुल्लाह ने ताइवान की एक कंपनी से पेजर और बीपर्स मंगवाए थे। उनमें बहुत कम मात्रा में विस्फोटक लगाया गया। इजराइल ने मंगलवार को लेबनान में आयात किए गए ताइवान निर्मित पेजर के एक नए बैच के भीतर विस्फोटक सामग्री छुपाकर हिजबुल्लाह के खिलाफ अपना अभियान चलाया।

**क्या है पेजर :** पेजर एक इलेक्ट्रॉनिक मैसेजिंग कम्यूनिकेशन डिवाइस है, जिसका पहली बार इस्तेमाल 1950 में न्यूयॉर्क में किया था। उस दौरान इसकी रेंज काफी कम थी, मगर बाद में इसे बढ़ा दिया गया। 90 के दशक में ये ट्रेंड में आया और इसके इस्तेमाल में काफी इजाफा हुआ। मोबाइल का दौर आया तो दुनिया के अधिकतर देशों में पेजर का उपयोग होना कम हो गया।




### लेबनान पहुंचने से पहले इनमें की गई छेड़छाड़

कुछ अधिकारियों के अनुसार, हिजबुल्लाह ने ताइवान में गोल्ड अपोलो से जो पेजर मंगवाए, उनके लेबनान पहुंचने से पहले ही उनमें छेड़छाड़ की गई। अधिकांश पेजर कंपनी के एपी924 मॉडल के थे। इस शिपमेंट में तीन अन्य गोल्ड अपोलो मॉडल भी शामिल थे। दो अधिकारियों का दावा है कि प्रत्येक पेजर में बैटरी के बगल में एक से दो औंस जितना विस्फोटक पदार्थ लगाया गया। एक स्विच भी लगाया गया, जिसे विस्फोट करने के लिए दूर से चालू किया जा सकता था। ऐसे अभियानों के विशेषज्ञ दो अधिकारियों ने कहा कि लेबनान में दोपहर 3:30 बजे पेजर में एक संदेश आया। समझा गया कि यह संदेश हिजबुल्लाह नेतृत्व का है। मगर इस संदेश ने विस्फोटकों को सक्रिय कर दिया और इसके बाद हुए धमाकों से दुनिया दहल गई।

**हमास का साथ दे रहा है हिजबुल्लाह :** फिलहाल इस घटनाक्रम पर इजराइली सेना ने किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार किया है। उल्लेखनीय है कि हमास ने पिछले साल अक्टूबर में इजराइल पर हमला किया था। इसके बाद गाजा में युद्ध शुरू हो गया। इस युद्ध में हिजबुल्लाह ने अपने सहयोगी हमास के समर्थन में इजराइल के खिलाफ हमले किए।

फोन हैकर से बचना ही का एकमात्र उपाय

## विदेशी या अज्ञात नंबर के किसी कॉल या वीडियो कॉल को न उठाएं, संदिग्ध लिंक को क्लिक न करें

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है। जहानाबाद, नालंदा, जामताड़ा, गिरिडीह के जिलों के नाम तो पहले से ही साइबर ठगी के गढ़ के रूप में जाने जाते हैं। अब इनमें एक और नाम जुड़ गया है वो है हरियाणा का नूह। नूह के पुलिस अधीक्षक का कहना है कि आप स्मार्टफोन व कंप्यूटर के मामले में बेहद सतर्क व चाक-चौबंद व्यक्ति हों, इंटरनेट से कोई अनजान फाइल डाउनलोड नहीं करते, ईमेल में आने वाले संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करते, बहुत जटिल किस्म के पासवर्ड बनाकर रखते हैं, साइबर सुरक्षा के अत्याधुनिक साधनों का इस्तेमाल करते हैं, किसी दूसरे स्रोत से आने वाली फाइलों को पहले एंटी-वायरस से स्कैन करते हैं, फिर भी हालत यह है कि आपका स्मार्टफोन कभी भी हैक किया जा सकता है। हैक का मतलब केवल उसमें घुसपैठ तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसा करने वाले को आपके तमाम टेलीफोन कॉल, कॉन्टैक्ट्स, एसएमएस, फोटो, वीडियो, ईमेल, पासवर्ड व एप्लीकेशनों तक की एक्सेस मिल सकती है। और आपकी हर प्राइवेट व पब्लिक गतिविधियां उस हैकर की नजर में होगी। यही नहीं वह दूर से ही आपके फोन के जरिए किसी को फोन भी कर सकता है। इससे बचने का एक खास तरीका यही है कि विदेशी नंबर व किसी अज्ञात व्यक्ति के नंबर से आई या किसी अज्ञात नंबर के किसी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल को न उठाएं। न ही व्हाट्सएप या ईमेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक को क्लिक करें। क्योंकि ऐसा करने से आपका स्मार्टफोन हैक हो सकता है और आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के बहुत से प्रभावशाली लोगों के स्मार्टफोन भी हैक हुए हैं।

**स्पाइवेयर पेगासस भी इसी तरह करता है काम :** आज कल जिस पेगासस नाम के स्पाइवेयर की चर्चा है वह ठीक यही करता है। यदि आप भी व्हाट्सएप के जरिए टेलीफोन कॉल व वीडियो कॉल करते हैं तो सावधान हो जाएं। इसी सुविधा में मौजूद एक तकनीकी खामी का फायदा उठाकर यह स्पाइवेयर आपके स्मार्टफोन को हैक कर लेता है फिर भले ही आपका फोन आईफोन हो या कोई एंड्रॉइड फोन। उन्होंने आगे कहा कि वह किसी भी तरह आपको लिंक पर क्लिक करने के लिए प्रेरित करेगा, जैसे ही आप लिंक पर क्लिक करेंगे पेगासस फोन में बिना पता चले इंस्टॉल हो जाता है। इसके बाद पेगासस हैकर से संपर्क करता है और कमांड देना शुरू कर देता है। वह आपके कैमरे और माइक्रोफोन को भी ऑन कर सकता है, जिससे वह आसपास की गतिविधियों को देख सके।

इस हैकर को पकड़ना असंभव है। जहां तक पेगासस की बात है तो यह इजराइल सरकार व वहां की कंपनी की भागीदारी वाली कंपनी द्वारा बनाया गया स्पाईवेयर है। जिसको किसी देश की सरकार ही खरीद सकती है। आई फोन ने भारत के तमाम नेताओं को उनके आई फोन न पर पेगासस अटैक की सूचना दी थी। जिसको लेकर विपक्षी दलों ने केन्द्र सरकार पर विपक्षी दलों के नेताओं की खुफियागिरी करने का आरोप लगाया था।

# राहुल को आतंकवादी कहने पर केंद्रीय मंत्री समेत चार की पुलिस में शिकायत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने वाले चार नेताओं के खिलाफ कांग्रेस ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जिन नेताओं के खिलाफ शिकायत दी गई है उनमें रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू , तरविंदर सिंह मारवाह, रघुराज सिंह और शिव सेना-शिंदे विधायक संजय गायकवाड़ शामिल हैं। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने बुधवार सुबह दिल्ली के तुगलक रोड थाने में यह शिकायत दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी के एक नेता ने दिल्ली में पिछले सप्ताह राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी है। माकन के मुताबिक, भाजपा नेता ने कहा था कि राहुल गांधी संभल जाओ नहीं तो आपका भी वही हाल हुआ होगा जो आपकी दादी का हुआ था। तुगलक रोड पुलिस थाने के बाहर मौजूद अजय माकन ने मीडिया से कहा, हम सभी जानते हैं कि इंदिरा गांधी जी ने अपनी सीने पर 34 गोलियां खाई थीं और शहीद हुई थीं। राजीव गांधी ने शांति वार्ता शुरू की थी, इस वजह से उनके शरीर के चिथड़े उड़ा दिए गए। राहुल गांधी के परिवार ने देश के लिए शहादत दी और आज राहुल गांधी को यह कहा जाता है कि आप संभल जाओ वरना आपका भी वही हाल होगा।

अमेरिका में राहुल के बयान पर बवाल



### शिवसेना सांसद ने जुबान काटने पर 11 लाख रुपए देने की घोषणा की थी

माकन का कहना था कि भारत के अंदर राजनीति इससे नीचे नहीं गिर सकती। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने न तो इस बयान की निंदा की, न ही इसके खिलाफ कोई कार्रवाई की। उन्होंने कहा, इसके बाद भाजपा के सहयोगी दल के नेता ने कहा कि जो राहुल गांधी की जुबान काटेगा उसको 11 लाख रुपये मिलेंगे। अजय माकन ने कहा कि भारत सरकार के एक मंत्री ( रवनीत सिंह बिट्टू ) ने राहुल गांधी को इसलिए आतंकवादी कह दिया क्योंकि राहुल गांधी जो बातें बोल रहे हैं, वह उनको पसंद नहीं। इसलिए आज हमने पुलिस में शिकायत दी है, ताकि इन लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

### सिख समाज पर राहुल का बयान भड़काऊ व अपमानजनक : भाजपा

सिख समाज पर राहुल गांधी के बयान पर भाजपा लगातार हमलावर है। बुधवार को भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि सिख समाज को भड़काने और उनका अपमान करने वाला बयान राहुल गांधी की पारिवारिक विरासत है। इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक कांग्रेस ने सिखों को सिर्फ तिरस्कृत किया और उनके साथ हिंसा की। बुधवार को एक्स प्लेटफार्म पर अमित मालवीय ने कहा कि भारत में किस सिख को पिछले दशक में या 1990 के दशक से भाजपा शासित राज्यों में पगड़ी या कड़ा पहनने पर परेशानी का सामना करना पड़ा है।

### कांग्रेस के प्रदर्शन पर रवनीत बिट्टू का जवाब पूछा- क्या यही है मोहब्बत की दुकान

केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने भाजपा नेताओं के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर पलटवार करते हुए कहा कि पार्टी अपनी पुरानी चाल पर लौट आई है। बिट्टू ने बुधवार को ट्वीट करके कहा कि गांधी परिवार का पदार्फाश करने वाले को आगजनी और हिंसा की धमकियां दी जाती हैं, जो 1984 के सिख दंगों की याद दिलाती हैं। बिट्टू ने सवाल किया है कि क्या इसे ही राहुल गांधी अपनी 'मोहब्बत की दुकान' कहते हैं? उल्लेखनीय है कि केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयानों पर सवाल उठाते हुए आतंकवादी कह डाला था। इसके बाद भाजपा के एक और नेता ने रवनीत बिट्टू के बयान का समर्थन किया था। कांग्रेस कार्यकर्ता इस बयान से आगबबूला हैं और आज दिल्ली से लेकर हैदराबाद तक इसके विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं।

## एजुकेशन/करियर

बैचलर ऑफ फैशन डिजाइन या बीएफडी फैशन डिजाइनिंग में एक अंडरग्रेजुएट डिग्री कोर्स है। संस्थान के आधार पर कोर्स की अवधि या तो तीन या चार साल है। बैचलर ऑफ फैशन डिजाइनिंग कोर्स छात्रों को फैशन उद्योग की समग्र समझ के साथ-साथ डिजाइनिंग के तरीके, तकनीक और टेक्नोलॉजी की शिक्षा प्रदान करता है, जिसमें इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग भी शामिल है। इसके अलावा, इस डिग्री प्रोग्राम में फ़ैशन डिज़ाइनिंग विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है जैसे फ़ैब्रिक साइंस एंड एनालिसिस, फ़ैशन आर्ट एंड डिज़ाइन, विज़ुअल मर्चेंडाइज़िंग, टेक्सटाइल डिज़ाइन, टेक्सटाइल्स का इतिहास, पैटर्न मेकिंग, फैशन मार्केटिंग और मर्चेंडाइजिंग इत्यादि।

# बैचलर ऑफ फैशन डिजाइन कर बना सकते हैं अपना करियर



### भारतीय संस्थान

भारत में फैशन डिजाइनिंग में बैचलर ऑफ की पेशकश करने वाले कुछ बेहतरीन कॉलेजों की लिस्ट नीचे दी गई हैं-

- एनएमआईएमएस मुंबई
- एसआरएम विश्वविद्यालय
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी
- शारदा विश्वविद्यालय
- मणिपाल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट
- अंसल विश्वविद्यालय
- एमिटी विश्वविद्यालय
- जीडी गोयनका विश्वविद्यालय
- पीईएस विश्वविद्यालय
- मेवाड़ विश्वविद्यालय

### स्किल्स

यहां उन प्रमुख कौशल और दक्षताओं की सूची दी गई है जिन्हें आप बैचलर ऑफ फैशन डिजाइनिंग जैसे कोर्स के माध्यम से विकसित कर सकते हैं-

- उत्कृष्ट रचनात्मक कौशल
- ओरिजिनलिटी और इनोवेशन
- विस्तार पर ध्यान
- रंग विषयों का ज्ञान और विभिन्न त्वचा टोन के लिए उनकी उपयुक्तता
- फैशन डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर का ज्ञान
- विजुअल इंटेलीजेंस
- ग्लोबल फैशन इंडस्ट्री का मूलभूत ज्ञान
- संचार कौशल

### बैचलर ऑफ फैशन डिजाइनिंग क्यों करें

- बैचलर ऑफ फैशन डिजाइन (फैशन डिजाइनिंग) एक ऐसा कोर्स है जो केवल आर्ट्स ही नहीं बल्कि विज्ञान, कॉमर्स, एग्रीकल्चर सहित अन्य सभी स्ट्रीम के छात्रों को कोर्स करने का अवसर प्रदान करता है।
- •यह कोर्स उन छात्रों के लिए एकदम सही है, जिनके पास रचनात्मक दिमाग और फैशन सेंसिबिलिटी है।
- •यह कोर्स छात्रों को सभी क्रिएटिव और एंटरप्रेन्योर स्किल्स से परिपूर्ण करता है जो उन्हें फैशन उद्योग में रोजगार के लिए एक आदर्श उम्मीदवार बनाता है।
- •यह कोर्स छात्रों को एक सक्षम डिग्री प्रदान करता है जो उन्हें अपना खुद का फैशन हाउस खोलने के योग्य बनाता है। इसके जरिए वे अपनी फैशन क्रिएटिविटी का भरपूर उपयोग और प्रदर्शन कर सकते हैं।
- •हमेशा बदलने वाला फैशन उद्योग अवसरों से भरा है। इस कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, छात्र विभिन्न जॉब प्रोफाइल के माध्यम से फैशन उद्योग में शामिल होने के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। ये नौकरी की संभावनाएं अक्सर शानदार वेतन पैकेज प्रदान करती हैं।
- यह कोर्स भविष्य में फैशन के क्षेत्र में उन्नत अध्ययन और रिसर्च जैसे करियर की संभावनाओं को भी खोलता है। छात्र अपनी पीएचडी या शोध करने से पहले इस क्षेत्र में मास्टर डिग्री हासिल कर सकते हैं। वे विदेशों में भी पढ़ और काम कर सकते हैं।